20 दिसंबर, 2024
पौष, कृष्ण पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 62




# संसद परिसर में शर्मनाक घटना, धक्का मुक्की में भाजपा सांसद का सिर फटा

## घटना पर कांग्रेस और भाजपा आमने-सामने, एक-दूसरे पर लगाया आरोप



- भाजपा ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करायी
- कांग्रेस ने भी भाजपा सांसदों के खिलाफ शिकायत की

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** संसद परिसर में गुरुवार सुबह एक शर्मनाक घटना हुई। कांग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच धक्का-मुक्की में एक भाजपा सांसद का सिर फट गया, तो एक अन्य भाजपा सांसद घायल हो गये। इस घटना को लेकर कांग्रेस और भाजपा दोनों आमने-सामने हैं। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कांग्रेस ने लोकतंत्र को कुचला है। वहीं, प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि अडाणी मुद्दे से ध्यान भटकाने की भाजपा की स्ट्रेटजी है। दरअसल, संसद में गुरुवार सुबह इंडिया ब्लॉक अंबेडकर पर दिये गृह मंत्री अमित शाह के बयान के खिलाफ प्रदर्शन कर रहा था। भाजपा सदस्य भी अमित शाह के पक्ष में प्रदर्शन कर रहे थे। इसी दौरान भाजपा और कांग्रेस सांसद आमने-सामने आ गये। इस घटना के बाद ही धक्का-मुक्की शुरू हुई। इसमें ओड़िशा के बालासोर से भाजपा सांसद प्रताप षाड़ंगी घायल हो गये। उनका सिर फट गया। उन्होंने सीधा-सीधा आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने एक सांसद को जोर से धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा। इससे वे नीचे गिर गये और उनका सिर फट गया। सांसद षाड़ंगी जब मीडिया के सामने आये, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। षाड़ंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आयी है। दोनों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाया और धक्का-मुक्की की। संसद के मेन गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया। घटना के बाद भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल गांधी के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवायी है। दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से धक्का-मुक्की करने और खराब व्यवहार किये जाने की शिकायत दर्ज करायी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी कहा कि मेरे और प्रियंका के साथ धक्का-मुक्की की गयी। खड़गे ने कहा कि धक्का लगने से उनके घुटने में चोट आयी है।

## न्यूज रील्स

### सपा सांसद पर बिजली चोरी की एफआइआर कनेक्शन काटा

**संभल।** संभल में सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली चोरी का केस दर्ज किया गया है। उनके पिता ममलूकुर्रहमान बर्क के खिलाफ बिजली विभाग के अफसरों को धमकाने का केस हुआ है। बिजली विभाग की टीम गुरुवार को पुलिस फोर्स के साथ सांसद बर्क के घर पहुंची और बिजली का कनेक्शन काट दिया। बिजली विभाग की टीम गुरुवार सुबह फोर्स के साथ दीपासराय मोहल्ले में स्थित सांसद बर्क के घर पहुंची थी। वहां करीब एक घंटे तक एसी-फ्रीज के अलावा अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण की गिनती की और बिजली खपत की जांच की। जांच में बर्क के घर पर 16 किलोवाट बिजली की खपत मिली। एइ विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि लैब में मीटर की जांच रिपोर्ट में दोनों पुराने मीटरों में छेड़छाड़ करके बिजली चोरी की बात सामने आयी।

## राहुल गुंडा जैसा व्यवहार कर रहे थे: भाजपा




**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेस कर कहा कि संसद के बाहर कांग्रेस के सांसदों द्वारा जो कुछ हुआ, वह अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार था। राहुल गांधी जानबूझ कर सांसदों के पास गये। वह गुंडा जैसा व्यवहार कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विरोध प्रकट करने का अधिकार है। कांग्रेस भी कई दिनों से ऐसा कर रही थी। मुख्य द्वार पर उनके सदस्य खड़े होते थे, हम दरवाजा बदल लेते थे या चुपचाप चले जाते थे। आज जब भाजपा सदस्य वहां विरोध कर रहे थे, तब राहुल आये। सुरक्षाकर्मियों ने कहा कि आप स्पेस का इस्तेमाल अंदर जाने के लिए करें। जानबूझ कर, सोच समझ कर राहुल हमारे सांसदों के बीच पहुंच गये। उन्होंने ऐसा व्यवहार किया। कोई भी उनसे धक्का-मुक्की, गुंडागर्दी की कल्पना कर सकता है। हमारे बुजुर्ग-गरीब सांसद षाड़ंगी जी गिर गये। इसके कारण उनके माथे पर गंभीर चोट लगी।

राजपूत होश में नहीं थे। उनकी एमआरआइ की जा रही थी। क्या देश में अब ऐसा ही होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने डेमोक्रेसी को कलंकित करने का पाप किया है। इसके लिए देश उन्हें माफ नहीं करेगा। कांग्रेस पहलवान, गुंडे, उठा कर पटकने वाले चुन रही है। यह शर्मनाक है। हमारे सांसदों ने इसकी शिकायत भी की है। जो उचित और वैधानिक कार्रवाई होगी, भाजपा करेगी।

## भाजपा ने मसल पावर दिखाया: कांग्रेस



**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस मुख्यालय में राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम शांति से प्रदर्शन करने आये थे, लेकिन भाजपा ने मसल पावर दिखाया। ये उनका अडाणी जैसे जरूरी मुद्दों से ध्यान भटकाने का तरीका है। खड़गे ने कहा कि प्रधानमंत्री जी और हमारे होम मिनिस्टर अंबेडकर पर जो बयान दे रहे हैं, वो दुखदायक है। आप फैक्ट देखे बिना बोल रहे हैं। जांच तो कर लें कि फैक्ट्स क्या हैं। उसके बाद आप नेहरू जी को गालियां दें, अंबेडकर को अपमानित करें। उन्होने कहा कि हम शांति से प्रोटेस्ट करने आये थे, लेकिन उन्होंने (भाजपा) मसल पावर दिखाया। हमारे ऊपर हमला किया।

मुझे भी धक्का दिया, मैं बैलेंस नहीं संभाल सका और नीचे बैठ गया। हमने ना धक्का दिया ना कुछ किया। वो हम पर आरोप लगाते जा रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी ने कहा कि ये भाजपा की स्ट्रैटजी रही है कि संसद में अडाणी पर कोई चर्चा न हो। उसी के लिए अलग-अलग तरह से ध्यान भटकाने की कोशिश करते हैं। भाजपा अंबेडकर और संविधान के खिलाफ है। हमने गृह मंत्री का इस्तीफा मांगा, तो इन्होंने नया डिस्ट्रैक्शन शुरू किया।

## झारखंड में 10 बीज ग्राम की होगी स्थापना : शिल्पी नेहा

**मडुवा उत्पादन करनेवाले 1400 किसानों के खाते में भेजी गयी तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड में कृषि विभाग 10 बीज ग्राम की स्थापना करेगा। इसका उद्देश्य उन्नत बीज के साथ-साथ राज्य में बीज की कमी को पाटना है। इसके लिए पश्चिम सिंहभूम, चतरा और लातेहार के 10 गांव के साथ एमओयू किया गया। रांची के हेसाग स्थित पशुपालन भवन में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने विभागीय समीक्षा के बाद ये जानकारी दी।

मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि राज्य में अच्छे बीज की हमेशा से कमी रही है। इसके साथ ही डिमांड के अनुरूप राज्य में बीज उपलब्ध नहीं हो पाता है। इस बात को ध्यान में रखते हुए कृषि विभाग ने 10 अलग-अलग गांव को बीज ग्राम के तौर पर विकसित करने का निर्णय लिया है। मडुवा का उत्पादन करने वाले राज्य के 1400 किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम राशि हस्तांतरित की गयी। राज्य सरकार मडुवा की खेती करने वाले किसानों को तीन हजार रुपये प्रति एकड़ की दर से राशि का भुगतान करती है।

## अबुआ आवास योजना को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा : दीपिका पांडेय

**लाभुकों को तीसरी किस्त भेजने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि अबुआ आवास योजना को प्राथमिकता से पूरा किया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को वर्ष 2023-24 में स्वीकृत आवास के लाभुक, जिन्होंने ढलाई तक काम कर लिया है, उन्हें तीसरी किस्त जारी करने का निर्देश दिया, ताकि लाभुकों का समय पर घर का निर्माण पूरा हो सके। मंत्री गुरुवार को विभाग की फ्लैगशिप योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। बैठक में मनरेगा को लेकर भी चर्चा हुई। भारत सरकार के पास मनरेगा के मद में राशि बकाया होने की बात सामने आयी। इस पर निर्णय लिया गया कि जल्द ही भारत सरकार से बकाया मजदूरी का पैसा लेने के लिए कदम उठाया जायेगा, ताकि गरीब मजदूरों को उनके काम के बदले पैसा समय पर मिल सके। मंत्री ने बताया कि जेएसएलपीएस से कैसे आजीविका संवर्धन को बढ़ाया जाये, इस पर विस्तृत चर्चा की गयी। महिलाओं को रोजगार देने के माध्यमों को और बढ़ाया जायेगा।

### इडी का दावा, मणिपुर में बैन उग्रवादी संगठन फंड जुटा रहा

**इंफाल (आजाद सिपाही)।** मणिपुर के इंफाल में बैन उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ) के सदस्य आम लोगों और व्यापारियों से अवैध वसूली कर फंड जुटा रहे हैं। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने गुरुवार को दावा किया कि जांच से बचने के लिए ये रकम कैश में ली जाती है। इडी ने बताया कि प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत की गयी जांच में सामने आया है कि हथियारबंद यूएनएलएफ के सदस्य नेशनल हाइवे पर अवैध टोल नाके बनाकर वसूली कर रहे हैं। इस फंड का इस्तेमाल संगठन के सदस्यों की ट्रेनिंग, हथियार खरीदने, कैम्प लगाने में किया जा रहा है।

## उप-राष्ट्रपति के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव खारिज

**राज्यसभा के उप-सभापति बोले, यह धनखड़ की छवि खराब करने की कोशिश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के खिलाफ विपक्ष की तरफ से लाये गये अविश्वास प्रस्ताव को उप-सभापति हरिवंश ने खारिज कर दिया है। सूत्रों के मुताबिक, उप-सभापति ने कहा कि यह नोटिस विपक्ष का गलत कदम है, जिसमें बहुत खामियां हैं और जो सिर्फ सभापति की छवि खराब करने के मकसद से लाया गया है। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि महाभियोग का नोटिस देश के संवैधानिक संस्थानों को बदनाम करने और वर्तमान उपराष्ट्रपति की छवि धूमिल करने की साजिश का हिस्सा है।

गौरतलब है कि संसद के शीतकालीन सत्र के 10वें दिन (10 दिसंबर) विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था।

विपक्षी सांसदों ने राज्यसभा के जनरल सेक्रेटरी पीसी मोदी को धनखड़ के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया था। पीसी मोदी ने ही गुरुवार को उप-सभापति का जवाब सदन में रखा।




## सुप्रीम कोर्ट ने जगजीत सिंह के स्वास्थ्य पर पंजाब सरकार को लगायी फटकार

**किसान नेता 21 दिन से भूख हड़ताल पर हैं, गुरुवार को हालत बिगड़ी, हुए बेहोश**

आजाद सिपाही संवाददाता



**नयी दिल्ली।** खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की स्वास्थ्य स्थिति पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को कड़ी फटकार लगायी है। अदालत ने राज्य सरकार से सवाल किया कि क्यों अब तक डल्लेवाल की चिकित्सा जांच सुनिश्चित नहीं की गयी। न्यायालय ने कहा कि किसानों को विरोध प्रदर्शन करने से कोई नहीं रोक रहा है, लेकिन उनके नेता की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर चिंता जायज है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि डल्लेवाल के ठीक होने के बाद ही उनके साथ बात की जायेगी। शीर्ष अदालत ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को कम से कम एक सप्ताह तक इलाज कराने के लिए राजी करें और अन्य लोग प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। कोर्ट ने कहा कि कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है, केवल उनके नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। गौरतलब है कि डल्लेवाल पिछले 21 दिनों से एमएसपी की मांग को लेकर भूखहड़ताल पर बैठे हैं। अदालत ने बुनियादी चिकित्सा परीक्षण किये बिना ही डल्लेवाल के ठीक होने की बात कहने वाले पंजाब सरकार के चिकित्सकों के बयान का उल्लेख किया। पीठ ने पूछा, 70 वर्षीय एक व्यक्ति जो और विभिन्न बीमारियों से पीड़ित है, उसका स्वास्थ्य ठीक है? यह कैसे हो सकता है? क्या आपने उसका रक्त परीक्षण, ईसीजी परीक्षण और आवश्यक जांच कराई है? न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि जब हम खुद संतुष्ट हो जायेंगे कि वह सुरक्षित हैं, तो अदालत उनसे (जगजीत सिंह डल्लेवाल) बात करेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 70,900 रु./10 ग्राम
चांदी 90,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


# कांग्रेस ने अमित शाह के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन, फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस ने गुरुवार को अल्बर्ट एक्का चौक पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के अपमान का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के नेतृत्व में कांग्रेस भवन से विरोध मार्च निकाला गया। इसके बाद नारेबाजी करते हुए सभी कार्यकर्ता अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचे और पुतला दहन किया।

मौके पर प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संविधान भारत के लोकतंत्र की आत्मा है जिसके शिल्पकार डॉ भीमराव अंबेडकर हैं। ऐसे महान विभूति को अपमानित करना लोकतंत्र के पीठ में खंजर घोंपने के समान है। कांग्रेस संविधान और दलित-पिछड़ों के साथ देश के हर वर्ग-समाज के नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए कृत संकल्प है। इस अवसर पर राकेश सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी राजीव रंजन प्रसाद,रविंद्र सिंह, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आभा सिन्हा, अमूल्य नीरज खाल को ,आलोक कुमार दूबे, सोनाल शांति,केदार कमल ठाकुर, डॉ0 राजेश गुप्ता, अभिलाष साहु, डॉ राकेश किरण महतो, डॉ कुमार राजा, हुसैन खान, योगेन्द्र सिंह बेनी, रोहित सिन्हा, राजन वर्मा, वशिष्ठ लाल पासवान सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजयुमो ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

**राहुल गांधी को देश से माफी मांग कर इस्तीफा देना होगा इससे कम कुछ नहीं : भारतीय जनता युवा मोर्चा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** लोकसभा के सांसद प्रताप चंद्र सारंगी को संसद में राहुल गांधी के द्वारा घायल करने को लेकर शुक्रवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा रांची महानगर अध्यक्ष रोमित नारायण सिंह के नेतृत्व में रांची यूनिवर्सिटी के पास बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने हाथों में कटआउट्स लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए राहुल गांधी का पुतला जलाया गया। मौके पर वरुण साहू ने कहा कि राहुल गांधी ने लोकतंत्र की हत्या की है, इसको किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसको लेकर गुरुवार को भाजपा के कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला दहन किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सदन में घड़ियाली आंसू बहा रही है।

इस मौके पर शशांक राज ने कहा कि राहुल गांधी ने फिर से एक बार लोकतंत्र को शर्मसार किया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि किसी सांसद ने दूसरे सांसद को धक्का देकर घायल कर दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस देश को बरगलाने का काम कर रही है, लेकिन देश की जनता सब कुछ समझती है और किसी भी कीमत पर राहुल गांधी की हरकत को बर्दाश्त नहीं करेगी। इसके चलते लोगों में गुस्सा है।

मौके पर रोमित नारायण सिंह ने कहा कि राहुल गांधी का मानसिक दिवालियापन का नतीजा है, जो एक सांसद ने दूसरे सांसद को धक्का देकर घायल कर दिया है। राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी ने हमेशा से ही दलितों और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को अपमानित करने का काम करती है। राहुल गांधी हमेशा लोगों को अपमानित करते रहते हैं। भाजपा और देश किसी भी कीमत पर इसको बर्दाश्त नहीं करेगी। राहुल गांधी को देश से माफी मांगना पड़ेगा और इस्तीफा से कम बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, ओम प्रकाश, जितेंद्र वर्मा, बलराम सिंह, राजू सिंह, जितेंद्र सिंह पटेल, संजय महतो, प्रिंस कुमार, ललित ओझा, संजय जायसवाल, बबन बैठा, सचिन साहू, रोहित सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, रणधीर सिंह,राम लगन राम, विनोद महतो, सनी सिंह, उज्जवल मिश्रा, रौनक राजपूत, शिवम सिंह, रोहित राज पांडे, मोहन ओझा सहित बड़ी संख्या में युवा शामिल हुए।

# चाईबासा दुष्कर्म मामले में फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित कर दोषी को सजा दिलायें : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा में नाबालिग के साथ हुए दुष्कर्म और फिर ईलाज के दौरान उसकी मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार बहन बेटियों की सुरक्षा करने में असफल है। यह सरकार महिला सम्मान का केवल दिखावा ढोंग करती है। मरांडी ने कहा कि चाईबासा में नाबालिग छात्रा के साथ दुष्कर्म की घटना और ईलाज के दौरान पीड़िता के निधन की सूचना से मन अत्यंत व्यथित है। कहा कि झारखंड में महिलाओं के खिलाफ हैवानियत की हदें पार हो चुकी है। ऐसे जघन्य कृत्य को रोकने की बजाय हेमंत सोरेन की सरकार अपनी नाकामी छुपाने में लगी हुई है। मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उक्त मामले को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजकर आरोपी को कठोरतम सजा दिलाने की पहल करें। साथ ही, महिला मंत्री, पुलिस पदाधिकारी और कल्याण विभाग के निदेशक को पीड़िता के परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी लेने और उचित सहायता प्रदान करने के लिए निर्देशित करें।

# गिरिडीह नगर निगम की टोल टैक्स वसूली पर रोक

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** गिरिडीह में नगर निगम द्वारा की जा रही टोल टैक्स वसूली पर झारखंड हाइकोर्ट ने रोक लगा दी है। हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस दीपक रौशन की बेंच ने यह आदेश दिया है। हाइकोर्ट ने गिरिडीह नगर निगम को तत्काल प्रभाव से इस आदेश को लागू करने का निर्देश दिया है। अदालत ने अपने इस आदेश की कॉपी नगर विकास विभाग के मुख्य सचिव, गिरिडीह जिले के डीसी, गिरिडीह नगर निगम के नगर आयुक्त और गिरिडीह एसडीएम को भी देने का कहा है। दरअसल गिरिडीह नगर निगम द्वारा टोल टैक्स वसूली के खिलाफ मोंगिया स्टील ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। उसी याचिका पर सुनवाई हुई।

# राहुल गांधी ने भारतीय लोकतंत्र की गरिमा को तार-तार किया: संजय सेठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची से भाजपा सांसद एवं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि उन्होंने गुरुवार को भारतीय लोकतंत्र को तार-तार कर दिया। यह प्रतिक्रिया उन्होंने संसद परिसर में हुई एक घटना के संदर्भ में दिया, जिसमें भाजपा के वरिष्ठ सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत के साथ धक्का मुक्की की गयी, जिसमें उन्हें चोटें आयी। संजय सेठ ने इस घटना की निंदा करते हुए एक बयान में कहा कि राहुल गांधी निराश और हताश हैं। ये वही लोग हैं, जो संविधान का सम्मान नहीं करते और आज का ये ताजा उदाहरण सबके सामने है। उन्होंने कहा कि इस तरह का व्यवहार लोकतंत्र के लिए एक काला दिन है और भारतीय संसद में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि दो वरिष्ठ सांसदों के साथ धक्का देकर जो हुआ, उसकी जितनी भी निंदा की जाये, कम है।

# ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है: राज्यपाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि क्रिसमस का पर्व प्रभु ईसा मसीह का जीवन प्रेम, करुणा और सेवा का संदेश देता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची खुशी दूसरों की सेवा और आत्मीयता में निहित है। राज्यपाल गुरुवार को डोरंडा स्थित संत जेवियर्स स्कूल में 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

राज्यपाल ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें। उन्होंने क्रिसमस के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह पर्व हमें सिखाता है कि चाहे परिस्थितियां कैसी भी हों, सत्य, ईमानदारी और परोपकार के मार्ग पर चलना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि सच्ची सफलता व्यक्तिगत उन्नति में नहीं, बल्कि समाज और मानवता की सेवा में है। राज्यपाल ने संत जेवियर्स स्कूल परिवार को 'क्रिसमस सेलिब्रेशन' के सफल आयोजन के लिए बधाई दी और सभी को क्रिसमस और नववर्ष 2025 की शुभकामनाएं दीं।

# भारतीय भाषा दिवस पर आभाषी बैठक

**सुब्रमण्यम भारती तमिल कवि के साथ-साथ उत्तर- दक्षिण भारत के बीच एकता सेतु का किया कार्य : डॉ विजय**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के तत्वावधान में बुधवार को भारतीय भाषा दिवस की आभाषी बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में बतौर मुख्य वक्ता झारखंड प्रदेश स्थित शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के क्षेत्रीय प्रमुख सह सरला बिरला विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ विजय कुमार सिंह ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती का जन्म 11 दिसंबर 1882 में हुआ। उनकी रचनाएं देशभक्ति की भावना पर आधारित थी। देशभक्ति की भावना से प्रभावित होकर दक्षिण भारत के लोग काफी संख्या में आजादी की लड़ाई में शामिल हुए। वे एक तमिल कवि थे, उनको महाकवि भारतियार के नाम से भी जाना जाता है। वे कवि के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के सेनानी, समाज सुधारक एवं पत्रकार के एवं उत्तर- दक्षिण भारत के बीच एकता सेतु का कार्य किया। क्षेत्रीय प्रमुख ने कहा कि उनका जन्म दिन 11 दिसंबर है, इसी को लेकर 18 दिसंबर को आभाषी बैठक आयोजित की गयी। उन्होंने कहा कि मां, मातृभाषा एवं मातृभूमि का कोई विकल्प नहीं है। देशवासी अपनी मातृभाषा पर गौर गौरवांवित होते हैं। वर्तमान में सभी भाषाएं विलुप्त होती जा रही है। अंग्रेजी का महत्व बढ़ता जा रहा है। हम अपनी भाषा को नहीं बोलते हैं, जो गंभीर समस्या है। हिंदी बोलने वालों की संख्या 35 फीसदी है। चीन एवं इसराइल जैसे देश अपनी भाषा को लेकर चल रहे हैं। हमें ऐसे देशों से प्रेरणा लेने की जरूरत है।

बैठक में दूसरे वक्ता के रूप में एलएस कॉलेज मुजफ्फरपुर के विभागाध्यक्ष डॉक्टर राजीव कुमार झा ने कहा कि मातृभाषा हमारी पहचान है। संकट में हमारी भाषा ही मजबूती देती है। तुलसीदास संस्कृत के विद्वान थे, परंतु उन्होंने रामायण को मातृभाषा में लिखा। जबतक समस्त मातृभाषा का विकास नहीं होगा तबतक हम मजबूत नहीं होंगे। बहुभाषिकता की ओर बढ़ने पर अपनी भाषा के साथ दूसरे भाषाओं को विकसित करना होगा। तीसरे वक्ता के रूप में रांची कॉलेज के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ वीएन पांडेय ने कहा कि सुब्रमण्यम भारती ने भारतीय भाषाओं को संवारने का कार्य किया। वा बहुमुखी एवं समाज सुधारक भी थे। चौथे वक्ता राजेश्वर प्रसाद ने कहा कि हम महान कवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती की याद में भारतीय भाषा दिवस का आयोजन करते हैं। उन्होंने भारतीय शब्दावली पर बल दिया। आभाषी बैठक का संचालन सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्राध्यापक राधा मोहन झा मंत्रोच्चारण कर किया।

बैठक का समापन शांति मंत्र के साथ किया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से झारखंड राय विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ पीयूष रंजन समेत अमरकांत झा, संयोजक बालेश्वर नाथ पाठक, जंग बहादुर, राधा मोहन झा, डॉ सरोज रंजन, सोनी तिवारी, बीएन सिंह समेत सदस्य उपस्थित थे।

## उषा मार्टिन माइनिंग गड़बड़ी

# तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान को सशर्त जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची सीबीआइ की विशेष कोर्ट में तत्कालीन खनन निदेशक इंद्रदेव पासवान ने सरेंडर कर दिया। उसके बाद अदालत ने उन्हें सशर्त बेल दे दी। कोर्ट ने उन्हें 25-25 हजार के दो निजी मुचलके और पासपोर्ट जमा करने की शर्त पर जमानत की सुविधा प्रदान की है। उन पर वर्ष 2005 में उषा मार्टिन को माइंस आवंटन गड़बड़ी का आरोप है। उनकी ओर से अधिवक्ता विद्युत चौरसिया ने बहस की।

**उषा मार्टिन को आवंटित खदान में कथित रूप से हुआ भ्रष्टाचार** : दरअसल उषा मार्टिन कंपनी को 2005 में पश्चिमी सिंहभूम जिले के घाटकुरी में एक लौह अयस्क खदान आवंटित की गयी थी। इसमें कथित रूप से भ्रष्टाचार हुआ था। आइएएस अरुण कुमार सिंह उस वक्त खनन विभाग के सचिव थे और इंद्रदेव पासवान खनन निदेशक थे। सीबीआइ की दिल्ली इकाई ने कथित आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत 220/2016 में एक प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्राथमिकी में उषा मार्टिन के प्रमोटरों और खनन विभाग के अधिकारियों को आरोपी बनाया गया था। प्राथमिकी में कहा गया था कि खदान के आवंटन के लिए केंद्र सरकार को जो शिफारिश भेजी गयी थी, उसमें राज्य सरकार की तरफ से अधिकारियों ने कथित रूप से उषा मार्टिन के पक्ष में पक्षपात किया था। कंपनी ने कथित तौर पर वादा किया था कि वह हाट गम्हरिया में स्थित अपने इस्पात संयंत्र में लौह अयस्क का उपयोग करेगी। कंपनी ने राज्य सरकार को एक अंडरटैकिंग भी दिया था। सीबीआइ ने आरोप लगाया कि कंपनी बाद में यह कहते हुए इस बात से मुकर गयी कि कैबिनेट नोट में इसका कोई विशेष जिक्र नहीं था।

# दीपिका पांडेय को किया सम्मानित, मांग पत्र सौंपा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ की राज्य कमेटी एवं झारखंड राज्य आजीविका चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी संघ के सैकड़ों कर्मचारियों द्वारा गुरुवार को मंत्री दीपिका पांडेय सिंह को उनके आवासीय कार्यालय में बुके देकर और शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। जेएसएलपीएस, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों यथा ऑफिस बॉय, हाउस कीपर, ऑफिस अटेंडेंट से संबंधित उनकी मांगों को लागू करने के लिए महासंघ द्वारा मांग पत्र समर्पित किया गया।

महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह ने मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार को बतलाए की जेएसएलपीएस में कार्यरत ये कर्मियों को मात्र जिस दिन ये कार्य कर रहे हैं, उन सभी को मात्र 377 रुपये ही दिये जा रहे हैं, जो न्यायोचित नहीं है। इन्हें किसी भी तरह का अवकाश प्राप्त नही है। महिला कर्मचारियों को विशेष अवकाश भी नहीं दिया जा रही है। केंद्र सरकार द्वारा न्यूनतम मजदूरी 21000 रुपये के लगभग पत्र जारी किया गया है। ये कर्मी जेएसएलपीएस में 9 से 10 वर्षों से नियमित रूप से कार्यरत हैं। इनके कुछ लोगों को एल 8 में उनकी सेवा को जोड़ दिया गया है। शेष 232 कर्मी को आज तक एल छ 8 में नहीं जोड़ा गया है।

मंत्री से महासंघ इन कर्मियों को न्यूनतम 20000 रुपये प्रतिमाह देने का अनुरोध किया गया। साथ ही इनको राज्यकर्मियों की भांति सभी अवकाश स्वीकृत कर अवकाश अवधि का वेतन देने का अनुरोध किया गया है। मंत्री से इनको स्थाई समायोजन करने का अनुरोध किया गया है। मंत्री दीपिका पांडेय सिंह द्वारा महासंघ/संघ के शिष्टमंडल को आश्वासन दिया कि आपकी मांगों पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। सम्मानित करने वालों में महासंघ के महामंत्री सुनील कुमार साह, संरक्षक गणेश प्रसाद सिंह, सम्मानित अध्यक्ष मुक्तेश्वर लाल, संघ के अध्यक्ष श्यामलाल पासवान,महामंत्री भरत उराव, नेदू कुजूर, रिंकू कुमार,मंगेश पंडित, ऋतिक धर, गीता देवी, सरिता कुमारी, रीता देवी ,वीना देवी, शीला देवी, राहुल कुमार रजक, श्यामलाल महतो, बलराम यादव, पप्पू कुमार, विनोद कुमार, कृष्णदेव, भोलेश रावत, प्रवीण तिवारी, ओम प्रकाश सिंह, गुरुदेव पंडित, अभिसेख रंजन, दुर्गा माही, सावित्री देवी, मुकेश कुमार, विजय मुर्मू, छोटू राम, चंद्र देव आदि शामिल हुए।

# स्कूल की छुट्टी के समय सादे लिबास में पुलिस तैनात हो : उज्ज्वल तिवारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी में पिछले दिनों बच्ची के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर अब झारखंड राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग भी एक्टिव मोड में आ गया है। आयोग के सदस्य उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से ज्ञापन सौंप कर मांग की है कि स्कूल के छुट्टी की समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाये। इसके अलावा उज्ज्वल प्रकाश तिवारी ने पुलिस महानिदेशक से कई अन्य बातों पर भी गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया है। श्री तिवारी ने बताया है कि पुलिस महानिदेशक ने उनकी बातों को गंभीरता से सुनते हुए इस पर उचित कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया है।

अपने ज्ञापन में बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य ने निम्न बातों पर तत्काल कानूनी कार्रवाई करते हुए व्यवस्था करने की मांग की है।

किसी भी तरह से शिकायत करने के लिए प्रत्येक स्कूल एवं उसके आसपास शिकायत पेटी की व्यवस्था की जाये।

स्कूल की छुट्टी के समय सादे लिबास में महिला और पुरुष पुलिस बल की तैनाती की जाये।

जिला प्रशासन के द्वारा स्कूल के बाहर सीसीटीवी कैमरा लगाने की व्यवस्था हो। प्रत्येक स्कूल के बाहर पुलिस पोस्ट बनाने की दिशा में पुलिस मुख्यालय कार्यवाही करे। प्रत्येक माह बच्चों से संबंधित केस की समीक्षा की जाये। इसकी सूचना आयोग को भी उपलब्ध करायी जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 26.0 °c | 9.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |



# आज खादी मेला का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे

## मोरहाबादी मैदान में 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक चलेगा सरस मेला

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड राज्य खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड, उद्योग विभाग तथा झारखंड राज्य लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय खादी एवं सरस महोत्सव 2024-25 का आयोजन हो रहा है। यह आयोजन 20 दिसंबर से 6 जनवरी तक रांची के मोरहाबादी मैदान में किया जा रहा है। इसे लेकर गुरुवार को उद्योग विभाग की ओर से सुमन पाठक और ग्रामीण विकास विभाग की ओर से मीनाक्षी प्रकाश ने प्रेस वार्ता की। उन्होंने बताया महोत्सव का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और समापन राज्यपाल द्वारा किया जायेगा। खादी एवं सरस महोत्सव सुबह 10 बजे से रात आठ बजे तक खुला रहेगा। देशभर के विभिन्न राज्यों के 500 स्टॉल लगाये गये है।

खादी महोत्सव में इस बार महात्मा गांधी के साबरमती आश्रम के थीम पर आयोजित किया गया है। इसमें विभिन्न प्रकार के स्टाल बनाये गये हैं। महोत्सव में जीवंत प्रदर्शनी और साबरमती आश्रम आकर्षण का केंद्र होगा। इसमें खादी संस्था, पीएमइजीपी, सरस, फुड स्टॉल, सरकारी स्टॉल लगाये गये हैं। महोत्सव में प्रतिदिन विभिन्न वर्गों और बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी। महोत्सव में प्रतिदिन कला एवं संस्कृति विभाग की तरफ से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूला आकर्षण का मुख्य केंद्र होगा।

मेले के लिए 10 रुपये प्रवेश शुल्क रखा गया है। उद्घाटन समारोह में महोत्सव परिसर में प्रवेश निःशुल्क रहेगा। वाहनों के लिए नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था की गयी है। किसी भी प्रकार की सहायता के लिए हेल्प डेस्क एवं सीसीटीवी लगाया गया है। वृद्धजनों के लिए ई-रिक्शा की व्यवस्था की गयी है।

# अपर पुलिस महानिदेशक ने की सड़क सुरक्षा संबंधी समीक्षा बैठक, दिये कई दिशा निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अपर पुलिस महानिदेशक (अभियान), झारखंड की अध्यक्षता में धनंजय कुमार सिंह पुलिस उप-महानिरीक्षक (सड़क सुरक्षा कोषांग) जंगल वारफेयर स्कूल नेतरहाट, दीपक कुमार, तैयब हुसैन, शाश्वत कुमार सिन्हा, की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक, क्षेत्रीय पुलिस उप-महानिरीक्षक एवं सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक से सड़क सुरक्षा से संबंधित विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक में जिलावार घटित सड़क दुर्घटनाओं की विवेचना सहित चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स एवं अन्यत्र स्थानों में एमवी एक्ट के तहत की गई कार्रवाई के साथ ही सभी थानों में फर्स्ट एड किट, ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन मीटर उपलब्धता एवं प्रशिक्षित पुलिस कर्मियों की संख्या की समीक्षा की गयी। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश के साथ समाज में यातायात संबंधी नियमों का पालन करने पर जोर दिया गया। इसके अतिरिक्त माह दिसंबर एवं जनवरी माह में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु निर्देश भी दिये गये।

विधिवत सभी वल्नरेबल स्पॉट, ब्लैक स्पॉट पर अतिरिक्त सुरक्षा एवं संरक्षा की पहल सुनिश्चित की जाये।

शराब का सेवन कर वाहन चलाने, हेलमेट न पहनने एवं सीट बेल्ट न लगाने वालों के विरुद्ध विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाये।

ब्रेथ एनालाइजर, स्पीड गन तथा अन्य उपकरणों का अधिकाधिक प्रयोग सुनिश्चित की जाये।

बगैर सीट बेल्ट, शराब का सेवन कर वाहन चलाने, ओवर स्पीडिंग, लेन जंपिंग जैसी अनियमितता तथा अपराध को रोकने के लिए विधिवत अभियोजन की प्रक्रिया सुनिश्चित की जाये।

भारतीय खाद्य निगम
क्षेत्रीय कार्यालय, रांची, झारखण्ड
संदर्भ सं.:RO JH-18.0020.0/1/2022-Con-RO JH दिनांक: 19/12/2024
निविदा आमंत्रित करने की सूचना
(https://gem.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन जमा किया जाना है)
(निविदा सूचना सं.:-REGULAR/18/2024)
भारतीय खाद्य निगम की ओर से महाप्रबंधक (क्षेत्र), झारखण्ड के द्वारा, पी.ई.जी. रांची(नगड़ी)-II, पी.डब्ल्यू.एस. नगड़ी, पी.ई.जी. लोहरदगा, पी.डब्ल्यू.एस. चाकुलिया, पी.ई.जी. डाल्टनगंज (न्यू), पी.ई.जी. साहिबगंज-I, पी.ई.जी. साहिबगंज-II एवं पी.ई.जी. जपला में दो वर्षों के लिए नियमित हथलन एवं परिवहन संवेदक/हथलन संवेदक के नियुक्ति हेतु ई-निविदा GeM Portal (https://gem.gov.in) के माध्यम से दो-बोली निविदा प्रणाली के अंतर्गत आमंत्रित की जा रही है। विस्तृत जानकारी तथा निविदा प्रपत्र https://gem.gov.in or www.fci.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। ह0/- सहायक महाप्रबंधक (संविदा)
कृते महाप्रबंधक (क्षेत्र)

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** रोजी-रोजगार में लाभकारी वातावरण रहेगा, भागीदारों में व्याप्त मनमुटाव का निराकरण होगा।

**वृष** कारोबार में उन्नति होने की संभावना, नवीन कार्य की योजना सफल होगी।

**मिथुन** कहीं से शुभ फल प्राप्त होगा, आर्थिक पक्ष सुदृढ़ बनेगा, मित्रों से सहायता मिलेगी व किसी विशेष इच्छा पूरी होगी।

**कर्क** शत्रु प्रबल होकर हावी होंगे,खर्च पर नियंत्रण रखें अन्यथा कर्ज लेने की नौबत आ सकती है।

**सिंह** राजकीय कार्यों में सफलता मिलेगी, पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी, यात्रा में धन लाभ का योग बन रहा है।

**कन्या** प्रयास व उत्साह से सभी कार्य पूरे होंगे, मेहमानों का आगमन होगा व आप उनकी आवभगत में व्यस्त रहेंगे।

**तुला** सम्पति सम्बन्धी मामलों का निपटारा आपके पक्ष में होगा,कहीं से शुभ समाचार मिलेगा।

**वृश्चिक** नये-नये लोगों से सम्पर्क बनेगा, यश, कीर्ति व मान-सम्मान में बढ़ोत्तरी होगी, वाणिज्य-व्यवसाय में लाभ होगी।

**धनु** आमदनी के स्रोत बढ़ेंगे,नौकर-चाकर, वाहन व भौतिक ऐश्वर्य के साधनों में वृद्धि होगी।

**मकर** अकस्मात धन लाभ होने की संभावना, आशानुसार कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ** सरकारी नौकरी करने वालों के पद-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी,गृह-भूमि-वाहन का सुख।

**मीन** लम्बित कार्य निपटाने में व्यस्तता रहेगी, नौकरी में पदोन्नति के अवसर भी मिल सकता है।

## 1.36 करोड़ के दावे पर बाबूलाल ने मुख्यमंत्री से पूछे सवाल

# झारखंड की जनता को सच्चाई जानने का अधिकार : बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** हेमंत सरकार बकाये का हौआ खड़ा कर अपनी विफलताओं को छुपाने की कर रही कोशिश भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को हेमंत सरकार पर निशाना साधा। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछते हुए कहा कि राज्य की जनता को बकाए से संबंधित सच्चाई जानने का अधिकार है। कहा कि झारखंड के 1.36 लाख करोड़ कोयला रॉयल्टी के दावे पर जनता को सच्चाई जानने का हक है। श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री से सवाल पूछा कि सरकार बताये यह बकाया किस-किस साल का है और किस किस योजना/परियोजना का है? दूसरा सवाल कि 1.36 लाख करोड़ की राशि का आधार क्या है? और तीसरा सवाल कि यूपीए शासनकाल और शिबू सोरेन जी के कोयला मंत्री रहते हुए कितनी राशि वसूली गयी थी? श्री मरांडी ने कहा कि इस मामले में पारदर्शिता क्यों नहीं है?

कहा कि झारखंड के भ्रष्टाचार से भरे इतिहास को देखते हुए, जनता सबकुछ जानना चाहती है। सही दस्तावेज और तथ्यों को पारदर्शिता के साथ सामने रखें तब बात करें। कहा कि झारखंड और झारखंडियों के हर अधिकार के लिए भाजपा खड़ी है, जहां भी जरूरत होगी, वे सरकार के साथ खड़े होंगे। लेकिन झूठे आंकड़े और फर्जी दावे बर्दाश्त नहीं होंगे। सच्चाई पर चलियेगा तो हम हर हमेशा सहयोग के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि बकाया-बकाया का हौवा खड़ा कर कहीं राज्य सरकार जानबूझकर आगे मंईयां सम्मान योजना की राशि देने में विफलता के दोषारोपण की भूमिका तो तैयार नहीं कर रही है? कहा कि झूठी राजनीति छोड़ कर झारखंड के असली मुद्दों पर ध्यान देना राज्य सरकार की प्राथमिकता होनी चाहिए।

# भाजपा संविधान विरोधी, अंबेडकर का अपमान नहीं सहेंगे : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** गृह मंत्री अमित शाह के बाबा भीम राव अंबेडकर पर दिये गये बयान से विपक्षियों में आक्रोश है। इसी क्रम मे कांग्रेस के वरीय नेता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अपना विरोध जताया है। उन्होंने भाजपा को पूर्ण रूप से अंबेडकर विरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का नजरिया पहले से ही बाबा साहेब अंबेडकर एवं उनके विचारधारा के खिलाफ व संविधान विरोधी रहा है, जिसको भाजपाइयों ने सदन में उजागर कर दिया। 2024 लोकसभा आम चुनाव में अगर देश के लोगों ने भाजपा को 400 सौ पार करा दिया होता, तो आज बाबा साहब का संविधान खत्म हो गया होता। ये लोग संविधान बदलना चाहते हैं। अमित शाह द्वारा दिया गया बयान इस तरफ इंगित करता है कि भाजपा संविधान,वंचित, दलित आदिवासी, पिछड़े एवं अल्पसंख्यकों सहित सभी के हित में कार्य करनेवाले बाबा साहेब डाक्टर अंबेडकर की सबसे बड़ी विरोधी है। भाजपा की आदिवासी दलित विरोधी नीतियों के कारण ही झारखंड की जनता ने उन्हें नकार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान पर नहीं चलना चाहती है। यह लोकतंत्र पर भरोसा नहीं करती है। भाजपा नफरत और भेदभाव की राजनीति कर रही है। भाजपा के लोग संविधान का विरोध करते - करते अब बाबा साहब अंबेडकर का भी अपमान करने लगे हैं। हम सबको इनका असली चरित्र पहचानने की जरूरत है। ये आरएसएस के लोग हमारे तिरंगा को नहीं मानते थे। ये लोग आरक्षण खत्म करने और संविधान बदलने की बात कहते हैं। इन लोगों को देश और संविधान से प्यार ही नहीं है। बीआर आंबेडकर के लिए गृह मंत्री अमित शाह की अपमानजनक टिप्पणी शर्मनाक है। अमित शाह ने बीजेपी और आरएसएस की मनुवादी, सामाजिक भेद करनेवाली सोच को उजागर कर दिया, जो आंबेडकर की विरासत का इस्तेमाल राजनीति के लिए करते हैं। अमित शाह ने भारत के संविधान निमार्ता का अपमान किया है। वह गृह मंत्री जैसे बड़े पद के लिए अनफिट हैं। देश के लोगों को इन्हें जवाब देना होगा। इन्होंने सदन की गरिमा को तार तार कर दिया है। इनकी चाल को समझने की जरूरत है।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# डीसी ने की अनुकंपा समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त और जिला अनुकंपा समिति के अध्यक्ष मंजूनाथ भजंत्री ने गुरुवार को समाहरणालय में अनुकंपा समिति के आधार पर नियुक्ति संबंधित बैठक आयोजित की। इस दौरान सामान्य और उग्रवादी हिंसा में मारे गये लोगों के आश्रित से संबंधित जिला अनुकंपा समिति की समीक्षा की गयी। समीक्षा के क्रम में जिला अनुकंपा समिति के जरिये प्रस्तावों में नियुक्ति की अनुशंसा की गयी। उग्रवादी घटना में मारे गये लोगों के आश्रितों में कुल एक नियुक्ति की सहमति प्रदान की गयी। जिला अनुकंपा समिति सामान्य में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गयी। साथ ही उपायुक्त की ओर से कुछ मामलों में संबंधित कार्यालय प्रधानों से प्रतिवेदन की मांग गयी है।

# डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि में सामने आया स्टूडेंट से छेड़खानी का मामला

## एबीवीपी ने मैनेजमेंट से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में एक छात्रा के साथ छेड़खानी का मामला सामने आया है। जूलॉजी विभाग की छात्रा ने पीएचडी स्कॉलर के ऊपर यह आरोप लगाया है कि विभाग की कई छात्राओं के साथ भी वह छेड़छाड़ करता है। छात्रा ने यह भी बताया कि आरोपी उसके निजी अंग को छूने का प्रयास करता है। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस मामले को विश्वविद्यालय प्रशासन के सामने रखा और यह मांग की है कि जांच कमेटी बना कर तीन दिनों के भीतर सच्चाई को सामने लायें एवं निष्पक्ष रूप से कार्रवाई करते हुए दोषी को कड़ी सजा दें, ताकि भविष्य में इस तरह की घटना दोबारा ना हो।

एबीवीपी ने यह भी कहा कि अगर आरोपी पर लगाया गया आरोप सही पाया जाता है, तो पुलिस प्रशासन को सूचित किया जाये।

मौके पर अभाविप झारखंड प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक आनंद कुमार, जिला संयोजक पवन नाग, इकाई अध्यक्ष सतीश केशरी, ऋतिक, शुभम, हर्ष सहित कई छात्र- छात्राएं भी उपस्थित थीं।

# इडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की लेन-देन के मामले में दर्ज एफआइआर की पुलिस जांच पर रोक बरकरार

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** इडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये के लेन-देन का मामला अब अब सुप्रीम कोर्ट पहुंचा गया है। इसकी सुनवाई के दौरान झारखंड हाइकोर्ट में राज्य सरकार की ओर से हस्तक्षेप याचिका (आइए) दाखिल कर हाइकोर्ट की एकल पीठ को बताया गया कि पुलिस जांच पर रोक के हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में स्पेशल लीव पिटिशन (एसएलपी ) दाखिल किया है, जिस पर सुनवाई लंबित है इसलिए मामले की सुनवाई 6 सप्ताह के बाद की जाये। कोर्ट ने इडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये के लेन-देन का मामले में दर्ज एफआइआर की पुलिस जांच पर पूर्व की रोक को बरकरार रखने के साथ-साथ सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखने के आदेश को भी 11 फरवरी 2025 तक बरकरार रखा है। हाइकोर्ट की एकल पीठ ने राज्य सरकार के आग्रह को देखते हुए मामले में राज्य सरकार को जवाब दाखिल करने या आपत्ति दाखिल करने के लिए 6 सप्ताह का समय प्रदान करते हुए मामले की अगली सुनवाई 11 फरवरी 2025 निर्धारित की। इडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये के लेन-देन मामले की सीबीआई से जांच कराने की मांग वाली इडी की याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई।

पिछली सुनवाई में हाइकोर्ट ने सुनवाई करते हुए पंडरा ओपी और सुखदेव नगर पुलिस थाना में दर्ज एफआइआर की पुलिस जांच पर रोक लगा दी थी। अदालत ने राज्य सरकार को कहा था कि संबंधित थाना में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी सुरक्षित रखा जाये, बता दें कि इडी ने हाइकोर्ट में याचिका दाखिल कर आशंका जतायी है कि पंडरा ओपी और सुखदेव नगर थाना में दर्ज केस में इडी के वरिष्ठ अधिकारियों को रांची पुलिस फंसा सकती है। उन्हें आरोपी बना सकती है। इसलिए प्राथमिकी की जांच सीबीआइ से करायी जाये। इस पर सरकार की ओर से कहा गया था कि इडी की याचिका सुनवाई योग्य नहीं है।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.-33004/99
भारत का राजपत्र
The Gazette of India
सी.जी.-डी.एल.अ-10122024-259299
असाधारण
भाग II-खण्ड 3 - उप-खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
सं. 4913] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 10, 2024/अग्रहायण 19, 1946
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 9 दिसम्बर, 2024
का.आ. 5309 (अ). - केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप-धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात कि झारखंड राज्य के राँची जिले में NH-143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, रॉची) तक के भू-खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/पेव्ड शोल्डर सहित 2-लेन/4-लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।
कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।
ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी, अर्थात् जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, रांची को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप में या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और
ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।
उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप-धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।
इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।
अनुसूची
झारखंड राज्य के राँची जिले में NH-143D के कि.मी. 146.800 से कि.मी. 150.300 (उपायुक्त कार्यालय, राँची) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण।
[फा.स. NHAI/PIU-GUMLA/LA/143D/3A]
अभय जैन, निदेशक
जिला: राँची
प्रकाशन तिथि: 9 दिसम्बर, 2024
https://egazette.gov.in
https://bhoomirashi.gov.in
नोट:- इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

## अभियान चलाकर वाहन चालकों की हुई जांच



कोडरमा (आजाद सिपाही)। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले सड़क दुर्घटना की रोक थाम हेतु, कोडरमा जिला के सभी थाना प्रभारी को विशेष अभियान चलाकर वाहन जांच करने का निर्देश दिया गया था। जिसमें कोडरमा जिला के सभी थाना प्रभारी के द्वारा अपने थाना क्षेत्र अंतर्गत चिन्हित स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन को रोककर ब्रेथ एनालाइजर से जांच किया गया और ड्रिंक एंड ड्राइव के नियमों से अवगत कराया गया। शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध चलान काटा गया। इस विशेष वाहन जांच के दौरान कुल 10 चलान काटा गया है।

## शांतिकुंज, हरिद्वार से आये गुरुजनों ने बच्चों को दिया प्रशिक्षण




डोमचांच (आजाद सिपाही)। जीएस पब्लिक स्कूल में भारतीय संस्कृति ज्ञान सह गायत्रीतीर्थ शांतिकुंज के तत्वाधान में गुरुवार को स्कूली बच्चों को ज्ञान और मन को एकाग्र करने की कौशल व क्षमता गायत्री परिवार से आये गुरुजनों ने सिखाया। साथ ही उन्होंने गायत्री मंत्र की शक्ति का वर्णन किया और कहा इस मंत्र का जाप करने से तनाव कम होता है और मन शांत रहता है। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर शिव कुमार वर्णवाल, भारतीय संस्कृति के सेवक लखन लाल दीक्षित, राज कुमार मेहता, आदित्य प्रजापति, सुनीता वर्णवाल, उमर वर्णवाल, ओम प्रकाश, राम स्वरूप विश्वकर्मा उपस्थित हुए। शिविर की शुरुआत में विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप सिंह व निदेशक नितेश कुमार ने सभी अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया। विशिष्ट अतिथि स्वरूप हरिद्वार से आये अंजली पटेल, राधिका त्रिपाठी, जानवी पंडित द्वारा बच्चों को खास जानकारी जैसे अपने सेहत का ध्यान पुराने चिकित्सा पद्धति द्वारा बिना दवा व इलाज के कैसे रखा जाये, एक्यूप्रेशर का इस्तेमाल करके बच्चों में दिमागी क्षमता और संतुलन मजबूत कैसे करें, सुबह उठने के किस तरीके को अपनाए, शरीर को कैसे फुर्तीला बनाये, अपनी संस्कृति व सभ्यता को जाने, जैसी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किया गया। मौके पर उपनिदेशक नीरज कुमार, प्राचार्य प्रतिमा कुमारी, कॉर्डिनेटर सोनी चंदन, शिक्षक सुनील कुमार शर्मा, सीसीए कोऑर्डिनेटर मो.इल्यास अंसारी, ममता सिन्हा, नेहा रजक और सभी छात्र-छात्राओं के साथ सभी शिक्षक कार्यक्रम में शामिल हुए।

## स्वर्णकार संघ ने गरीबों को बांटे कंबल



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। बढ़ती ठंड को देखते हुए हजारीबाग स्वर्णकार संघ के सदस्यों ने सेवा भाव के साथ शहर में भ्रमण कर गरीबों व असहायों को कंबल वितरण करने का कार्य किया। सदस्यों ने हजारीबाग के सदर अस्पताल, हर चौक-चौराहों पर जा कर जरूरतमंदों को कंबल मुहैया करवाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है। संघ के सदस्य भास्कर वर्मा ने कहा है कि यह कार्य हम सदस्यों ने अपने सामाजिक दायित्व का निर्वहन के लिए किया और आगे भी जरूरतमंदों की सेवा करते रहेंगे। स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष श्री बिक्रम सोनी ने कहा है कि स्वर्णकार व्यवसाय से जुड़े कोई भी सदस्य सेवा भाव से इस पुनीत पुण्य और जनकल्याण-कारी में सहयोग करना चाहते हैं तो वह भी अपने स्वेच्छा से इसे कर सकते हैं। पहले दिन संघ के सक्रिय सदस्य भास्कर वर्मा,राज कुमार सोनी और राकेश वर्मा ने कंबल वितरण में सहयोग किया है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन



केरेडारी (आजाद सिपाही)। एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के द्वारा बुधवार को राजकीय उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय केरेडारी में नि:शुल्क हेल्थ कैंप लगाया गया। इस कैंप में फ्री बुखार, सर्दी और खांसी की जांच ग्राम निवासियों को उपलब्ध करवायी गयी। एनटीपीसी परियोजना द्वारा आयोजित कैंप में 160 लाभार्थियों ने मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। बीमार ग्राम निवासियों को दवाइयां भी उपलब्ध करायी गयी। यह नि:शुल्क हेल्थ कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आयोजित किया गया था। यह मेडिकल कैंप चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना द्वारा खनन प्रभावित गांवों के सुरक्षित सेहत के लिए समय-समय पर आयोजित की जाती है। डॉक्टरों की टीम ने स्थानीय गांव वालों की जांच करने के साथ-साथ उन्हें अच्छी स्वच्छता और स्वस्थ आदतों का पालन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर परियोजना के उप महाप्रबंधक बी नवीन कुमार ने उपस्थित हो कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

## विभावि की मेजबानी में आयोजित होगी पूर्वी क्षेत्र अंतर विवि महिला खो-खो प्रतियोगिता

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार के पहल से मिली मेजबानी का अवसर विनोबा भावे विश्वविद्यालय की मेजबानी में पहली बार कोई पूर्वी क्षेत्रीय अंतर विश्वविद्यालय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। इस आशय की जानकारी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर (डॉ) पवन कुमार पोद्दार ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन 6 से 8 फरवरी 2025 को होना है। उन्होंने कहा की लगभग 35 से 40 विश्वविद्यालय की महिला दलों के इस प्रतियोगिता में भाग लेने की संभावना है। इनके बीच पहले नॉकआउट और बाद में लीग पद्धति से विश्वविद्यालय के मुख्यालय में प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। ज्ञातो की इससे पूर्व मे विश्वविद्यालय ने पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव का आयोजन किया था। लगभग 4 वर्षो के बाद यह पहला अवसर होगा जब किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया विश्वविद्यालय के मुख्यालय परिसर में किया जायेगा। बृहस्पतिवार को इस समिति की पहली बैठक कुलपति के आवास में आयोजित की गयी। प्रस्ताव लिया गया कि अलग-अलग किस्म के कार्यों के लिए और भी समितियां बनायी जायेगी। विश्वविद्यालय के नियम के तहत ही सारे खर्च किये जायेंगे। यह भी सुनिश्चित किया जायेगा की बाहर से आने वाले खिलाड़ी और खेल अधिकारियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो। सभी समितियों के अध्यक्ष और संयोजक की बैठक 24 दिसंबर को की जायेगी।

### भाजपा की देशव्यापी सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

# अधिक से अधिक लोगों को भाजपा का सदस्य बनाने का लक्ष्य: रोशनलाल

**विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पांच पंचायत के पांच बूथ अध्यक्षों को अंग किया गया सम्मानित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल के हरली पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो और बड़कागांव पश्चिमी पंचायत भवन में मंडल अध्यक्ष आदित्य सोनी की अध्यक्षता में सदस्यता महापर्व को लेकर बैठक की गयी। बैठक के मुख्य अतिथि विधानसभा के विधायक रोशन लाल चौधरी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक लोकनाथ महतो और सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी मुख्य रूप से शामिल हुए। बैठक में नवनिर्वाचित विधायक रोशन लाल चौधरी का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी के साथ फूलमाला पहनाकर स्वागत किया। वहीं विधानसभा चुनाव में बेहतर कार्य करने वाले पांच पंचायत के पांच बूथ अध्यक्षों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में विधायक ने कहा कि पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत देशव्यापी त्यौहार जो चल रहा है। उसमें संगठन के कार्यकर्ता अपने-अपने कर्तव्य का निर्वहन करें और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का काम करें। जो विधायक के रूप में यहां की जनता ने हमें जिम्मेवारी दी है। उसका पूरा श्रेय यहां के एक-एक कार्यकर्ता और साथियों का है इसलिए उन्हें आभार व्यक्त करते हैं। आपके बीच हमेशा संगठन या व्यक्तिगत रूप से हमेशा जुड़े रहेंगे और आप लोगों का सहयोग से हर समस्या का समाधान करेंगे। पुर्व विधायक लोकनाथ महतो ने कहा कार्यकर्ता और यहां की जनता ने लोकसभा और विधानसभा चुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का काम किया है। इसके लिए बड़कागांव की जनता बधाई के पात्र हैं। सांसद और विधायक हमारे अपने पार्टी से हैं इसलिए बड़कागांव की संपूर्ण समस्या का समाधान इनके कंधे पर है। सदस्यता अभियान के प्रभारी महेंद्र राम बिहारी ने कहा कि देशव्यापी सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए हमलोगों को अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाते हुए 15 जनवरी तक हरेक गांव टोलों तक सदस्य बनाना है। 8800002024 नं पर मिस्ड कॉल करने पर लिंक आने के बाद लिंक को खोलकर उसमें फॉर्म भरकर सदस्य बनना है। साथ ही साथ अपना सदस्यता कार्ड भी डाउनलोड कर लेना है। मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव पुर्व विधायक लोकनाथ महतो, हजारीबाग जिला सांसद प्रतिनिधि अनिल मिश्रा, जिला प्रभारी महेंद्र राम बिहारी, मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो, पुर्व सांसद प्रतिनिधि श्रीकांत निराला, नरेश साव, बेचन साव, मुकुटधारी महतो, उपाध्यक्ष किशोर राणा, अशोक साव, महामंत्री दिनेश करमाली, सुमन गिरी, कोषाध्यक्ष ज्ञानचंद कुमार उर्फ ज्ञानी, उमेश दांगी, पुर्व मुखिया महेंद्र महतो, अशोक महतो, बढ़न तुरी, कुंवर महतो, पंसस कौशल्या देवी, संतोष कुमार, मेघन कुमार, अकल मुंडा, सुरेश महतो, नागेश्वर महतो, मनोज प्रभाकर, सेवंती कुमारी, देवंती देवी, शांति देवी, गायत्री देवी, सुनील उरांव, जुगेशर बेदिया, बलदेव राम, रवि कुमार दांगी, उमाशंकर महतो, भुपाल स्वर्णकार, चिंतामणि महतो, भगीरथ ठाकुर, सचिदानंद पांडेय, अमन गंझु समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन और बैठक की समाप्ति की घोषणा मंडल महामंत्री दिनेश करमाली ने किया।

## बाबा साहेब पर अपमानजनक टिप्पणी के खिलाफ कांग्रेसियों का विरोध प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम से चलकर झंडा चौक तक कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहब को जिस तरह अपमानित किया है, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा अपमान करना दर्शाता है कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी घृणा भरी है। विरोध प्रदर्शन करने वालों में प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा, प्रदेश सचिव अवधेश कुमार सिंह, बिनोद सिंह, शशि मोहन सिंह, एसी सेल के अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह, महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, लाल बिहारी सिंह, अजय गुप्ता, राजू चौरसिया, रघु जायसवाल, संजय तिवारी, साजिद हुसैन, गुड्डु सिंह, परवेज अहमद, कृष्णा किशोर प्रसाद, जावेद इकबाल, सदरूल होदा, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, सुनिल सिंह राठौर समेत कई शामिल थे।



### बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेंगे : डीएसएमएम

कोडरमा (आजाद सिपाही)। संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर पर कथित उपहास उड़ाने वाली टिप्पणी के खिलाफ दलित शोषण मुक्ति मंच के बैनर तले कोडरमा बाजार में अमित शाह का पुतला फूंका गया और नारेबाजी की गयी। शीतकालीन सत्र के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के बयान पर कोडरमा अम्बेडकर पार्क से कोडरमा बाजार तक डीएसएमएम के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास और सचिव शंभु पासवान के नेतृत्व में एक जुलूस निकाला गया, जिसमें बाबा साहेब का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान, गृहमंत्री इस्तीफा दो और माफी मांगों, के नारे लगाये जा रहे थे। इस अवसर पर दलित शोषण मुक्ति मंच मंच के उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश की अध्यक्षता में हुई सभा को सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान, जिला सचिव रमेश प्रजापति, जिप सदस्य शांति प्रिया, पासवान एकता मंच के सचिव विजय पासवान, कांग्रेस नेता दशरथ पासवान ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर के चाहने वालों को स्वर्ग नहीं समानता का अधिकार चाहिए। भारत के संविधान में शोषितों, वंचितों, पिछड़े, दलितों, आदिवासियों और महिलाओं को समानता का अधिकार दिया गया है। कार्यक्रम में अर्जुन पासवान, राजु पासवान, पार्षद सिकनदर कुमार, बिरेन्द्र पासवान, सागर कुमार, सिकंदर अम्बेडकर, संजय दास, जितेन्द्र दास, रवि पासवान, रवि कुमार दास, गौतम कुमार दास, टिंकू कुमार, जितेंद्र कुमार, शैलेन्द्र कुमार वैद्य, दीपन पासवान, सोनू कुमार, काजल पासवान, आंचल पासवान आदि शामिल थे।

## सशक्त सुशासन सप्ताह का शुभारंभ

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड और अंचल कार्यालय में 19 दिसंबर से सशक्त सुशासन सप्ताह का शुभारंभ किया गया। यह कार्यक्रम 19 से 24 दिसंबर 2024 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विभागों के कर्मी और पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जायेगा। कार्यक्रम का शुभारंभ संयुक्त रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी गौतम कुमार, अंचल अधिकारी सारांश जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। बीडीओ गौतम कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि सुशासन का मतलब केवल योजनाओं का क्रियान्वयन ही नहीं, बल्कि जनता तक पारदर्शिता और समय पर सेवाएं पहुंचाना भी है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हम जनता के साथ सीधा संवाद स्थापित करेंगे और उनकी समस्याओं का समाधान करेंगे। वहीं अंचल अधिकारी सारांश जैन ने कहा कि ₹सुशासन सप्ताह का उद्देश्य है प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल और प्रभावी बनाना। सभी विभागों को आपसी समन्वय से काम करना चाहिए ताकि योजनाओं का लाभ जरूरतमंदों तक समय पर पहुंचे। मौके पर सुरेश राम, तानेश्वर राम, गिरधारी प्रसाद, संतोष कुमार, इसाक जॉन प्रसाद, शीतल पिंगुआ, अनीता कुमारी, वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, प्रदीप कुमार, दीपक कुमार, अखिलेश कुमार, शिवकुमार मोदी सहित अन्य कर्मी और दीदी उपस्थित थी।

## सर्वर और नेटवर्क बाधित होने से राशन डीलर परेशान

आजाद सिपाही संवाददाता

**टाटीझरिया।** इस महिना में राशन कार्ड धारियों का इ- केवाईसी करवाना है जिसके चलते प्रतिदिन लाभुक डीलर के यहां परेशान नजर आ रहा है। इ-केवाईसी दिसम्बर 31 तक पुर्ण करना है साथ ही लोगों को दिसंबर माह का अनाज भी देना है। इ-केवाईसी और राशन वितरण दोनों प्रकिया के कारण इ पोश मशीन का सर्वर तथा नेटवर्क का रहना जरूरी है परंतु सर्वर डाउन तथा नेटवर्क नही रहने के कारण उपभोक्ताओं एवं डीलरों के बीच परेशानी हो रही है। लाभुक अपना सारा कार्य को छोडकर दिन भर इ- केवाइसी या राशन लेने के लिए डीलर के पास बैठकर समय बीता रहे है। साथ ही नेटवर्क ना रहने के कारण राशन वितरण करने में भी नोकझोंक भी देखा जा रहा है। जहां एक ओर डीलर मशीन खोल कर सर्वर चलने का इंतजार करता है तो दुसरी ओर उपभोक्ता भी सर्वर आने के लिए मशीन के बगल बैठ इंतजार करते रहता है। इस परेशानी को देखते हुए डीलर संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह ने कहा कि जिस गति से सर्वर चल रहा है उस हिसाब से दोनों कार्य करना परेशानी बन रहा है। पुरे प्रखंड के डीलर को सर्वर ना चलने एवं नेटवर्क ना रहने के कारण ना ही राशन वितरण हो रहा है ना ही ई - केवाईसी हो पा रहा है। वही सभी मोबाईल 5जी में रहा है और ई पोश मशीन 2जी में चल रहा है।

## बालू के तीन अवैध डंपिंग यार्ड का सीओ ने किया निरीक्षण, पाया संदिग्ध

**बालू डंपिंग यार्ड का संचालन माइनिंग विभाग से चालान लेकर ही करें**

आजाद सिपाही संवाददाता




**बड़कागांव।** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत संचालित तीन बालू डंपिंग यार्ड को आला अधिकारियों के निर्देशानुसार अंचलाधिकारी मनोज कुमार के नेतृत्व में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान तीनों यार्ड संदिग्ध पाया गया। मामले को लेकर अंचलाधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि तलसवार पंचायत के अशोक महतो, कोयलंग में संचालित पूनम इंटरप्राइजेज उर्फ जितेंद्र महतो, बिंदेश्वर उर्फ बिंदु दांगी का संचालित डंपिंग बालू यार्ड संदिग्ध पाया गया है। इन तीनों बालू डंपिंग यार्ड में जमा बालू की मापी कर ली गयी है। ये तीनों संचालक जब तक अपने बालू यार्ड से संबंधित कागजात उपलब्ध नहीं कर देते, तब तक इन डंपिंग यार्ड से किसी भी प्रकार का बालू संचालन नहीं किया जायेगा। आगे उन्होंने कहा कि ये तीनों यार्ड को नोटिस किया जा रहा है। बालू का अवैध कारोबार करने वालों को उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति बालू का अवैध डंपिंग न करें, ऐसा करते हुए पकड़े जाने पर नियम संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। बालू डंपिंग यार्ड का संचालन माइनिंग विभाग से चालान लेकर ही करें। मौके पर एसडीपीओ पवन कुमार, थाना प्रभारी कुंदन कांत विमल, हल्का कर्मचारी नंदकिशोर राम, आशीष कुमार सोनी, प्रहलाद मांझी, अमीन नागेंद्र महतो, दुलारचंद महतो उपस्थित थें।

## भाजपा सदस्यता महापर्व को लेकर हुई बैठक




टाटीझरिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी टाटीझरिया मंडल ईकाई की बैठक अध्यक्ष कैलाशपति सिंह की अध्यक्षता में हुई। जिसमें संगठन प्रभारी अरविंद कुमार पप्पू उपस्थित हुए। उन्होंने अपने संबोधन के दौरान सदस्यता अभियान को धारदार बनाने का आह्वान किया। उन्होंने भाजपा के विकास को लेकर अपनी बात रखी। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश में अपनी कार्य के बदौलत पूरी दुनिया में अपने देश के मान को बढ़ाया है। हमें उनके कार्यों के बारे में जन -जन तक बतलाने की जरूरत है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला कार्य समिति सदस्य एमके पाठक ने सदस्यता अभियान की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। कहा कि प्रखंड में 22 दिसंबर को सदस्यता का लॉन्चिंग करना है। 23 और 24 दिसंबर को बूथों पर जाकर बैठक करना है,उस दिन कम से कम 100 सदस्य बूथों पर बनाना है। 25 दिसंबर को अटल जयंती बूथों पर मनाना है। कहा कि प्रखंड में कम से कम 15000 सदस्य बनाना है। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि हमें देश को परम वैभव तक पहुंचाना है। हमारे प्रखंड के दोनों विधानसभा क्षेत्र में से चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए कार्यकर्ताओं को बधाई। बैठक में राजू यादव, राजेश यादव, रजनीकांत चौधरी, रवि वर्णवाल, उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, सहदेव यादव, सुरेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र राणा, मनीष यादव, सुरेश प्रसाद, जीतन यादव, प्रभु यादव, कृष्ण साव, अनिल प्रसाद, बजरंगी साव, लोकनाथ गोप, पवन राय, उमाशंकर पांडेय, निखिल सिंह, सुशांत सिंह, सुखदेव पांडे, महेश प्रसाद, भोला शर्मा, अरुण साव, ज्योतिष पंडा, शंभू प्रसाद, विजय ठाकुर, कृष्ण प्रसाद, अमित कुमार, परमेश्वर प्रसाद, अशोक सिंह, शंकर प्रसाद, जीवधन प्रसाद, राजेंद्र, लालचंद प्रसाद, सानू पंडा, संतोष कुमार, जागेश्वर महतो, अजय कुमार कुशवाहा समेत अन्य उपस्थित थे।

## करियर मार्गदर्शन सत्र का आयोजन



इचाक (आजाद सिपाही)। जीएम महाविद्यालय, इचाक में एक विशेष कैरियर मार्गदर्शन का आयोजन किया गया। जिसमें चाणक्य आइएएस एकेडमी हजारीबाग के द्वारा सभी विद्यार्थियों के उनके उज्जवल भविष्य को संवारने में मदद मिल सके। इस कार्यक्रम में बिहार पब्लिक सर्विस कमीशन बीपीएससी टॉपर हिमांशु रंजन, प्रशिक्षक डॉ अमर कीर जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में विशेषज्ञ है, उन्होंने सभी विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं और अन्य सरकारी परीक्षा की तैयारी के बारे में मार्गदर्शन दिया। डॉ अमर कीर ने कहा कि सिविल सेवा की तैयारी के लिए केवल अच्छे अंक प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि एक ठोस योजना और समर्पण के साथ तैयारी करनी होती है। यह सफर आसान नहीं है, लेकिन सही दिशा और मार्गदर्शन से यह संभव है। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने विद्यार्थियों के संबोधन में कहा कि विभिन्न सरकारी परीक्षाओं जैसे यूपीएससी, जेपीएससी, बीपीएससी, और अन्य परीक्षाओं के तैयारी के लिए रणनीतियां, टाइम मैनेजमेंट और मानसिक तैयारी के महत्वपूर्ण पहलुओं को विशेष ध्यान देने की जरूरत को बताया। प्रशिक्षक सुदेश कुमार ने प्रेरित करते हुए कहा कि कड़ी मेहनत और निरंतर प्रयास से आप किसी भी मुकाम तक पहुंच सकते हैं, बस विश्वास बनाये रखें। हिमांशु रंजन ने कहा कि हम भी गांव के रहने वाले हैं और आप सभी ग्रामीण क्षेत्र से है। आप भी मेहनत करते है तो आपकी भी करियर सवर सकता है।

## पूर्वी मंडल भाजपा की कार्यशाला आयोजित

विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)। यहां के पूर्वी मंडल भाजपा ने संगठन महापर्व के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कोनारडैम स्टेडियम मे किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्वी मंडल भाजपा अध्यक्ष सुखदेव रजवार ने किया और संचालन महामंत्री सुशील कुमार मंडल ने किया। कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि कोडरमा सांसद प्रतिनिधि भुवनेश्वर पटेल ने कहा कि भाजपा का पूर्वी मंडल मे अधिक से अधिक सदस्य बनाना है इसके निमित्त 22 दिसंबर को सभी शक्ति केंद्रों में शुभारंभ किया जायेगा जिसमें सभी कार्यकर्ताओं को पूरी लगन से जुटने की बात कही गयी। इससे पार्टी को और मजबूती प्रदान होगी। उपस्थित सभी लोगो ने सदस्यता अभियान को गति देने की बात कही। मौके पर सहदेव दास, लुटबरण महतो, पंकज महतो, गोविन्द महतो, तुलसी सिंह, नागेश्वर महतो, डुमरचंद महतो, लखन साव, प्रकाश डोम, नुनु गोपाल, जागेश्वर महतो, दिनेश अग्रवाल, सुरेंद्र गंझु, उमेश मंडल, छोटी शर्मा, चुरामनी पांडेय, सूरज पाठक, एस विश्वकर्मा, हुलास महतो, विनोद साव, छोटेलाल यादव, संदीप कुमार, नीरजन मिस्त्री, लाल किसुन साव, भोला साव, गोविन्द महतो, जीवाधन महतो आदि उपस्थित थे।

## जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण का समापन



डोमचांच (आजाद सिपाही)। प्रखंड के नावाडीह पंचायत भवन में कौशल उन्नयन योजना के तहत 25 दिवसीय जूट क्राफ्ट प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। इस प्रशिक्षण में 20 प्रशिक्षुओं को 25 दिन का प्रशिक्षण दिया गया, जिसका उद्देश्य जूट क्राफ्ट कला कारीगरों को जूट से कढ़ाई और बुनायी आर्ट में कुशल उद्यमी बनाना था। समापन समारोह में नावाडीह मुखिया ममता देवी, मुख्यमंत्री लघु और कुटीर उद्योग विकास बोर्ड के जिला उद्यमी समन्वयक अघनु उरांव, जन सहयोगी विकास केंद्र संस्था के सचिव प्रमोद कुमार वर्मा, ज्योति सिंह, डोमचांच प्रखंड उद्यमी समन्वयक आशुतोष कुमार सिन्हा मुख्य रूप से उपस्थित थे। समापन कार्यक्रम के दौरान सभी प्रशिक्षुओं को जूट से बने समान के बाजार, गुणवत्ता आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया कि कैसे हमलोग जूट के सामान बना कर अपने आय में वृद्धि कर आत्मनिर्भर बन सकते है। प्रशिक्षण में प्रत्येक प्रशिक्षु को प्रतिदिन 300 का स्टाइपेंड दिया जायेगा। प्रशिक्षण के दौरान बने सामानों को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर बिक्री के लिए रखा जायेगा। साथ ही स्थानीय स्तर पर आउटलेट लगा कर सामान की बिक्री की जायेगी। प्रशिक्षुओं को जन सहभागी विकास केंद्र से समय-समय पर वर्क ऑर्डर मिलेगा। उपस्थित अतिथियों द्वारा सभी प्रशिक्षुओं को प्रमाण पत्र दिये गये और उन्हें शुभकामनाएं दीं गयी। मौके पर संगीता मेहता, सोनी कुमारी, रूबी कुमारी, मनीषा कुमारी, इंदु वर्मा, पूजा कुमारी, संजू कुमारी, प्रेमलता कुमारी, पिंकी कुमारी, प्रियंका कुमारी, राधा कुमारी, नमिता कुमारी, मालती कुमारी, विद्या कुमारी, समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दामोदर घाटी निगम केटीपीएस नैगम सामाजिक दायित्व सीएसआर अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय खेडोबर के प्रांगण में स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन वरीय प्रबंधक असीम अमिताभ परीदा के नेतृत्व में किया। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर सहायक प्रबंधक कुलदीप राम ने किया। वहीं डॉक्टर रवि कुमार के द्वारा 153 लोगों का स्वास्थ्य जांच की और नि:शुल्क दवा का वितरण किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम में डीजीएम स्वास्थ्य ए एम मिश्रा ने उपस्थित लोगों को स्वास्थ्य संबंधित जानकारी दिया जैसे ठंड के दिनों में पूरा गर्म कपड़े पहनें, कान को ढक कर रखें। गर्म पानी पिये, हाथ मुंह अच्छे से धोयें। आसपास साफ-सफाई रखें। अस्वस्थ होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र और चिकित्सक से सलाह लें। मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक दामोदर यादव, पिंटू कुमार, मेडिकल टीम इरफान, अशोक कुमार सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

## अपर समाहर्ता ने विस्थापित रैयतों के साथ की बैठक



**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पीवीयूएनएल के छाई डैम की समस्या के समाधान के लिए गुरुवार को पतरातू प्रखंड सभागार में अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि की अध्यक्षता में त्रिपक्षीय बैठक का आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम अनुराग कुमार तिवारी, एसडीपीओ पवन कुमार, सीओ मनोज चौरसिया, बीडीओ मनोज गुप्ता, झामुमो नेता संजीव बेदिया, पीवीयूएनएल के राजेश डुंगडुंग, जियाउर्रहमान, संतोष सिंह सहित विस्थापित रैयत शामिल थे। बैठक में अधिकारियों ने रैयतों के जमीन संबंधित कागजातों को देखा गया और रैयतों ने अधिकारियों के समक्ष जमीन संबंधित कागजात प्रस्तुत कर जमीन का दावा प्रस्तुत किया। रैयतों के दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद अधिकारियों द्वारा अंचल कार्यालय के दस्तावेज से मिलान भी किया गया। अधिकारियों ने रैयतों को कई दिशा निर्देश भी दिये गये, और कहा कि जो भी रैयत आज अपनी भूमि संबंधी कागजात नहीं ल पाये है, वे अगली बैठक में अवश्य लाये। अधिकारियों ने रैयतों से कहा कि एक सप्ताह के बाद फिर बैठक आयोजित की जायेगी। इस मौके पर थाना प्रभारी शिवलाल कुमार गुप्ता, आदित्य नारायण प्रसाद, राजाराम प्रसाद, मुखिया विजय मुंडा, नागेश्वर मुंडा, ननकू मुंडा, वीर मोहन मुंडा, विजेंद्र मुंडा, राजकुमार मुंडा, बसंत साव, सुभाष साव, त्रिलोकी साव, भरत साव, जलेश्वर साव, सुरेश साव, अरुण साव, सीताराम साव, उदय अग्रवाल, वाहिद अंसारी, विजय स्वर्णकार, योगेंद्र यादव सहित बालकुदरा, जयनगर, रसदा के ग्रामीण मौजूद थे।

## सदस्यता अभियान पर जोर देने पर बल



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला मंडल भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं की सुवर्ण बनिक सार्वजनिक दुर्गा मंदिर के प्रांगण में संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता गोला मंडल अध्यक्ष बबलू साव ने किया। संचालन महामंत्री सह सदस्यता अभियान के गोला मंडल प्रभारी जितेन्द्र साहु ने किया। बैठक में सदस्यता प्रभारी गोला मंडल के चन्द्रशेखर चौधरी, उप प्रमुख विजय ओझा प्रमुख रुप से शामिल हुए। इस दौरान सर्वप्रथम पंडित दिन दयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तस्वीर पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। मौके पर चंद्रशेखर चौधरी ने कहा कि 22 दिसंबर से चौदह जनवरी तक ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलेगा। दो जनवरी से पंद्रह जनवरी तक सक्रिय सदस्यता बनाने का अभियान चलेगा। एक फरवरी से दस फरवरी तक बूथ कमेटी और बूथ अध्यक्ष का गठन होना है। ग्यारह फरवरी से बीस फरवरी तक मंडल कमेटी और मंडल अध्यक्ष का गठन किया जायेगा। कहा गया कि सभी से आग्रह है कि अधिक से अधिक लोगों कों जोड़े। अभियान के सह संयोजक विकास मणि पाठक, सुलेखा देवी, डोमन नायक, देवंती देवी, संतोष कुशवाहा, प्रीतम झा, प्रमोद रजवार, रामकुमार नायक, ललन कुशवाहा, अर्जुन प्रसाद, नन्द किशोर महतो, जितलाल मुंडा, अनील कुमार, अनीता देवी, चन्द्र मोहन सिंह, उज्जवल चक्रवर्ती, फेकु मुंडा, बुटन महतो, प्रदीप प्रसाद, चमन पोद्दार, दुलाल मिश्रा, मुंशी महतो, हरेंद्र महतो, निरंजन तिवारी, बागेश्वर महतो, भागिरथ कश्यप, झुलन महथा आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## झामुमो युवा मोर्चा ने गरीबों को दिया कंबल



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** झामुमो युवा मोर्चा ने गुरूवार को बलकुदरा पंचायत के पुराना टोला, बड़का टोला, डुमर टोला में गरीब-जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण किया। इस दौरान झामुमो युवा मोर्चा के रामगढ़ जिलाध्यक्ष योगेंद्र यादव ने अपने समर्थकों के साथ गरीब-जरूरतमंद, वृद्ध महिला-पुरूषों के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि क्षेत्र में गरीबों की संख्या बहुत अधिक है, जिन लोगों को अभी कंबल नहीं मिल पाया है उन्हें भी व्यवस्था कर-के जल्द से जल्द कंबल दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभी तक बलकुदरा पंचायत में लगभग 500 लोगों के बीच कंबल बांटा जा चुका है। मौके पर सन्नी मुंडा, ललीता देवी, ईश्वर प्रसाद, सतीश मुंडा, कुणाल यादव, जयनाथ मुंडा, दिपक यादव, जितेन्द्र यादव, विजय मुंडा सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## दिव्यांग रौनक को दिया गया व्हील चेयर



**उरीमारी (आजाद सिपाही)।** गरसुल्ला पंचायत के गरसुला टोला बिहड में गुरुवार को रोटरी क्लब भुरकुंडा के सौजन्य से दिव्यांग अनिता कुमारी, मां शिला देवी पिता बिनोद बेदिया को क्लब के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा और सदस्यों और उरीमारी थाना प्रभारी रामकुमार राम की उपस्थिति में व्हील चेयर दिया गया। इस दौरान रोटरी क्लब भुरकुंडा के अध्यक्ष रोटेरियन प्रवीण शर्मा ने कहा कि रोटरी क्लब हर असहाय और जरूरतमंद दिव्यांग लोगों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रहा है, और आगे भी निरंतर मदद हेतु प्रयासरत हैं। इस दौरान उरीमारी ओपी प्रभारी रामकुमार राम ने कहा की रोटरी क्लब भुरकुंडा का कार्य सराहनीय है। निरंतर सेवा भाव से दिव्यांगजनो के लिए किया गया कार्य हमेशा उचित होता है। इस मौके पर रोटरी क्लब सचिव रंजीत गुप्ता, डॉ एनके सिंह, अजय गोयल, चन्द्रशेखर अग्रवाल, पत्रकार कर्मवीर सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद, तनु उपाध्याय, ग्रामीण बालेश्वर बेदिया, उमेश बेदिया, सिकासन करमाली, लालबहादुर मांझी, सुरेन्द्र बेदिया, पवन बेदिया, मुकुंद बेदिया आदि मौजूद थे।

## सड़क निर्माण कार्य में अनियमितता का मामला उजागर



**कुजू (आजाद सिपाही)।** डीएमएफटी फंड से करीब एक करोड़ रुपये की लागत से बन रहीं कसैराधौड़ा से लेकर तीन नंबर कुजू कोलियरी सड़क में ठिकेदार द्वारा बरती जा रही अनियमितता के कारण निर्माण कार्य के चौथे दिन से ही दरार पड़ने का मामला प्रकाश में आया है। जिसको ठिकेदार द्वारा पत्थर का डस्ट डालकर छिपाने का भरसक प्रयास किया जा रहा है। लेकिन आसपास के ग्रामीणों द्वारा सड़क में पड़ी दरार को देखने का बाद आक्रोश का माहौल है। ग्रामीण एक स्वर से ठिकेदार द्वारा घटिया सीमेंट और छड़ी का प्रयोग करने का आरोप लगा रहे है। मामले की सूचना पर कुजू पूर्वी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि फुलेश्वर साव ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने देखा कि पथ निर्माण के चार दिनो के भीतर ही कई जगहों पर दरार पड़ने लगा है। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह से हालात रहा तो जल्द ही पथ का अस्तित्व खतरे में पड़ जायेगा। इधर, मामले को लेकर जेई हर्ष महतो से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पथ निर्माण में दरार पड़ने की सूचना मिली है। निरीक्षण करने के बाद ही कुछ भी कहा जा सकता है। जबकि पथ पर डाले गये डस्ट के मामले में उन्होंने कहा कि सड़क पर नमी रहने की वजह से डस्ट डाले जाने की पुष्टि की। वहीं, पथ निर्माण करा रहे संवेदक ओमप्रकाश सिंह से दूरभाष पर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि अगर कहीं दरार पड़ा है तो शुक्रवार को जांच के बाद ही कुछ बता पायेंगे और किसी प्रकार की अनियमितता नहीं बरती जा रही है।

### कॉलेज गेट और शिक्षण संस्थानों के बाहर से पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

# स्कूल, कॉलेज और कोचिंग के बाहर दिखे मनचले, तो गिरेगी गाज : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थान के बाहर अगर मनचले दिखे तो उन पर गाज गिरेगी। रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने इसी संदेश के साथ शहर में शिक्षण संस्थानों के बाहर पुलिस के पहरे लगा दिये हैं। एसपी के आदेश पर रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने गुरुवार को रामगढ़ कॉलेज, विभिन्न सरकारी स्कूल और निजी शैक्षणिक संस्थानों के बाहर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस अभियान के पीछे का उद्देश्य यह था कि मनचलों को कहीं भी बैठने की जगह ना मिले। ठेले और गुमटियों की आड़ में मौजूद मनचले शरारती हरकतें करते हैं, जिसका खामियाजा छात्राओं और शिक्षिकाओं को भुगतना पड़ता है। रामगढ़ एसपी ने बताया कि सभी शैक्षणिक संस्थाओं के बाहर लगने वाले ठेले और खोमचे को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यह वही ठेले खोमचे हैं, जहां मनचलों का अड्डाबाजी होता है।



**बाइक पर सवार मनचलों को थाना प्रभारी ने दी हिदायत, खींची तस्वीर**

रामगढ़ कॉलेज के बाहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने मनचलों को सख्त हिदायत दी। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थान के बाहर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं की जायेगी, अगर किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की शिकायत मिलती है तो उस पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों के बाहर अतिक्रमण अभियान चलाया जा रहा है।

**किसी भी तरह की परेशानी होने पर टोल फ्री नंबर पर छात्रा करें शिकायत:** रामगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि छात्राओं को किसी भी तरह की अगर परेशानी होती है तो उनके लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। साथ ही अगर छात्राओं को समस्या होती है तो वे मुझे तुरंत कॉल कर सकती है, तत्काल उन्हें सहायता प्रदान की जायेगी।

# बेखौफ अपराधियों ने महिला को मुंह में मारी गोली, मौत

**छह वर्ष पूर्व नक्सलियों ने की थी मृतक के पुत्र की हत्या**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** जिले में बेखौफ अपराधियों ने शाम ढलते ही उसी की दूकान पर एक महिला के मुंह में गोली मारकर हत्या कर सनसनी फैला दिया है। यह पूरी घटना जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के झारखंड बिहार बॉर्डर स्थित एघारा पंचायत के सोबरनटांड़ गांव की है। अपराधियों ने सोबरन टांड़ गांव निवासी भोला साव की पत्नी मालती देवी की गोली मारकर हत्या कर दिया है। जानकारी के अनुसार तीन बाइक पर सवार होकर अपराधी उसकी दूकान पर पहुंचकर महिला से सिगरेट की मांग किया। इसी बीच मौका मिलते ही अपराधियों ने पिस्टल निकाल कर महिला की मुंह में गोली मार दिया। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गयी। ज्ञात हो कि बीते छह वर्ष पूर्व नक्सलियों द्वारा मृतक महिला के पुत्र की भी हत्या कर दी गयी थी। घटना के बाद प्रतापपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लिया और पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया है। प्रतापपुर पुलिस ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मां छिन्नमस्तिका सीमेंट और स्टील ने सैकड़ों कंबल बांटे

**बरकाकाना (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र हेहल स्थित मां छिन्नमस्तिका सीमेंट और स्टील प्राइवेट लिमिटेड ने बढ़ते ठंड को देखते हुए सीएसआर मद के तहत बिल्हौर, मल्हार सहित सैकड़ों ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया। मौके पर प्लांट के पर्सनल मैनेजर दुर्गा चरण पासवान, सीएसआर मैनेजर आरपी शर्मा, एचआर हेड प्रदीप सहाय, पॉल्यूशन मैनेजर मनोज कुमार, एकाउंट्स हैड दिनेश कुमार चौधरी, एचआर प्रवीण कुमार, निशांत कुमार सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।**

# ठंड लगने से मनरेगा कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार की मौत



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा।** ठंड से मनरेगा कम्प्यूटर ऑपरेटर राजकुमार यादव की मौत हो गयी। मृतक राजकुमार यादव सदर प्रखंड चतरा में पदस्थापित थे। मृतक कान्हाचट्टी प्रखंड के मदगड़ा पंचायत के बिंधानी गांव का रहने वाला था। वे प्रखंड कार्यालय में अपनी ड्यूटी कर शाम को अपने घर लौट रहा थे, तभी अचानक उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में उन्हें हजारीबाग स्थित आरोग्यम अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उन्हें हजारीबाग सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया, जहां उन्होंने अपना दम तोड़ दिया। मृतक लगभग 20 वर्ष से मनरेगा कम्प्यूटर आपरेटर के पद पर कार्यरत थे। राजकुमार यादव ने अपने पीछे पत्नी, दो पुत्र और एक पुत्री को छोड़ गये हैं। बच्चे सभी नबालिग है। मृतक अपने परिवार में एकमात्र कमाऊ व्यक्ति थें। मृतक राजकुमार यादव के माता-पिता और कोई भाई नहीं है। उनके निधन पर जिला ग्रामीण विकास शाखा में मौन धारण कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी। इस मौके पर सुशील कुमार प्रधान सहायक, प्रदीप कुमार सहायक परियोजना पदाधिकारी, सुरज कुमार सहायक सांख्यिकी पदाधिकारी, सुनीता कुजूर आंशूटंकक, रामकुमार राम सहायक, यासीन अनवर, कम्प्युटर आपरेटर संघ के जिला उपाध्यक्ष मरगुब आलम, जिला सचिव मनोज कुमार एनआईसी समेत कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर जारी है ग्रामीणों का विरोध



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** जिले के गोबरदहा गांव में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर ग्रामीणों का विरोध लगातार जारी है। गुरुवार को पुलिस फोर्स और मशीन के साथ जब अधिकारियों के टीम वहां पहुंची तो ग्रामीणों ने एक बार फिर इस प्रोजेक्ट को शुरू करने से मना कर दिया। करोड़ों रुपए की लागत से गोबरदहा गांव में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निर्माण किया जाना है। यहां पतरातु डैम से पानी लाकर उसे फिल्टर किया जायेगा। इसके बाद रामगढ़ नगर परिषद और छावनी परिषद क्षेत्र में घर-घर सप्लाई किया जायेगा। ग्रामीणों के द्वारा लगातार इस मुद्दे पर विरोध किया जा रहा है कि गंदे पानी को फिल्टर करने के दौरान उस इलाके में गंदगी का अंबार लग जायेगा। साथ ही गांव का वातावरण प्रदूषित हो जायेगा।

**रामगढ़ सीओ ने ग्रामीणों को समझने का किया प्रयास :** मौके पर पहुंचे रामगढ़ अंचल अधिकारी सुदीप एक्का ने ग्रामीणों को समझने का काफी प्रयास किया। साथ ही वहां कार्य शुरू करने के लिए सहमति देने की भी बात कही। घंटों मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उनकी बात नहीं मानी। इस दौरान अंचल अधिकारी से 48 घंटे का वक्त मांगा गया। अंचल अधिकारी ने बताया कि ग्रामीण 48 घंटे के अंदर आपसी बैठक कर अपना निर्णय जिला प्रशासन के समक्ष रखेंगे। उनके निर्णय के आधार पर जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा।

**4.9 एकड़ में बनने वाला है वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट :** गोबरदहा में वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के लिए 4.9 एकड़ जमीन चिन्हित की गयी है। इसमें 23 एमएलडी पानी को फिल्टर कर उसका सप्लाई किया जायेगा। रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के 45000 घर और नगर परिषद क्षेत्र के 24000 घरों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। यह पूरा प्रोजेक्ट 205 करोड रुपये का है। लेकिन ग्रामीणों की सहमति नहीं होने के कारण यह कार्य अभी तक शुरू नहीं हो पाया है।

# चलंत लोक अदालत सह जागरूकता शिविर का आयोजन

**कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक होना जरूरी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** प्रधान जिला और सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ के मार्गदर्शन पर गुरुवार को चलंत लोक अदालत और जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एलएडीसी न्याय रक्षक मोहन महतो, अधिकार मित्र उमेश कुमार गुप्ता, टिकेश्वर महतो और पूनम कुमारी ने जागरूकता में शामिल थे। शिविर का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय और टायर मोड़ के पास किया गया, जहां बच्चों और स्थानीय लोगों को कानूनी अधिकारों और विधिक प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गयी।




**अपनी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठायें**

टिकेश्वर महतो ने बच्चों को यह समझाया कि वे अपनी सुरक्षा के लिए क्या कदम उठा सकते हैं और अपने अधिकारों की रक्षा कैसे कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बच्चों को किसी भी प्रकार की हिंसा या शोषण का सामना नहीं करना चाहिए और वे अपने अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनी रास्ते अपना सकते हैं।

**कानूनी अधिकारों की दी गयी जानकारी**

इस शिविर में बच्चों और स्थानीय लोगों को कानूनी प्रक्रियाओं और उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। इस मौके पर उपस्थित लोगों को यह भी बताया गया कि वे किसी भी कानूनी समस्या का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार रामगढ़ से प्राप्त कर सकते हैं। आयोजन के अंत में सभी उपस्थितों को विधिक अधिकारों और सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक किया गया।

**कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक होना जरूरी:** इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों और कर्तव्यों के बारे में जागरूक करना था। न्याय रक्षक मोहन महतो ने बच्चों को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में बताया और समझाया कि कानूनी अधिकार हर नागरिक को मिलते हैं, चाहे वह बच्चा हो या वयस्क। उन्होंने बच्चों को बताया कि किसी भी प्रकार के शोषण या दमन का सामना करने पर उनके पास अपने अधिकारों की रक्षा करने का पूरा हक है। वही, अधिकार मित्र उमेश कुमार गुप्ता ने विधिक सहायता प्राप्त करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोग अपनी कानूनी समस्याओं का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकार से प्राप्त कर सकते हैं और यदि कोई परेशानी आती है, तो उन्हें मुफ्त विधिक सहायता मिल सकती है।


भाकृअनुप- राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान
कटक-753006, ओड़िशा, भारत
ICAR- NATIONAL RICE RESEARCH INSTITUTE
CUTTACK-753 006, (ODISHA), INDIA

विज्ञापन संख्या / Advertisement No. 35/SRF/2024-25

भाकृअनुप-राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक में **"सतत गहनता और डिजिटल संचालित ज्ञान प्रसार (ई-सी.एच.ए.एस.आई.) के माध्यम से जलवायु परिवर्तन के प्रति छोटे धारकों की लचीलापन बढ़ाना"** (ईएपी-359) परियोजना के लिए **एक (01) सिनियर रिसर्च फेलो** के चयन के लिए प्रत्यक्ष साक्षात्कार **दिनांक 03.01.2025** को आयोजित किया जाएगा। आवश्यक योग्यता, आयु, परिलब्धियों की राशि आदि तथा अन्य शर्तों के बारे में जानकारी भाकृअनुप-एनआरआरआई की वेबसाइट **https://icar-nrri.in** पर उपलब्ध हैं।

Walk-in-Interview will be held on **03.01.2025** for selection of **one (01) Senior Research Fellow (SRF)** under the scheme **"Enhancing resilience of smallholders to Climate Change through Sustainable Intensification and digital driven knowledge dissemination (ECHASI) (EAP-359)** at the ICAR-National Rice Research Institute, Cuttack. The details regarding essential qualifications, age, amount of emoluments etc. and other terms and conditions are available in NRRI **Website: https://icar-nrri.in.**

प्रधान अन्वेशक / **PRINCIPAL INVESTIGATOR**

भारतीय रेल
भारत सरकार
रेल मंत्रालय
(रेलवे बोर्ड)

सं. 2023/Track-III/MC/5 — New Delhi, dated: 19.12.2024

शुद्धिपत्र -XIV

विषय : रेल बोर्न मैंटेनेंस व्हीकल "RBMV" की आपूर्ति के लिए दिनांक 31.01.2025 को खोली जाने वाली निविदा संख्या टी एम – 2303।

उपरोक्त निविदा के खुलने के समय 20.12.2024 को स्थगित कर 31.01.2025 कर दिया गया है। निविदा के अन्य सभी नियम व शर्तें अपरिवर्तनीय रहेंगी।

(विजय सिंह)
कार्यकारी निदेशक, रेलपथ (एम. & एम.सी)
रेलवे बोर्ड
दूरभाष नं. 011–47845531
ई मेल: vijay.singh.2017@gov.in

3890/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र के अनुसान क्र.सं - 8447 दिनांक : 18.12.2024 । मै प्राण नायक पिता- मंझिया नायक, उम्र 38 वर्ष लगभग धर्म हिन्दू पेशा- नौकरी राष्ट्रीयता- भारतीय निवाश स्थान ग्राम- हेरमदगा (नियर पानी टंकी) पो0- चाड़ी थाना- गोला जिला- रामगढ (झारखण्ड) -829110 शपथ पूर्वक ब्यान करता हूँ कि:- 1. यह कि मैं वर्तमान में ग्राम- हेरमदगा (नियर पानी टंकी) पो0- चाड़ी थाना- गोला जिला-रामगढ (झारखण्ड) -829110 में निवास करता हूँ जो मेरे आधार कार्ड सं0- 6744 4178 6394 में दर्ज है। 2. यह कि, पूर्व मैं ग्राम सरगडीह मे निवास करता था तब मेरा पता ग्राम- सरगडीह पो0- बरलंगा, थाना- गोला जिला- हजारीबाग (झारखण्ड) था।
3. यह कि मेरे स्थाई पते और सशस्त्र सीमा बल के कागजात में मेरे जिले का नाम हजारीबाग हैं। जो कि झारखण्ड सरकार के गजट नोटीफिकेशन नंबर- C/AGO/NIYUKT-25/2016&439/7 दिनांक- 16/02/2018 के तहत बदली करके रामगढ़ को नया जिला बनाया गया। 4. यह कि यह शपथ पत्र में कार्यालय में दर्ज अपना पूर्व पता ग्राम सरगडीह पो0- बरलंगा, थाना- गोला जिला- हजारीबाग (झारखण्ड) के स्थान पर अपना वर्तमान एवं सही पता ग्राम- हेरमदगा (नियर पानी टंकी) पो0-चाड़ी थाना-गोला जिला-रामगढ (झारखण्ड) -829110 दर्ज करने हेतू संबंधित विभाग के सक्षम पदाधिकारी को रहा हूँ।

**कोर्ट नोटिस**

न्यायालय,
श्रीमान सिविल जज जूनियर डिविजन
नगर उंटारी
औरिजनल वाद स0548/2019
राजनारायण सिंह बगै0
बनाम
1. उपायुक्त, गढ़वा, ग्राम+पोस्ट+थाना जिला-गढ़वा
2. अंचल पदाधिकारी भवनाथपुर
3. सर्वे कम बन्दोबस्त पदाधिकारी डाल्टनगंज, पलामू
4. मिठाई महतो पिता रामरूप महतो ग्राम- मकरी, पो0 थाना भवनाथपुर जिला- गढ़वा

चूं वजरिये इस नोटिस के माध्यम से आपको सूचित करना है कि आपलोगों के विरूद्ध मेरे न्यायालय में O.S.- 548/2019 वाद दायर किया है। जिसमें आपकी अपस्थिति अनिवार्य है। अतः आपको सूचित करना है कि आप स्वयं या अपने अधिवक्ता कि माध्यम से दिनांक 15/01/2025 को समय 10:30 बजे उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें। अन्यथा एक पक्षीय सुनवाई की जाएगी।
आज दिनांक 03/12/2024 को मेरे मुहर एवं, हस्ताक्षर से निर्गत।

हस्ताक्षर
सिविल जज जू0 डी0
नगर उटांरी

**खोया पाया**

शपथ पत्र के अनुसान क्र.सं - 275 दिनांक : 18.11.2024 मैं चन्दन कुमार सिंहदेव, डायरेक्टर शुभवाणी कॉमर्शियल प्राईवेट लिमिटेड, पता-3012. तीसरा तल्ला, स्काईलाईन बिल्डिग कडरू, थाना अरगोडा, जिला-रांची, पिता-सतेन्द्र नारायण सिंहदेव निवासी- जजंगा, जरोली, थाना-बामेबारी, जिला- केन्दुझार, उड़ीसा, वर्तमान पत्ता - गुदडी चौक, थाना- लोअर बाजार, जिला-रांची, झारखण्ड का निवासी हूँ। मैं कहना चाहता हूँ कि विलेख संख्या (डीड नंबर) 10437 दिनांक 23.09.1992, सीरियल नं0-11098, बुक नं0-1 के तहत खाता संख्या 21 के अंतर्गत आर०एस० प्लॉट संख्यार 855 रकबा 14 कट्ठा 7 छटॉक जो कि ग्राम बरियातु, थाना-बरियातु जिला-रांची से संबंधित हैं, दिनांक 19.11.2024 को लगभग अपराह 01:00 बजे मिशन चौक से गुदड़ी चौक, थाना लोअर बाजार, जिला रांची क्षेत्र में कहीं खो गया / गुम हो गया। मैंने दिनांक 19.11.2024 को लोअर बाजार थाना में इस संबंध में शिकायत दर्ज कराया है तथा जितेन्द्र पाण्डेय पिता स्व० कमला शंकर पाण्डेय, निवासी- हाउसिंग कॉम्पलेक्स, घाटोटांड, जिला-रामगढ़ उसी संपत्ति के लिए भारतीय स्टेट बैंक RACPC रांची शाखा, कोड-000167 के माध्यम से गृह ऋण प्राप्त करना चाह रहे है, यदि किसी व्यक्ति को उक्त दस्तावेज मिले तो कृपया उसे ऊपर दिए गए मेरे पते पर पहुंचाने की कृपा करें या मुझसे इस नंबर 7004113815 पर संपर्क करें

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 2486 date 19.12.2024, I. BABAN KUMAR PATHAK, S/O- BALMUKUND PATHAK, aged about 61 years, by faith- hindu, residing at address Station Road, Patratu. P.O- Patratu PTPS, P.S- Patratu, Dist- Ramgarh (Jharkhand) do hereby solemnly declare as under: 1. That my actual and correct name is BABAN KUMAR PATHAK S/O- BALMUKUND PATHAK which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 3949 2502 7857. 2. That I was previously known with the same name as mentioned in my Bank Passbook bearing A/c No. 481510100017461 at Bank of India Patratu Branch, but now I have change the name/ spelling in all my OVD's (Aadhar, PAN, Voter Id, Passport, Driving License, and from futher I will be known with the same name/ spelling as mentioned in my Aadhar/ PAN/Voter Id/ Passport/ Driving License, and I will not change my name again and if there persists any discrepancy/ fraud due to name/ spelling change I will be solemnly responsible for the same, and Bank does not stands for any Liability in name change. 3. That BABAN KUMAR PATHAK, S/O- BALMUKUND PATHAK and SHYAM KISHOR PATHAK, S/O- LATE BAL MUKUND Pathak both name are same and single person i.e., myself.
that this affidavit is meant/ required for the authority concerned at bank forname change n my Account.
5. That the above statement are true to the best of my knowledge and are correct.

# अमल का सवाल

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) अब केवल कॉम्पिटिटिव एंट्रेंस एग्जाम करायेगी। माना जा रहा है कि एजेंसी का वर्कलोड कम होने से वह ज्यादा फोकस्ड होकर काम कर पायेगी। यह कदम एनटीए की साख को बचाने और इस साल हुए पेपर लीक कांड की वजह से इमेज पर लगे धब्बे को मिटाने के लिए जरूरी भी था। इस साल नीट विवाद के बाद सरकार ने जो समिति गठित की थी, उसकी सिफारिश है कि क्षमता बढ़ाने के बाद ही एजेंसी को बाकी परीक्षाओं का आयोजन करना चाहिए। इस संस्था की स्थापना राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली परीक्षाओं में पारदर्शिता, विश्वसनीयता और एक समान प्रणाली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से की गयी थी। यह विचार अपने आप में ठीक है कि किसी प्रतियोगी परीक्षा में देशभर के स्टूडेंट्स को एक जैसा मौका मिलना चाहिए। हालांकि इस पर अमल में बहुत सारी गड़बड़ियां पायी गयीं। नीट पेपर लीक को लेकर देश में जिस तरह का हंगामा हुआ था और कई राज्यों में विवाद खड़े हुए, उसे एनटीए का सबसे लो प्वॉइंट कह सकते हैं। इसने स्टूडेंट्स के विश्वास को हिलाकर रख दिया। यही वजह है कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने खासतौर पर नीट का जिक्र करते हुए कहा कि इसे किस मोड में करवाना चाहिए, इस पर बातचीत चल रही है। इसरो के पूर्व प्रमुख के राधाकृष्णन की अध्यक्षता में गठित समिति ने साफ-सुथरी परीक्षा के लिए कई और सुझाव दिये हैं। परीक्षा केंद्र चुनने के लिए डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग, पेपर लीक जैसी घटनाओं से बचने के लिए हाइब्रिड मॉडल, जिसमें कंप्यूटर के साथ पेन-पेपर का भी इस्तेमाल हो और डिजी यात्रा की तर्ज पर डिजी एग्जाम जैसे उपाय नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के काम को और बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 2024 में 29 परीक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें 85.78 लाख स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। हालांकि 2023 के मुकाबले यह आंकड़ा काफी कम है, तब एजेंसी ने 66 परीक्षाएं संभाली थीं और उनमें 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था। ये नंबर अपने आप में जाहिर कर देते हैं कि एनटी पर कितनी अहम जिम्मेदारी है। लाखों बच्चों का भविष्य सीधे उससे जुड़ा हुआ है। परिणाम तो बाद की बात है, पहले यह जरूरी है कि परीक्षा कराई कैसे जाती है। और इस नुक्ते पर आकर बच्चों की महीनों की मेहनत, भविष्य के सपने और उम्मीदें- सब कुछ ठळअ पर टिके होते हैं। इसमें दो राय नहीं कि ये सिफारिशें पहली नजर में उपयुक्त लग रही हैं, लेकिन इनकी असल परीक्षा व्यवहार में ही होनी है। देखना होगा कि इन सिफारिशों पर कितना सुसंगत अमल हो पाता है।

**नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 2024 में 29 परीक्षाएं आयोजित कीं, जिनमें 85.78 लाख स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। हालांकि 2023 के मुकाबले यह आंकड़ा काफी कम है, तब एजेंसी ने 66 परीक्षाएं संभाली थीं और उनमें 1.33 करोड़ स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन कराया था।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**85 फीसदी से अधिक रकबे में धान व गेहूं की खेती पर निर्भर पंजाब में कैमिकल कीटनाशकों की बढ़ती खपत चिंताजनक है। राष्ट्रीय स्तर पर जहां कीटनाशकों की खपत प्रति हेक्टेयर 62 किलो है, वहीं 77 किलो प्रति हेक्टेयर कीटनाशकों की खपत करने वाला पंजाब जैसा छोटा प्रदेश यूपी और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों के बाद देश में तीसरे नंबर पर है। इस पागलपल के परिणाम विनाशकारी हैं। हमारी उपजाऊ जमीन बंजर हो रही है।**

# जहरीली धरती से खाने और खून में घुलता जहर

**डॉ अमृत सागर मित्तल**

पंजाब की जिस हरियाली व खुशहाली का जो रूप हमने देखा है, वह अब एक डरावनी हकीकत की ओर तेजी से बढ़ रहा है। बठिंडा, मानसा और लुधियाना के खेतों की मिट्टी के 60 फीसदी नमूनों में एंडोसल्फान और कार्बोफ्यूरान जैसे जहरीले कैमिकल कीटनाशकों के अवशेष पाये गये हैं। यह खतरा एक ऐसे टाइम बम जैसी चेतावनी है, जो न केवल हमारी फसलों में जहर घोल रहा है, बल्कि आने वाली नस्लों पर संकट का संकेत है। हर साल 5 दिसंबर को मनाये जाने वाले वर्ल्ड सॉयल डे के मौके पर जहां दुनिया के तमाम देश धरती में घुलते इस जहर पर कड़ी नजर रखने के उपायों बारे चर्चा करते हैं, वहीं भारत को भी इस जहर के कहर से बचने के कारगर कदम उठाने होंगे।



**खेतों से थाली तक जहर का कहर :** 85 फीसदी से अधिक रकबे में धान व गेहूं की खेती पर निर्भर पंजाब में कैमिकल कीटनाशकों की बढ़ती खपत चिंताजनक है। राष्ट्रीय स्तर पर जहां कीटनाशकों की खपत प्रति हेक्टेयर 62 किलो है, वहीं 77 किलो प्रति हेक्टेयर कीटनाशकों की खपत करने वाला पंजाब जैसा छोटा प्रदेश यूपी और महाराष्ट्र जैसे बड़े राज्यों के बाद देश में तीसरे नंबर पर है। इस पागलपल के परिणाम विनाशकारी हैं। हमारी उपजाऊ जमीन बंजर हो रही है। मिट्टी में प्राकृतिक उर्वरता बनाये रखने वाले सूक्ष्मजीव कैमिकल कीटनाशकों के बढ़ते इस्तेमाल के कारण 30 से 50 फीसदी तक खत्म हो चुके हैं। इसका सीधा असर मिट्टी की गुणवत्ता व फसलों की पोषण क्षमता पर पड़ा है। सेंटर सॉयल सैलेनिटी रिसर्च इंस्टीच्यूट (सीएसएसआरआइ) के मुताबिक एग्रो-कैमिकल्स के अधिक इस्तेमाल के कारण भारत में 67 लाख हेक्टेयर जमीन लवणता से प्रभावित हो चुकी है। मिट्टी में घुले कैमिकल हमारे खाये हर निवाले से हमारे डीएनए में जहर घोल रहे हैं, जिसका असर आने वाली पीढ़ियों में भी दिखेगा। इसके लिए अभी से जागरूक होकर इस संकट का कारगर समाधान ढूंढना होगा।

**सरकार को खतरनाक कीटनाशकों पर प्रतिबंध के साथ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए।**

**जमीनी हकीकत यह है कि कीटनाशक निर्माता कंपनियों के खिलाफ मेडिको-लीगल मामला दर्ज कराना किसानों के लिए बहुत मुश्किल व खर्चीला है। सटीक डाटा के अभाव में किसी की भी जवाबदेही तय नहीं हो पा रही। राज्य सरकारें भी घातक कैमिकल कीटनाशकों पर 60 दिन तक का अस्थायी प्रतिबंध लगा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही हैं।**

**कानूनी खामियां :** कीटनाशकों के उत्पादन एवं इस्तेमाल पर नियंत्रण रखने के लिए साल 1968 का इंसेक्टिसाइड एक्ट व 1971 के इंसैक्टिसाइड रूल्स आज के दिन कारगर नहीं हैं। कीटनाशकों के दुष्परिणामों को कम करने के लिए पैस्टीसाइड मैनेजमैंट बिल 2020 जैसे संशोधन की कोशिशें हुईं, लेकिन इसमें कई बड़ी खामियां हैं। यह बिल हमें जहरीले कीटनाशकों से बचाने की बजाय केवल इनके निर्माताओं के रजिस्ट्रेशन व लाइसैंसिंग प्रक्रियाओं पर केंद्रित होकर रह गया। 1968 का इंसैक्टिसाइड एक्ट व 1971 के इंसैक्टिसाइड रूल्स आज के दिन कृषि पर गहराते इस संकट को संभालने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं। पैस्टीसाइड एक्शन नैटवर्क के मुताबिक, हर साल दुनियाभर में कीटनाशकों के जहर के कारण औसत 11,000 मौतें होती हैं, जिनमें से 6,600 मौतें भारत में हो रही हैं। इन आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि हमारे देश में कीटनाशकों के इस्तेमाल व सुरक्षा उपायों में कानूनी स्तर पर भारी खामियां हैं।

**ट्रेनिंग और जागरूकता की कमी :** फसलों में कीटनाशकों की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता, लेकिन इनके जहरीले प्रभावों के कारण इनके उत्पादन, खपत और निपटान पर कड़ी निगरानी की जरूरत है। बीते 3 दशकों में कैमिकल कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल बढ़ा है, जिसका बड़ा कारण कीटनाशक निर्माता कंपनियों की आक्रामक मार्केटिंग रणनीतियां हैं। ऐसे में कीटनाशकों के रिटेल विक्रेताओं की भूमिका पर भी सवाल खड़े होते हैं कि वे किसानों को अधूरी या भ्रमित करने वाली जानकारी देते हैं। फसल की जरूरत मुताबिक कीटनाशकों के सही इस्तेमाल के लिए किसानों को कारगर ट्रेनिंग नहीं मिल रही। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के प्लांट प्रोटेक्शन डिपार्टमेंट ने 1994 से 2022 तक देश के करीब 15 करोड़ किसानों में से केवल 5.85 लाख किसानों को इंटीग्रेटिड पैस्ट मैनेजमैंट की ट्रेनिंग दी। पैस्टीसाइड मैनेजमैंट पर इंटरनेशनल कोड ऑफ कंडक्ट की हिदायतों मुताबिक, सरकारें एवं निर्माता कंपनियां किसानों को सही ट्रेनिंग और जानकारी दें, पर इन हिदायतों के पालन पर सख्ती करने की जरूरत है।

**सटीक रिकॉर्ड तक नहीं :** कीटनाशकों के जहर से होने वाली मौतों का देश में सटीक रिकॉर्ड न होना भी इन पर नियंत्रण रखने वाले रैगुलेटरी सिस्टम को कमजोर करता है। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के रिकॉर्ड में वही मामले होते हैं, जो मैडिको-लीगल केस के तौर पर सामने आते हैं। जमीनी हकीकत यह है कि कीटनाशक निमार्ता कंपनियों के खिलाफ मेडिको-लीगल मामला दर्ज कराना किसानों के लिए बहुत मुश्किल व खचीर्ला है। सटीक डाटा के अभाव में किसी की भी जवाबदेही तय नहीं हो पा रही। राज्य सरकारें भी घातक कैमिकल कीटनाशकों पर 60 दिन तक का अस्थायी प्रतिबंध लगा अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रही हैं, जिसके चलते समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकल रहा। भारत में सुरक्षा संबंधी जानकारी अक्सर पर्चियों में भर दी जाती है, जिससे किसानों को कीटनाशकों के जोखिमों व सही मात्रा में इस्तेमाल बारे स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाती। हालांकि सैद्धांतिक रूप से कंज्यूमर प्रोटेक्शन एक्ट किसानों पर भी लागू होता है, लेकिन भ्रमित करते लेबल और घटिया कीटनाशक निर्माताओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई नहीं होती।

**आगे की राह :** सरकार को खतरनाक कीटनाशकों पर प्रतिबंध के साथ पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित विकल्पों को बढ़ावा देना चाहिए। पैस्टीसाइड मैनेजमेंट बिल 2020 की खामियां दूर हों, ताकि कीटनाशकों के लेबलिंग मानकों से किसानों को उनके खतरों और सही इस्तेमाल की सटीक जानकारी मिल सके। आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित करने के लिए कारगर गैर-कैमिकल कीटनाशकों को बढ़ावा देना होगा।

**(लेखक कैबिनेट मंत्री रैंक में पंजाब इकोनॉमिक पॉलिसी एवं प्लानिंग बोर्ड के वाइस चेयरमैन भी हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# मुंबई कांग्रेस दफ्तर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने की तोड़फोड़

**सोनिया, राहुल और प्रियंका के पोस्टर पर काला रंग फेंका, पुलिस ने लाठीचार्ज कर खदेड़ा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मुंबई।** मुंबई में गुरुवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की। दरवाजे और खिड़की के शीशे तोड़ डाले। कांग्रेस दफ्तर के बाहर लगे सोनिया, राहुल, प्रियंका और मल्लिकार्जुन खड़गे के पोस्टर पर काला रंग फेंका।



पुलिस ने हालात काबू में करने के लिए पहले उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उन्हें हिंसक होता देख लाठीचार्ज किया। इस दौरान कुछ कार्यकर्ता घायल हुए। तोड़फोड़ के दौरान भाजपा कार्यकर्ता वंदे मातरम का नारा लगा रहे थे। उनका कहना था कि अंबेडकर का अपमान अमित शाह ने नहीं, बल्कि कांग्रेस ने किया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने 17 दिसंबर को राज्यसभा में विपक्ष के नेताओं से कहा था कि अंबेडकर जितना नाम अगर भगवान का लिया होता तो 7 जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। इस बयान के बाद विपक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी से शाह को बर्खास्त करने की मांग की। विपक्ष शाह से माफी की मांग को लेकर दो दिन से देशभर में प्रदर्शन कर रहा है।

शाह ने 18 दिसंबर को अपने बयान को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की और कहा कि विपक्ष मेरी बात को तोड़ मरोड़कर पेश कर रहा है। इस बीच संसद परिसर में 19 दिसंबर को इंडिया और एनडीए सांसदों के बीच धक्का-मुक्की हुई जिसमें भाजपा के 2 सांसद घायल हो गये।

## राजद विधायक के भाई के घर छापेमारी

**पटना (आजाद सिपाही)।** बड़ी खबर बिहार से आ रही है, जहां राजद विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव के कई ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की है। यह कार्रवाई पटना एम्स के सुरक्षा अधिकारी पर दिनदहाड़े फायरिंग करने के मामले में की गयी है। बताते चलें कि खगौल थाना अंतर्गत कोथवां स्थित घर समेत कई ठिकानों पर पुलिस ने छापेमारी की है। राजद के बाहुबली विधायक रीतलाल यादव के भाई पिंकू यादव ने 22 अगस्त 2024 को पटना एम्स के एक अधिकारी पर गोलीबारी करवाई थी और उन्हें धमकी भी दी थी। इसके बाद पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लिया और खोजबीन शुरू की। काफी खोजबीन के बाद भी पिंकू यादव अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। छापेमारी के दौरान पुलिस ने 3 बंदूक बरामद की है, जिनमें किसी भी बंदूक का लाइसेंस नहीं है। इसके अलावा 11 लाख कैश, नोट गिनने की मशीन, पुराने स्टांप पेपर, जमीन के कागजात आदि मिले हैं।

## जम्मू-कश्मीर के कुलगाम में एनकाउंटर


# हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर समेत 5 आतंकी ढेर

**गोलीबारी में 2 जवान घायल**

**सेना और आतंकियों के बीच मुठभेड़ कुलगाम जिले के बेहिबाग पीएस के कद्देर गांव में हुई।**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्देर इलाके में सेना और पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन का कमांडर फारूक अहमद भट्ट भी शामिल है। हालांकि, आतंकियों के शव मिलने बाकी हैं। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं।



आतंकी फारूक अहमद भट्ट

गुरुवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद जॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की।

उधर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर दिल्ली में मीटिंग कर सकते हैं। सितंबर-अक्टूबर में हुए विधानसभा चुनावों के बाद यह पहली बैठक होगी। इसमें उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, सेना, अर्धसैनिक बलों, जम्मू-कश्मीर प्रशासन, खुफिया एजेंसियों और गृह मंत्रालय के सीनियर अफसर शामिल होंगे।

इससे पहले 16 जून को भी शाह ने हाई लेवल मीटिंग की थी। इसमें उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया था कि आतंकवाद को कुचलें और आतंकियों की मदद करने वालों पर भी सख्ती बरतें।

**दिसंबर में एनकाउंटर की पहली घटना**

जम्मू-कश्मीर में सेना और आतंकियों के एनकाउंटर की यह पहली घटना है। पिछले महीने नवंबर में 10 दिनों में 9 एनकाउंटर हुए थे। जिसमें 8 आतंकी ढेर हो गये थे। जम्मू रीजन में सेना ने 20 साल पहले पाकिस्तान परस्त आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा के जिस लोकल नेटवर्क को सख्ती से निष्क्रिय कर दिया था, वो पूरी ताकत से फिर एक्टिव हो गया है।

# ढाका में भारतीय और बांग्लादेशी मौलानाओं के समर्थकों की झड़प में 4 की मौत, सैकड़ों घायल

**इज्तिमा मैदान पर कब्जे को लेकर भिड़े**

**एजेंसी**

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका से 40 किमी दूर टोंगी कस्बे में इज्तिमा के आयोजन को लेकर मंगलवार को मौलानाओं के दो गुटों में हंगामा हो गया। इस हंगामे में भारत के मौलाना साद और बांग्लादेश के मौलाना जुबैर के समर्थकों के बीच हिंसक झड़प हुई। मारपीट में 4 लोगों की मौत हो गयी है, इसके अलावा सौ से ज्यादा लोग घायल हैं।



पुलिस के मुताबिक दोनों पक्षों ने 7 लोगों की मौत का दावा किया है। प्रशासन ने इलाके में धारा 144 लागू कर सेना को तैनात कर दिया है। टोंगी में झड़प के बाद घायलों को ढाका के मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां एक बार फिर दोनों गुटों में भिडंत हो गयी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार में गृहमंत्री मोहम्मद जहांगीर आलम ने कहा कि 4 लोगों की मौत का केस दर्ज कर लिया गया है।

मैदान के कब्जे को लेकर हुई झड़प बांग्लादेश पुलिस के मुताबिक मौलाना साद के समर्थक (सादपंथी) शुक्रवार, 20 दिसंबर से टोंगी मैदान में 5 दिवसीय इज्तिमा आयोजित करना चाहते हैं। मौलाना जुबैर के समर्थक उन्हें यहां इज्तिमा नहीं करने देना चाहते। इसके चलते जुबैर के समर्थकों ने पहले से ही इज्तिमा मैदान पर कब्जा कर लिया।

मंगलवार सुबह करीब 3:30 बजे मौलाना साद के समर्थक मैदान में पहुंच गये थे। इसके बाद झड़प शुरू हो गयी। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के बांग्लादेश छोड़ने के बाद से जुबैर समर्थक दो चरणों में होने वाले टोंगी इज्तिमा को एक चरण में करने की मांग कर रहे हैं।

जुबैर समर्थकों का आरोप है कि हसीना की पार्टी ने मुस्लमानों को बांटने के लिए इज्तिमा को दो चरणों में शुरू किया था। दूसरी ओर जुबैर समर्थकों ने मौलाना साद के समर्थकों पर भारत के एजेंट होने का आरोप लगाया है।

# भारत-चीन सीमा विवाद को सुलझाने के लिए 6 मुद्दों पर सहमति

**एजेंसी**

**बीजिंग।** कैलाश मानसरोवर यात्रा जल्द शुरू होगी। बुधवार को बीजिंग में चीन के विदेश मंत्री वांग यी और भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के बीच बैठक में 6 मुद्दों पर सहमति बनी। यह बैठक भारत और चीन के बीच सीमा विवाद को सुलझाने के लिए हुई थी।

डोभाल 17 अक्टूबर को भारत और चीन के बीच विशेष प्रतिनिधि स्तर की 23वीं बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। डोभाल 5 साल के बाद चीन के दौरे पर गये हैं। इससे पहले 2019 में विदेश मंत्री जयशंकर ने बीजिंग का दौरा किया था। जून 2020 में गलवान में हुई हिंसक झड़प के बाद दोनों देशों के बीच संबंध खराब हो गये थे।



**चीन ने कहा**

इमानदारी से मतभेदों को सुलझाने के लिए तैयार बैठक भारतीय समय के मुताबिक सुबह 8 बजे शुरू हुई। बैठक के बाद चीन ने कहा कि वह भारत के साथ हुए समझौतों को लागू करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि चीन ईमानदारी से मतभेदों को सुलझाने के लिए तैयार है। दोनों देशों के अधिकारी तिब्बत से कैलाश मानसरोवर यात्रा को जल्द शुरू करने, सीमा-पार नदी सहयोग और नाथूला सीमा व्यापार को बढ़ावा देने पर सहमत हुए।

**भारत और चीन के बीच 2 साल में 38 बैठकें हुईं भारत**

चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में चार साल से सीमा विवाद को लेकर तनाव था। दो साल की लंबी बातचीत के बाद 21 अक्टूबर को एक समझौता हुआ कि दोनों सेनाएं विवादित पॉइंट्स देपसांग और डेमचोक से पीछे हटेंगी। इसके बाद 25 अक्टूबर से दोनों देशों की सेनाओं ने विवादित पॉइंट्स से हटना शुरू कर दिया था।

भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 27 अक्टूबर को कहा था कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। तनाव को कम करने के लिए दोनों देशों के बीच 2 साल में 38 बैठकें हुई थीं। समझौते के मुताबिक दोनों सेनाएं अप्रैल 2020 से पहली की स्थिति में वापस लौट गयी हैं। सेनाएं अब उन्हीं क्षेत्रों में गश्त कर रही हैं, जहां अप्रैल 2020 से पहले किया करती थीं। इसके अलावा कमांडर लेवल मीटिंग अब भी जारी है।

## बंद पड़े सरकारी स्कूल की भूमि पर कब्जा कर रहे भू माफियाओं के प्रयास पर पानी फिरा

# सरकारी स्कूल की भूमि पर किये गये अवैध चारदीवारी पर प्रशासन ने चलवाया बुलडोजर

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** नव प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर की भूमि पर चारदीवारी किये जाने की खबर प्रकाशित होने के बाद जिला प्रशासन की नींद खुली है। गुरूवार को शिक्षा विभाग के पदाधिकारियों, अंचल कर्मियों आदि की उपस्थिति में सरकारी विद्यालय का किये गये अतिक्रमण को गिरा दिया गया। गुरुवार को पदाधिकारी नव प्राथमिक विद्यालय कल्याणपुर पहुंचे और अवैध अतिक्रमण को जेसीबी के माध्यम से हटाया गया। उसे दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज, अंचलाधिकारी सफी अलम, बीडीओ कुमार नरेंद्र नारायण दलबल के साथ पहुंचे तथा चारदीवारी गिरवाने के बाद स्पष्ट रूप से कहा कि इस विद्यालय को दूसरे जगह मर्ज कर दिया गया है लेकिन भवन शिक्षा विभाग का है। इस परिसर पर किसी को चारदीवारी दिलाने का हक नहीं है।

बताते चलें कि जिला मुख्यालय के कल्याणपुर गांव स्थित और नए समाहरणालय भवन के सटे नव प्राथमिक विद्यालय है। विद्यालय भवन के साथ-साथ सरकारी राशि से शौचालय का निर्माण व हैंडपंप भी लगाया हुआ है। सरकारी स्कूल और भूमि में ही बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर भी लगा है। मगर अतिक्रमणकारियों द्वारा इसका कब्जा करने के बाद ट्रांसफार्मर भी चारदीवारी के अंदर हो गया था। इस मामले में ग्रामीणों ने डीसी को आवेदन दिया था तथा अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन रेस हुआ तथा यह कार्रवाई की गयी। ग्रामीणों का कहना था कि दो दशक पूर्व तत्कालीन डीसी एसके सत्यपथी ने मुसहर परिवार के बच्चों के लिए इस विद्यालय को बनवाया था। ताकि मुसहर के बच्चे शिक्षित हो सकें। मगर इस स्कूल के भूमि पर कब्जा करने के उद्देश्य से चारदीवारी निर्माण कर गेट लगा दिये थे।

## केवाला, रसीद और अन्य कागजात दिखाकर जमीन वैध होने का किया गया दावा

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिस भूमि को सरकारी जमीन बताया जा रहा है वह खरीदगी की जमीन है। उक्त भूमि का केवाला मेरे पास है। सरकारी रसीद भी कटता आ रहा है। रजिस्टर टू में सुनीता देवी पति प्रवीण कुमार सिंह का नाम दर्ज है। म्यूटेशन भी हुआ है। करेक्शन स्लीप है। बावजूद हमें भू माफिया बताया जा रहा है। उक्त बातें सहिजना निवासी अरविंद सिंह और उनके पुत्र आकाश सिंह ने गुरूवार को पत्रकार वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने बताया कि गढ़वा अंचल के कल्याणपुर स्थित खाता 154, प्लांट 2008 , रकबा 1.27 एकड़ जमीन हमारे परिवार के सदस्य के नाम है। इस जमीन की रजिस्ट्री उन्होंने 2004 में कराई थी। 2005-06 में इसका म्यूटेशन अंचल कार्यालय द्वारा किया गया। मामले से पूरा प्रशासन अवगत है। हमने जब मापी के लिए आवेदन दिया तो अंचल कार्यालय द्वारा माफी भी करायी गयी। तत्कालीन सीओ कुमार मयंका भूषण, राजस्व कर्मचारी अजीत कुमार दुबे, सीआई सुशील कुमार तिवारी के आदेश पर मापी को पूर्ण कराया गया। उन्होंने कहा कि अंचल कर्मियों की उपस्थिति में हमने चारदीवारी की थी। तक किसी प्रकार की आपत्ति नहीं की गयी थी। जमीन मेरी है मगर इसे सरकारी बताया जा रहा है। अपना हक पाने के लिए मशक्कत करनी पड़ रही है।

## मुख्य सड़क पर बिना संकेतक के बन रहा ब्रेकर, हो रही दुर्घटना

**वरिष्ठ अधिवक्ता की पत्नी बाइक से गिरकर गंभीर रूप से हुई घायल**

बलराम शर्मा

**मेराल (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के गढ़वा-मझिआंव मुख्य मार्ग पर ओखरगाड़ा स्कूल के पास बिना संकेतक के बने ब्रेकर दुर्घटना का कारण बन रहा है। गढ़वा के वरिष्ठ अधिवक्ता विजय पांडे की पत्नी इसी जगह बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। दुर्घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से इलाज के लिए उन्हें सदर अस्पताल गढ़वा भेजा गया। लोगों के अनुसार बिना संकेतक के बने इस ब्रेकर के पास लगातार दुर्घटना घट रही है। मुख्य मार्ग पर बने दुर्घटना वाला ब्रेकर को लेकर समाज सेवी सोएब खान ने कहा की गढ़वा मंझिआंव मुख्य मार्ग ओखरगाड़ा मोड़ पर इस तरह अवैध जानलेवा बने ब्रेकर के कारण प्रतिदिन एक दो घटना घटती रहती है, लेकिन जिला प्रशासन मौन बैठी हुई है। जबकि स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा ब्रेकर हटाने के लिए मेराल सीओ के पास लिखित आवेदन दिया है।

### ग्रामीणों ने नहीं हटाने दिया था ब्रेकर : सीओ

इस संबंध में सीओ जसवंत नायक ने बताया कि ग्रामीणों के आवेदन पर जिला प्रशासन से अनुमति लेकर ठोकर हटाने के लिए दंडाधिकारी के साथ जेसीबी मशीन भेजे थे, लेकिन वहां के लोगों ने यह कहकर ब्रेकर नहीं हटाने दिया की स्कूल में बच्चे आते-जाते रहते हैं, ब्रेकर नहीं रहने से यहां बड़ी दुर्घटना घट सकती है।

### ग्रामीणों ने बनाया है बेतरतीब ब्रेकर : ईई

इस मामले में पथ निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता प्रदीप कुमार ने बताया कि स्थानीय प्रबुद्ध ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से अनुमति लेकर मनमानी और गलत रुप से ब्रेकर बनवाया गया है। वहां के लोगों के द्वारा संवेदक के साथ भी दुर्व्यवहार किया गया था। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीणों के द्वारा ब्रेकर को हटाने के लिए अगर आवेदन दिया जाता है तो उक्त ब्रेकर को तुरंत हटा दिया जायेगा।

## एसडीओ ने उच्च विद्यालय ओखरगड़ा का किया औचक भ्रमण, दिये आवश्यक निर्देश

**कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को गणित पढ़ाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गुरुवार को अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने उच्च विद्यालय ओखरगड़ा का औचक भ्रमण किया। जहां उन्होंने शिक्षकों तथा छात्र-छात्राओं से विद्यालय से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर आवश्यक जानकारी ली व विद्यालय प्रबंधन समिति के पुनर्गठन को लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं को रोचक तरीके से त्रिकोणमिति का चैप्टर भी पढाया। उल्लेखनीय है कि बीते दिनों इस विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष तथा स्कूल के प्रधानाचार्य पर कई आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था, उपरोक्त को लेकर बीडीओ तथा बीईईओ के द्वारा आवश्यक जांच व कार्रवाई की गयी थी। उसी क्रम में निरीक्षण करने हेतु अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार आज स्तरोन्नत उच्च विद्यालय ओखरगड़ा पहुंचे हुए थे।

**बच्चों व शिक्षकों से जाना पक्ष:** विद्यालय पहुंचकर संजय कुमार ने विद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्रधानाचार्य, शिक्षकों व लिपिक से पक्ष जाना। इस पर एसडीओ ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि इस प्रकार की पुनरावृत्ति भविष्य में नहीं होना चाहिए। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष द्वारा छात्र-छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार की शिकायत मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से जानकारी ली गयी। विद्यालय परिसर के सीमांकन हेतु प्रधानाध्यापक को सुझाव दिया गया कि वे इस संबंध में संबंधित अंचल कार्यालय को विहित प्रक्रिया अपनाते हुये आवेदन कर दें।

## सफलता के लिए अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता: एसडीपीओ

**बीएनटी संत मैरी और ने अपने अपने मैच जीते**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति के तत्वाधान में गोविंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 23वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में एंट संत मैरी की टीम ने जिला शिक्षा निकेतन को 84 रनों से डीपीएस जूनियर की टीम ने डीएवी मॉडल को 104 रनों से हराकर अगले चक्र में प्रवेश किया। मैच से पूर्व डीएसपी नीरज कुमार ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और सिक्का उछाल कर मैच प्रारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जीवन में अपने लक्ष्य तक पहुंचने के लिए कड़ी मेहनत के अलावा और कोई रास्ता नहीं है। हर क्षेत्र में सफलता के लिए अच्छे स्वास्थ्य की आवश्यकता होती है और स्वस्थ वही रहेगा जो प्रतिदिन खेलकूद के साथ-साथ योग करेगा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार डीपीएस जूनियर के आर्यन को दिया गया। इस मौके पर उपाध्यक्ष दीपक , सचिव आनंद सिन्हा,सह सचिव प्रिंस सोनी, अभिषेक द्विवेदी, रोहन तिवारी और स्कोरर की भूमिका मंजय पाल ने निभायी।

## संदेहास्पद स्थिति में हुई साले की मौत, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता



**सगमा।** बहनोई के घर संदेहास्पद स्थिति में हुई साले की मौत जांच में जुटी पुलिस। मिली जानकारी के अनुसार बीते बुधवार को सीमावर्ती सोनभद्र जिला के दूधी स्थित मालदेवा गांव निवासी उपेंद्र प्रजापति गढ़वा जिले की पुतुर गांव में अपने लड़का के लिए लड़की देखने आये थे। लड़की देखने के बाद मृतक उपेंद्र प्रजापति पुतुर गांव में ही रिश्ते में बहनोई के यहां चला गया। रात के समय सभी परिवार के साथ मृतक भी भोजन करने के पश्चात सोने चला गया।

इस घटना के विषय में जानकारी देते हुए मृतक के रिश्ते में बहनोई जवाहिर प्रजापति का कहना है कि सोनभद्र जिले के माल्देवा गांव निवासी उपेंद्र प्रजापति बुधवार को मेरे भाई अमेरिका प्रजापति के यहां शादी संबंध को लेकर लड़की देखने आये थे, लड़की देखने के बाद सभी लोग भोजन किये, तत्पश्चात मृतक उपेंद्र प्रजापति सोने के लिए मेरे घर चला आया। इसके बाद भोर में लगभग चार बजे अचानक उपेंद्र प्रजापति को बड़ी तेजी से हिचकी आने लगा, जिसकी आवाज सुनकर हम सभी लोग कुछ समझ पाते उनकी मृत्यु हो गया। इधर सूचना पाकर अपने दल बाल के साथ घटना स्थल पहुंचे धुरकी के थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया गया है। मृत्यु का क्या कारण हो सकता है, इसकी जांच किया का रहा है इसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

## एशिया महादेश की सबसे बड़ी दूसरी क्रेशर प्लांट की नीलामी कर हटाने की तैयारी

## भवनाथपुर औद्योगिक नगरी का मूल ढांचा ही जड़ से हो जायेगा समाप्त

**पूर्व में ही भवनाथपुर की चूना पत्थर और डोलोमाइट की दोनों खदानें बंद हो चुकी है**

**2100 एकड़ भूमि का हुआ था अधिग्रहण**

**माल ढुलाई के लिए भवनाथपुर से मेराल तक 38 किलोमीटर लंबे रेलवे लाइन भी का हुआ था निर्माण**

नवीन कुमार गुप्ता



**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** सेल प्रबंधन की ढुलमुल रवैया और राजनीतिक उपेक्षा के कारण भवनाथपुर स्थित एशिया महादेश के सबसे बड़े दूसरे क्रेशर प्लांट को काटकर हटाने की तैयारी ने भवनाथपुर औद्योगिक नगरी के मूल ढांचे को ही जड़ से समाप्त करने की स्थिति में लाकर खड़ा कर दिया है। हो सकता है कि भविष्य में पलामू प्रमंडल के लोग इस क्रेशर प्लांट को केवल फोटो में ही देख पाएंगे, हालांकि झारखंड राज्य के पलामू प्रमंडल के गढ़वा जिले का इकलौता सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम सेल बोकारो स्टील भवनाथपुर का दो खदान तो पहले ही बंद हो चुका है। करोड़ों की लागत वाली एशिया के सबसे बड़े दूसरे क्रेशर प्लांट को गुपचुप तरीके से नीलामी हो चुकी है, बस इसे काट कर हटाने की तैयारी चल रही है, हालांकि इसका विरोध भी फिलहाल चल रहा है। राजनीतिक दबाव कितना कारगर होता है यह तो भविष्य तय करेगा।

**भवनाथपुर औद्योगिक नगरी का इतिहास :** इस्पात प्राधिकरण सेल ने अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए गढ़वा जिले के भवनाथपुर चुना पत्थर के भंडार को देखते हुए वर्ष 1965 में मांइस खोलने का निर्णय लिया। इस बीच आवश्यक संसाधन जुटाने के बाद वर्ष 1972 में एशिया का सबसे बड़ा क्रशर प्लांट खोला गया। माइंस स्थापना होने के बाद 1200 सेल कर्मियों की पदस्थापना की गयी गयी। इन कर्मियों ने दिन-रात मेहनत कर इस माइंस को बुलंदी तक पहुंचाया। इसी बीच 1990 में सेल ने सभी कैपिटव माइंस अलग करने का निर्णय लिया गया। सहमति मिलने के बाद रॉ मैटेरियल डिविजन (आरएमडी) बनाया गया था। 12 माइंस को शामिल कर इसका मुख्यालय कोलकाता बनाया गया था। रॉ मटेरियल डिविजन बनने के बाद माइंस पर प्रतिकूल असर दिखने लगा। इस माइंस में 1200 कर्मी थे। जुलाई 2021 को रॉ मटेरियल डिवीजन ( आरएमडी ) को बोकारो स्टील सेल में मर्ज किया गया।

**दोनों माइंस बंद होने से हजारों लोगों बेरोजगार हुए लोग :** झारखंड राज्य स्थापना के बाद लोगों को आज जगी थी कि दोनों माइंस बंदी की काली छाया से निकल जायेगी, लेकिन आशा धूमिल हो गयी। गढ़वा जिला में कई मंत्रियों के बनने के बावजूद इसकी तस्वीर में अंतर नहीं आया। बाजार विरान होने से इस पर निर्भर किराना दुकान, सब्जी विक्रेता लकड़ी विक्रेता सहित कई लोग बेरोजगार हो गये, वहीं घाघरा माइंस व तुलसीदास माइंस के मजदूर बेरोजगारी के मार सबसे ज्यादा झेल रहे हैं।

**उपेक्षा की मार: आरएमडी सेल ने घाघरा चूना पत्थर खदान को बंद किया था :** झारखंड सरकार की उपेक्षा और सेल आरएमडी प्रबंधन के षड्यंत्र के कारण गढ़वा जिला स्थित भवनाथपुर में घाघरा चुना पत्थर को 6 मई 2014 को पटना में उपप्रमुख लेबर कमिश्नर (केंद्रीय) एके सेन की अदालत में सेल आरएमडी के डीजीएम( कार्मिक) टीके ढाल्ली, भवनाथपुर डीजीएम आरके झा, एटक यूनियन गणेश सिंह, पलामू प्रमंडल खान मजदूर संघ के अध्यक्ष सतपाल वर्मा, इंटक यूनियन के प्रतिनिधि एनके पांडे ने हस्ताक्षरकर खदान को बंद करने की साक्षी बने। इस माइंस के बंद होने से हजारों लोग बेरोजगार हो गये। लोगों के लिए जीविकोपार्जन भी चुनौती बन गया।

**2020-21 में तुलसीदामर डोलामाइट खदान बंद किया गया :** तुलसीदामर डोलोमाइट खदान बंद करने के पीछे सरकार द्वारा लीज नवीकरण कराने, वन विभाग का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने और सरकार से प्रदूषण प्रमाण पत्र निर्गत नहीं होने के कारण सेल के द्वारा 16 फरवरी 2020 को बंद कर दिया गया।

**2100 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया था:** सेल ने घागरा चूना पत्थर व तुलसीदास मर डोलोमाइट खदान के संचालन के लिए भू-मालिकों से डिस्प्लेस एवं मुआवजे की बदौलत 2100 सौ एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया गया। साथ ही पत्थर की ढूलाई के लिए भवनाथपुर से मेराल तक 38 किलोमीटर रेलवे लाइन भी बिछाई गयी।

## राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है : कमलेश्वर पांडेय



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधायक अनंत प्रताप देव ने प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय को गढ़वा जिला शिक्षा विभाग के लिए विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया है। इस संबंध में विधायक अनंत प्रताप देव ने जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा, जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज के अलावे उपायुक्त को पत्र प्रेषित किया है। वहीं विधायक प्रतिनिधि बनने पर कमलेश्वर पांडेय ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरीन काम कर रही है। बेहतर शिक्षा को लेकर कई योजनाएं चलायी जा रही है। गुणवतापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने को लेकर वे काम करेंगे। विधायक ने जिस उम्मीद के साथ जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे ईमानदारी से पूरा किया जायेगा। वहीं विधायक प्रतिनिधि बनने पर कई लोगों कमलेश्वर पांडेय को बधाई दी है। बधाई देने वालों में प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महासचिव प्रभात रंजन सिंह, खुशदिल सिंह, सरोज कुमारी, राकेश, सतीश, भरत प्रसाद सहित कई शिक्षकों का नाम शामिल है।

## बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों के साथ की बैठक



कांडी (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय के सभागार में गुरुवार को बीडीओ राकेश सहाय ने मनरेगा कर्मी, रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, मुखिया व कनीय अभियंता के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में वीर शहिद पोटो खेल मैदान का समतलीकरण, गोल पोस्ट, चेंजिंग रूम व शौचालय का निर्माण कार्य अविलंब पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिस योजना का कार्य प्रारंभ नहीं हुआ तत्काल प्रारंभ कर एक सप्ताह के भीतर कार्य को पूर्ण करें, लापरवाही बरते जाने पर संबंधित लोगों के ऊपर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा। प्रखंड अंतर्गत कूल नौ खेल मैदान को विकसित करने की योजना है। मौके पर जे ई योगेंद्र यादव, देव कुमार सिंह, यशवंत कुमार, रोजगार सेवक मनोज राम, छोटन बैठा, रविंद्र राम समेत अन्य लोग मौजूद थे।

## भाजपा ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक संपन्न



बड़गड़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई, जिसकी अध्यक्षता सदस्यता प्रभारी सांसद प्रतिनिधि रुप निरंजन सिन्हा ने की। बैठक में सदस्यता प्रभारी ने पार्टी की नीतियों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रखंड क्षेत्र में सदस्यता अभियान को गांव-गांव तक विस्तारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान ग्रामीण मंडल में प्रारंभ किया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष बजरंग गुप्ता ने कहा कि समाज के हर वर्ग को इस अभियान के तहत पार्टी से जोड़ें। पार्टी के पदाधिकारी से लेकर कार्यकर्ता इस तरह के अभियान को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायेंगे। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओम प्रकाश, महामंत्री रंजन सोनी, युवा महामंत्री अखिलेश पांडे, रामचंद्र सिंह, पुर्व बीडीसी चंद्रेश प्रसाद, पूर्व मण्डल अध्यक्ष रमेश गुप्ता, पूर्व बीडीसी सुभाष गुप्ता, रवि सोनी, रीना देवी, सुनीता देवी, सुनिल दास आदि सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## दो युवक बाइक से हुए घायल, गढ़वा रेफर

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय के दो युवक मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गये। इनमें सुमित कुमार (12 वर्ष) पिता नन्दलाल राम और अशोक साह (30वर्ष) पिता रामचंद्र साव का नाम शामिल है। घटना उस समय हुई, जब विपरीत दिशा से आ रही एक ट्रक के चपेट में आने से बचने के लिए सुमित कुमार ने फुटपाथ पर पैदल चल रहे अशोक साह को सिधी टक्कर मार दिया, जिससे पैर टूट गया है और घायल हैं, वहीं सुमित कुमार भी गिर गया जिससे काफी जख्मी हो गया। जिनका प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर ईलाज हेतु सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया है।

## सिंदुरिया और मकरी में धान क्रय केंद्र खुला



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रांगण में गुरुवार को सिंदुरिया पैक्स का धान क्रय केंद्र तथा मकरी पैक्स का धान अधिप्राप्ति केंद्र मकरी पंचायत में खोला गया। इसका उद्घघाटन बीडीओ नंदजी राम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज प्रसाद यादव और झामुमो नेता ब्रजेश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति केंद्र खोलने का मकसद किसानों को बिचौलियों से मुक्ति दिलाना है। वहीं पैक्स अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिन्हा व देवेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि किसान सिंदुरिया और मकरी पैक्स में धान बेचने के लिए अपना मैसेज मिलने के बाद लाएं, उन्हें धान बेचने में किसी प्रकार की कोई तकलीफ नहीं होगी। इस मौके पर किसान मित्र सुनील राउत, जयगोपाल, पैक्स ऑपरेटर विमलेश कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## उपायुक्त के निर्देश पर एनएच 75 के किनारे अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। डीसी शेखर जमुआर के निर्देश पर श्री बंशीधर नगर शहर में एनएच 75 के किनारे अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। सीओ विकास कुमार, श्री बंशीधर नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल एवं थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक के नेतृत्व में गुरुवार को पुलिस बल के साथ नगर ऊंटारी थाना से अतिक्रमण हटाने को लेकर अभियान चलाया। पहले दिन थाना से लेकर बीएसएनएल ऑफिस तक एनएच 75 के दोनों ओर अतिक्रमण पर बुलडोजर चला। लोगों को पहले अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया गया था, किंतु लोग नहीं हटाये। अंत में प्रशासन की ओर से हटाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। दुबारा अतिक्रमण करने वाले लोगों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी तथा खर्च को भी उन्हीं से वसूला जायेगा। उस मौके पर सिटी मैनेजर रवि कुमार समेत पुलिस पदाधिकारी व पुलिस बल मौजूद थे।

## झामुमो कार्यकताओं ने मृतक के परिजनों को किया मदत

रमना (आजाद सिपाही)। रमना विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो के प्रदेश कार्य समिति सदस्य ताहिर अंसारी के निर्देश पर प्रखंड मुख्यालय के मानदोहर टोला निवासी बिगन चंद्रवंशी उम्र 30 वर्ष के आकस्मिक निधन के बाद शोक जताते हुए श्राद्ध कार्य को लेकर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराया गया। इस दुख के घड़ी में पहुंचे झामुमो कार्यकताओं ने मृतक के परिजनों को हर संभव दिलाने की बात कही।


आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 20 दिसंबर, 2024
www.azadsipahi.in


## संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 के तहत कार्यशाला संपन्न



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी मंडल कार्यालय बरवाडीह में आज संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 2024 को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिला उपाध्यक्ष और बैठक प्रभारी राकेश दुबे तथा जिला मीडिया प्रभारी मुकेश पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री मनोज प्रसाद ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन जिला स्थाई आमंत्रित सदस्य कन्हाई प्रसाद ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष राकेश दुबे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता अभियान एक महापर्व के रूप में मनाया जा रहा है, जिसे सफलता के साथ पूरा करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को कड़ी मेहनत और लगन से जुड़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अधिक से अधिक सदस्य बनाकर इस अभियान को मजबूत बनाएं और पार्टी की विचारधारा को फैलाने में योगदान दें। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी कार्यकर्ता और शक्तिकेंद्र प्रभारी 22 दिसंबर को अपने-अपने शक्तिकेंद्र पर बैठक आयोजित करें और सदस्यता अभियान में तेजी लाने के लिए पूरी तरह से जुट जाएं।

## बीडीओ के पहल पर गारु में खुला आधार केंद्र



गारू(आजाद सिपाही)। गारु प्रखंड मे आधार कार्ड बनाने का कार्य प्रखंड कार्यालय में प्रारंभ हो चुका है। आधार बनाने और आधार सुधार के लिए एक ऑपरेटर की प्रतिनियुक्ति की गयी है। पहले आधार केंद्र की अनुपलब्धता के कारण ग्रामीणों को लातेहार और महुआडाड़ जाना पड़ता था, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी होती थी। प्रखंड विकास पदाधिकारी अभय कुमार की पहल से इस समस्या का समाधान हुआ है। इस संबन्ध मे बीडीओ अभय कुमार ने कहा कि राशन कार्ड में केवाईसी के लिए बहुत सारे ग्रामीणों का आधार कार्ड मे फिंगर अपडेट हेतु प्रखंड से बाहर जाना पड़ता था, जिसमें ग्रामीणों को काफी असुविधा होती थी, अब गारु के निवासी अपने आधार कार्ड प्रखंड कार्यालय में ही बनवा सकेंगे ।

## भाजपा की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**मनिका।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर मंडल में दिन गुरुवार को मनिका अस्पताल के बगल में अतिथि शाला में भाजपा की बैठक हुई संपन्न। इस कार्यक्रम के अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनदीप कुमार ने किया। इस कार्यक्रम निमित्त प्रभारी मुख्य अतिथि जिला महामंत्री बंसी यादव संगठन महापर्व सदस्यता अभियान 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी के जन्मदिन बुथ स्तर मे मानने को लेकर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गयी। इसके निमित्त शक्ति केंद्र में संयोजक, शाह संयोजक की घोषणा किया गया। बैठक में वक्ताओं ने अभियान की रूपरेखा पर चर्चा की। जन-जन तक पार्टी की विचारधारा को पहुचाने का संकल्प को लेकर 22 दिसंबर से सदस्यता को लेकर शक्ति केंद्र अंतर्गत प्रमुख क्षेत्र में स्टाल लगाकर अभियान की शुरूआत होगी। अभियान 14 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्णय लिया गया।

# बीआर अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं : सुखेर भगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला कांग्रेस कमेटी की अगवाई में गुरुवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा डॉ भीमराव आंबेडकर पर दिए गए बयान के विरोध में कांग्रेस जानू ने जिला कांग्रेस का राजेंद्र भवन से विरोध जुलूस निकाला नारेबाजी करते हुए पावर गंज चौक पहुंचे पावर गंज चौक में जमकर कांग्रेस जनों ने विरोध प्रदर्शन किया। अमित शाह के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का पुतला कांग्रेस जनों ने फूंका और सभा किया। केंद्रीय गृह मंत्री से सार्वजनिक माफी मांगने और घटिया बयान के लिए अपने पद से त्यागपत्र देने की मांग किया गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखेर भगत ने कहा कि, गृह मंत्री के द्वारा बीआर अंबेडकर के प्रति दिया गया बयान बेहद आपत्तिजनक है। कांग्रेस पार्टी इसे हरगिज बर्दाश्त नहीं करेगी। उक्त बयान से भारत के महानतम नेताओं में से एक की अद्वितीय विरासत का अपमान है। करोड़ों भारतीयों का भी घोर अपमान है, जो भारतीय संविधान के निमार्ता सामाजिक न्याय के प्रणेता के रूप में सम्मान देते हैं। एक संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के द्वारा इस तरह का बयान बेहद अपमानजनक है।इससे गणतंत्र की नींव कमजोर करने का षड्यंत्र भी है। डॉ आंबेडकर समानता ,न्याय, और संविधान के निहित लोकतांत्रिक सिद्धांतों के प्रतीक है। उनके नाम को कलंकित करने का कोई भी प्रयास इन मूल्यों का अपमान है। डॉ आंबेडकर की इस विरासत के इस घोर अपमान की सभी कांग्रेसी सामूहिक रूप से निंदा करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कार्यकारी जिलाध्यक्ष अध्यक्ष शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि नेसार अहमद, एन एस यू आई के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, रीना कुमारी भगत, अल्पसंख्यक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सगीर अंसारी, मोहन दुबे, मुजम्मिल अंसारी, कुणाल अभिषेक, नुसरत अंसारी, परवेज कुरैशी, असलम अंसारी, जियाउल अंसारी, शंभू प्रजापति, सोनू कुरैशी, विनोद सिंह खरवार, नूर मोहम्मद,रफीक अंसारी सनीयारों उरांव, सुशीला देवी बबिता देवी, संतोषी उरांव नेहाल अहमद, शरीफ अंसारी, हरि भगत, रोशन राम, विकास राम परभयाज्योत सिंह राठौड़ साद गौहर, अमन अहमद सैयद साद तौसीफ राजा कैफ अहमद, परवेज अंसारी सफीक अंसारी समेत काफी संख्या में कांग्रेसी उपस्थित थे।

# राशन सामग्री वितरण में डीलर की कोताही बर्दाश्त नहीं: जीएस जायसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जन वितरण प्रणाली की दुकानों के तहत गरीब बीपीएल और ग्रीन कार्डधारी लोगों को निशुल्क गेहूं, चावल, दाल और धोती साड़ी का वितरण जवाबदेही से सुनिश्चित करने को लेकर बुधवार को जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर प्रसाद जयसवाल सदर प्रखंड क्षेत्र का भ्रमणकर स्थिति का जायजा लिया। डीएसओ ज्ञानशंकर प्रसाद जायसवाल ने सदर प्रखंड के शहरी और ग्रामीण इलाकों के राशन दुकानों का औचक निरीक्षण किया। लाभुकों को खाद्यान्न और धोती साड़ी वितरण की ताजा स्थिति की जानकारी ली। मौके पर डीएसओ ने राशन दुकानदारों को समय पर खाद्यान्न और धोती साड़ी वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कहा कि, बीपीएल कार्डधारी को चावल, गेहूं और चना दाल निशुल्क वितरण किया जाना है। वितरण में देरी करने वाले राशन दुकानदारों पर कार्रवाई की जायेगी। नमक एक रुपये प्रति किलो दर से वितरण किया जाएयेगा। धोती और साड़ी 20 रुपये मूल्य पर लाभुक को दिया जाना है। इसके अतिरिक्त राशन दुकानदारों द्वारा किसी प्रकार की शुल्क की वसूली नहीं करने का निर्देश दिया गया है। अवैध वसूली करने वाले राशन दुकानदारों का लाइसेंस जप्त किया जायेगा। कहा गया कि, ग्रीन कार्डधारी लाभुकों को माह में दो बार राशन वितरण किया जा रहा है। बैकलोग माह फरवरी और दिसंबर का खाद्यान्न दिया जा रहा है। खाद्यान्न का वितरण पूरी तरह निशुल्क है। इस दौरान डीएसओ ने सदर प्रखंड स्थित लैंप्स गोदाम का परिभ्रमण कर भी स्थिति की जानकारी लिया। किसानों से 2400 रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदने की स्थिति को जाना। डीएसओ ने कहा कि, स्थानीय किसान 2500 रुपये प्रति क्विंटल धान बेच सकेंगे। राज्य सरकार ने प्रति किलो एक रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। हेसल धान अधिप्राप्ति गोदाम के निरीक्षण के दौरान किसानों को लैंप्स में धान बेचने के लिए डीएसओ ने प्रेरित किया। डीएसओ ने कहा कि, बिचौलिए व्यापारियों को कम दाम पर धान बेचने की जगह किसान अधिक मूल्य पर लैंप्स में अपनी धन बेच सकते हैं। कहा कि इससे किसानों को अधिक आमदनी होगी और किसान आर्थिक स्वावलंबी बन सकेंगे। निरीक्षण के दौरान सदर प्रखंड के एमओ अजय अग्रवाल समेत बड़ी संख्या में किसान और लाभुक मौजूद थे।

## जिप सदस्य ने पीसीसी पथ का किया शिलान्यास



बारियातू(आजाद सिपाही)। जिप सदस्य रमेश राम ने गुरूवार को बालूभांग पंचायत के बुढीसखुआ ग्राम में चबूतरा से जामुन टोला तक दो हजार फीट लंबे पीसीसी पथ का शिलान्यास किया। पंडित किशोर उपाध्याय ने विधिवत पूजा-अर्चना और नारियल फोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिप सदस्य रमेश राम ने बताया कि इस सड़क का निर्माण डीएमएफटी कोटा के लगभग 31 लाख रुपये की लागत से किया जा रहा है। यह पथ टोला वासियों के साथ अन्य टोला-मुहल्लों के निवासियों को मुख्य सड़क और मुख्यालय तक पहुंचने में सहुलियत प्रदान करेगा। इस अवसर पर भाजपा ओबीसी जिला उपाध्यक्ष देवनंदन प्रसाद, प्रखंड उपाध्यक्ष किशोर प्रसाद, पंसस राजेश राम, समाजसेवी संदीप शर्मा, संजय यादव, महेंद्र यादव, योगेंद्र गंझू, मुटर गंझू, मनोज गंझू, सुरेंद्र गंझू, किशोर राणा, प्रभु यादव, बिशुनदेव यादव,योगेश यादव तथा विभागीय जेई अरुण कुमार सागर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अवैध बालू लदे एक हाइवा समेत 5 ट्रैक्टर जब्त



लोहरदगा (आजाद सिपाही) बालू के अवैध खनन, परिवहन और व्यापार के विरुद्ध गत मध्य रात्रि डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बड़ी कार्रवाई की है। मध्य रात्रि को सदर थाना, कैरो, भंडरा और सेन्हा थाना क्षेत्र से अवैध बालू लोडेड एक हाईवा समेत पांच ट्रैक्टरों को अलग-अलग जप्त किया गया। खनन विभाग की फौरी कार्रवाई से बालू माफियाओं में हड़कंप व्याप्त है। अवैध बालू लोडेड जप्त ट्रैक्टरों के मालिक और चालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने की कवायत शुरू कर दिया गया है। बताया गया कि खनन विभाग की ओर से प्राथमिक की दर्ज करने का आदेश संबंधित थाने की पुलिस को दिया गया है। बावजूद अब एफआईआर दर्ज नहीं कर जप्त ट्रैक्टर को फाइन कर छुड़ाने के लिए कतिपय तंत्र खनन विभाग और पुलिस पर भैरवी का दवा बनाने में सक्रिय है। यह अलग पहलू है कि, पैरवी के दबाव पर कथित बालू व्यापार में शामिल लोग किस हद तक बच सकेंगे। मिली जानकारी के अनुसार डीएमओ राजाराम प्रसाद को बालू के अवैध खनन परिवहन और दोहन करने की लगातार सूचनाओं मिल रही थी। इसको लेकर सघन छापामारी अभियान सुनियोजित ढंग से गलत मध्य रात्रि चलाया गया। बताया गया कि, कैरो थाना क्षेत्र के एड़ादोन स्थित कोयल नदी घाट से रात्रि को अवैध तरीके से बालू का खनन और परिवहन कर रहे थे डीएमओ की टीम को देखते ही घाट से कई ट्रैक्टर फरार हो गया जबकि तीन बालू लोडेड ट्रैक्टर को मौके से जप्त कैरो थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। इसके बाद भंडरा थाना क्षेत्र में खनन विभाग ने भौरों चौक के पास अवैध बालू लोडेड एक हाईवे और एक ट्रैक्टर को जब कर भंडरा थाना पुलिस के हवाले किया गया। इसके बाद खनन विभाग की टीम सेन्हा थाना क्षेत्र के एकागुड्डी सड़क पर तो अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर को जप्त कर सेन्हा थाना पुलिस को दे दिया।

## केड पंचायत में गरम कपड़ा का किया गया वितरण



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाडीह प्रखंड केड़ पंचायत के अनेकों टोला में ठंड को देखते हुए दर्जनों कंबल का वितरण असहाय और जरूरतमंदों के बीच किया गया। जहां एक और जरूरतमंद लोग प्रखंड प्रशासन की ओर से बढ़ते ठंड के प्रकोप से कंबल वितरण नहीं होने से निराश हैं वहीं सतबरवा निवासी समाजसेवी निर्दोष कुमार द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर जरूरतमंद लोगों के बीच में कंबल वितरण का कामकर रहे। इसी क्रम में निर्देश कुमार द्वारा दूसरे के सहयोग से जुटाया गया। दर्जनों गर्म कपड़ा अत्याधिक ठंड को देखते हुई जरूरतमंद लोगों के बीच वितरण कर लोगो को ठंड से राहत दिलाने का काम कर रहे हैं। मौके पर अमन कुमार सुरेंद्र भुइंया मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## कोल्हान की खबरें

# अंबेडकर के नाम अपमानजनक भाषा का प्रयोग करने पर कांग्रेसियों में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बीते दिनों राज्यसभा में देश के गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के नाम पर अपमानजनक और अभद्र भाषा का प्रयोग करने का असर जमशेदपुर में भी देखने को मिला। गुरुवार को आक्रोशित कांग्रेसियों ने जिला अध्यक्ष आनंदबिहारी दुबे के नेतृत्व में गृह मंत्री का पुतला फूंककर विरोध दर्ज कराया। कांग्रेसियों साकची गोलचक्कर में पुतला दहन के दौरान भाजपा के खिलाफ जमकर विरोध किया। मौके पर जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने इसे भारत को शर्मसार करने वाला वक्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि देश के गृह मंत्री के वक्तव्य से कांग्रेसियों में आक्रोश ब्याप्त है। वर्तमान में भाजपा सरकार अतितायी रूप पकड़ ली है। उन्होंने कहा कि भारत में ना ही किसी पूर्वजों का सम्मान उनके दृष्टि से होता है ना ही वे किसी महापुरुष को सम्मान करते हैं। लगातार इन लोगों के द्वारा भारत के स्वतंत्रता सेनानियों को अपमानित करने का काम किया जा रहा है। इसका विरोध हर स्तर पर होना चाहिए। उन्होंने कहा भाजपा सरकार के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करके संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को अपमानित किया। जो हर हाल में क्षमा के योग्य नहीं है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारत के गृह मंत्री अमित शाह को अभिलंब माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री अविलंब इस्तीफा दे, अन्यथा कांग्रेस पार्टी हर स्तर पर विरोध करेगी। मौके पर जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के साथ डॉ प्रदीप कुमार बलमुचू, सामंता कुमार, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद,रजनीश सिंह, अमित कुमार, के के शुक्ला, मो. नौशाद,राजा ओझा,शफी अहमद खान,मो. सलीम,मो शब्बीर ऊर्फ लालबाबू,रंजीत सिंह,रामवृक्ष गुप्ता,अजय महतो, कुमार गौरव, कौशल प्रधान, धीरज कुमार डब्बू, त्रिनाथ, सरोज पांडेय, अमृत पाल सिंह, राजेश कुमार, अतुल गुप्ता, सुखदेव सिंह मल्ली, जसवंत जस्सी, एस आर के कमलेश, अंसार खान, अजय शर्मा,रेयाज खान, ज्योति मिश्र, विनोद यादव, अखिलेश यादव, रामदास मेहता, सुशील घोष, निखिल तिवारी, सन्नी सिंह, सचिन कुमार सिंह,पंचम कुमार पासवान, सरोज पाण्डेय,भीम त्रिपाठी सहित अन्य शामिल रहे।

## पप्पू सरदार ने महिला किसानों को दिया कंबल



घाटशिला (आजाद सिपाही) जादूगोड़ा के खड़िया कोचा के सबर परिवार की बदहाली देखकर मर्माहत हुए पप्पू सरदार। इधर इस कपकपाती ठंड में उनके बच्चों के पैरों में चप्पल नदारत थे। गर्म कपड़े के अभाव से बच्चे ठिठुर थे। इस बाबत पप्पु सरदार कहते है कि 1993 से ही गरीबों के बीच अपनी सेवा करते आ रहे है और यह लगातार आगे भी जारी रहेगा। सबर जनजाति के बीच सेवा करने का मौका सुखद अनुभव दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की इस सबर बस्ती को गोद लेकर उसके उत्थान में काम करने की जरूरत है ताकि गरीबी से सबर जनजाति आगे निकल सके। गांव तक पहुंचने के आवागमन का घोर अभाव देख चिंता जतायी। इसके बाद पप्पू सरदार ने सांता क्लॉज बनकर खेतों में धान कटाई कर रही आदिवासी महिलाओं के बीच भी पहुंचे और उन्हें सांता क्लॉज का टोपी एवं टॉफी भेट कर सांता क्लॉज का संदेश पहुंचाया।

# एक भी बच्चे के दिल में वीर बलिदानियों को स्थापित कर पाया तो यह मेरा परम सौभाग्य होगा : काले

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नमन परिवार द्वारा प्रत्येक वर्षों की भांति संस्थापक अमरप्रीत सिंह काले के नेतृत्व में स्वतंत्रता संग्राम के महान बलिदानी रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान और रामप्रसाद बिस्मिल के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित की गयी। इस अवसर पर नमन परिवार की बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और कई सम्मानित गणमान्यों ने शहीदों की वीरता और उनके योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे महान नायकों ने अपने साहस, समर्पण और बलिदान से हमें यह सिखाया कि देशभक्ति केवल शब्दों से नहीं, बल्कि कार्यों और बलिदान से सिद्ध होती है। आज के दिन हम उनके अद्वितीय योगदान को नमन करते हुए यह संकल्प लेते हैं कि उनके आदर्शों पर चलते हुए हम अपने देश को आगे बढ़ाएंगे और उनकी शहादत को कभी व्यर्थ नहीं होने देंगे। नमन परिवार का यह मानना है कि ऐसे शहीदों का बलिदान कभी भी व्यर्थ नहीं जाएगा और उनका आदर्श हमेशा हमारे दिलों में जीवित रहेगा। वरिष्ठ पत्रकार बृजभूषण सिंह ने कहा कि आज हम उन महान क्रांतिकारियों की शहादत को याद कर रहे हैं जिन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी जान दी और हमें एक स्वतंत्र देश की सौगात दी। रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खान और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे नायक केवल अपने समय के ही नहीं, बल्कि सदियों तक प्रेरणा देने वाले वीर थे। इन शहीदों के बलिदान का मूल्य हम कभी नहीं चुका सकते। हम उनके अद्वितीय योगदान को नमन करते हैं और यह संकल्प लेते हैं कि उनके सपनों को साकार करने की दिशा में हम निरंतर प्रयासरत रहेंगे।

# 40 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के खिलाड़ियो के लिए किया गया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन, 21 दिसंबर को फाइनल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बिस्टुपुर के कीनन स्टेडियम में एसओसी, ईजेडसीएल और वीसीआई के बैनर तले 40 से अधिक आयु वर्ग के लिए चार दिवसीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। वेटरन्स इंडियन क्रिकेट फाउंडेशन (वीसीआई) से जुड़े टूर्नामेंट में टाटा स्टील खेल विभाग और टीएफए का समर्थन प्राप्त है। गुरुवार को टूनामेंट के दूसरे दिन डीएसपी हेड क्वार्टर 1 भोला प्रसाद ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का हौसला अफजाई की। टूर्नामेंट में दिल्ली और बिहार के दिग्गज स्पिनर रतन शर्मा और अविनाश कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। गुरुवार को कंबाइंड हीरोज बनाम स्प्रिंग फाल्कन दुबई के बीच मुकावला हुई, कंबाइंड हीरोज के अभिजीत गांगुली और सेंट्रल स्ट्राइकर्स इंदौर के अशिक पटेल की टीम ने प्रदर्शन किया। 21 दिसंबर को फाइनल और तीसरे स्थान का मैच खेला जायेगा।

# टाटा स्टील की एफएएमडी को मिला कलिंगा सुरक्षा उत्कृष्टता पुरस्कार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर ।** टाटा स्टील के फेरो एलॉय प्लांट्स (एफएपी), आयरन,मैंगनीज और क्रोमाइट माइंस को नेशनल सेफ्टी कॉन्क्लेव 2024 में प्लेटिनम और गोल्ड श्रेणी में प्रतिष्ठित कलिंगा सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह आयोजन इंस्टीट्यूट ऑफ क्वालिटी एंड एनवायरनमेंट मैनेजमेंट सर्विसेज (आईक्यूईएमएस) द्वारा शहर के एक होटल में किया गया। इन प्लांट्स और माइंस को यह पुरस्कार वर्ष 2023 के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रदान किया गया है। टाटा स्टील की फेरो एलॉयज एंड मिनरल्स डिवीजन (एफएएमडी) के तहत संचालित एफएपी अथागढ़ और एफएपी जाजपुर को प्लेटिनम श्रेणी में सम्मानित किया गया, जबकि एफएपी बामनीपाल और एफएपी जाजपुर ने गोल्ड श्रेणी में यह प्रतिष्ठित पुरस्कार हासिल किया। इसी तरह, जोडा वेस्ट आयरन और मैंगनीज माइंस को प्लेटिनम श्रेणी में और सरुआबिल क्रोमाइट माइंस को गोल्ड श्रेणी में पुरस्कृत किया गया। यह सम्मान इन प्लांट्स और माइंस को उत्कृष्ट सुरक्षा मानकों और संचालन में श्रेष्ठता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता के लिए दिया गया। ओडिशा के उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव ने यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्रदान किया। इस अवसर पर किंगडम ऑफ लेसोथो की उच्चायुक्त, महामहिम लेबोहांग वेलेंटाइन मोचाबा भी उपस्थित रहीं। यह पुरस्कार टाटा स्टील के विभिन्न सुरक्षा और ऑपरेशन हेड को प्रदान किया गया, जिनमें ठाकुर अजय कुमार विश्वंभरनाथ (हेड, सेफ्टी - माइंस),किशोर बरन मैती (हेड, सेफ्टी एफएपी और स्टेनलेस स्टील प्लांट्स),सरबेश्वर नायक (हेड, एफएपी अथागढ़), जगदीश पाढ़ी (एरिया मैनेजर, सेफ्टी - जाजपुर और बिशनुपुर), सप्तर्षि दत्ता (एरिया मैनेजर - माइनिंग, जोडा वेस्ट आयरन और मैंगनीज माइंस), अंकित शर्मा (सीनियर मैनेजर, सेफ्टी - खोंदबोंद) और निरंजन कुमार (सीनियर एरिया मैनेजर - एक्सकेवेशन, सरुआबिल क्रोमाइट माइंस) शामिल थे।

## धान व्यवसायी से 1.60 लाख रूपये की ठगी

गुमला (आजाद सिपाही)। गुमला में साइबर अपराध दिनों दिन बढ़ रहे है। अब धान खरीदारी का व्यवसाय करने वाले व्यापारी के खाते से एक लाख 60 हजार 500 रूपए उड़ा लिए गये है। इस संबंध में पीड़ित ने सदर थाना में लिखित आवेदन देकर न्याय की गुहार और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित सुनील साहू के अनुसार वे कसीरा पतिया निवासी है। 17 दिसंबर को उनके मोबाइल पर कॉल आया। फोन करने वाले ने खुद का परिचय जीयो कंपनी के कर्मचारी के रूप में दी और कहा कि आपके मोबाइल और नेटवर्क में गड़बड़ी हो गयी है। कुछ देर के बाद आपका फोन काम करना बंद कर देगा। इसके अलावे इसे ठीक करने की बात कहते हुए उनके खाते का डिटेल ले लिया। कुछ देर के बाद उनका मोबाइल का नेटवर्क उड़ गया। फिर बैंक के दो खाता से डेढ़ लाख और दस हजार पांच सौ रूपये उड़ा लिए गये। इसकी जानकारी गुरूवार को उन्हें तब हुई। जब उनका मोबाइल नेटवर्क काम करने लगा।

# गुमला जिला कांग्रेस ने अमित शाह का पुतला फूंका

**दलितों का अपमान बीजेपी-आरएसएस के जीन में शामिल : चैतू उरांव**

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। जिला कांग्रेस अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया गया। स्थानीय शहीद चौक गुमला में आयोजित पुतला दहन कार्यक्रम में चैतू उरांव ने कहा कि दलितों का अपमान करना भाजपा के जीन में है। शुरू से आबंडेकर का अपमान भाजपा नेता करते आये हैं। दलितों से घृणा करना इनकी दिनचर्या में शामिल है।

अमित शाह ने लोकतंत्र के मंदिर में बाबा साहेब को जिस तरह अपमानित किया, वो एक कुंठा और द्वेष से भरे मानसिकता वाला व्यक्ति ही कर सकता है। गृहमंत्री जैसे पद पर विराजमान व्यक्ति द्वारा संविधान निर्माता का सरेआम अपमान करना बताता है कि भाजपा के नेताओं में दलितों के प्रति कितनी नफरत और घृणा भरी है। दरअसल अमित शाह ने बाबा साहेब का नहीं बल्कि देश के करोड़ों दलितों, शोषितों, वंचितों को अपमानित किया है। उन्होंने हर उस आदमी को अपमानित और जलील करने की कोशिश की है, जो न्याय, लोकतंत्र और संविधान में विश्वास रखता है। लेकिन इस देश के करोड़ों दलितों को ये याद रखना पड़ेगा कि अमित शाह द्वारा बाबा साहेब आंबेडकर का अपमान करना भाजपा, आरएसएस की परंपरा का हिस्सा है। गरीबों, दलितों, आदिवासियों पर अत्याचार करना ये लोग अपना अधिकार समझते हैं।

पहले इस देश का दलित गुलाम था। उसे दास बनाकर बंधुआ मजदूरी करवाया जाता था। उस पर तरह-तरह के अत्याचार होते थे। दलितों, शोषितों को इन अत्याचारों से बचाने के लिए, आंबेडकर जी ने बहुत मेहनत की। बाबा साहेब भारत के हर आदमी को न्याय दिलाने की बात करते थे। वो चाहते थे कि सभी के लिए एक जैसा कानून हो- संविधान। आंबेडकर की यही बात आरएसएस को खटकती थी। यही कारण है कि बीजेपी आरएसएस शुरू से ही आंबेडकर और संविधान का विरोध करता रहा है। ये लोग आंबेडकर को अपना असली दुश्मन मानते हैं। जब बाबा साहेब ने संविधान बना दिया तो आरएसएस ने ये कहकर इनका अपमान किया कि इस संविधान में भारतीय जैसा कुछ है ही नहीं। आरएसएस ने आजादी से लेकर आजतक संविधान को खत्म करने के लिए कई कुचक्र रचे, मगर कभी गांधी, कभी नेहरू तो कभी राहुल गांधी ने ढाल बनकर संविधान को बचाया। संघ के सरसंघचालक एमएस गोलवलकर अक्सर कहा करते थे कि इस देश का भला आंबेडकर के संविधान से नहीं हो सकता। वो चाहते थे कि यह देश संविधान नहीं बल्कि मनुस्मृति के हिसाब से चलाया जाये। यही बात मोहन भागवत और मनमोहन वैद्य भी कहते हैं।

आज जिन-जिन प्रदेशों में बीजेपी की सरकार है, वहां-वहां दलितों, आदिवासियों, वंचितों पर अत्याचार चरम पर है। मध्यप्रदेश तो आरएसएस की प्रयोगशाला है। इसलिए यहां दलितों और आदिवासियों पर सबसे अधिक अत्याचार किया जाता है।

अब देश के दलितों, शोषितों और आदिवासियों को ये सोचना पड़ेगा कि वो उन्हें अधिकार और न्याय दिलाने वाले बाबा साहेब के साथ हैं या बाबा साहेब का अपमान करने वाले बीजेपी आरएसएस के साथ। मुख्य रूप से उपस्थित जिला महासचिव खालिद शाह फिरोज आलम, देवा साहू, रामनिवास प्रसाद, आशिक अंसारी, गुलाम सरवर, लाल कल्लू, ज्योति लकड़ा, क्रिस्टीना तीर्की सुनीता प्रभा मीरा हमीद, तरुण गोप, मंसूर अंसारी, अमजद, प्रेम उरांव, शोएब अंसारी, साहब वसीम अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## 21 को होगी जलसहिया संघ की बैठक

बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के एनएचपीसी मैदान स्थित सामुदायिक भवन में दिनांक 21 दिसंबर दिन शनिवार को 11 बजे प्रखंड जलसहिया संघ की एक आवश्यक बैठक रखी गयी है। इस बैठक में अनेकों विषयो पर चर्चा की जानी है। इस बैठक में सभी जल सहिया का उपस्थित अति महत्वपूर्ण है। इस आशय की जानकारी संघ के प्रमिला देवी द्वारा दिया गया।

## शिविर में 25 लोगों ने किया रक्तदान



सिसई (आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय सिसई में गुरुवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन ने रक्तदान कर किया। कार्यालय परिसर में लगे शिविर में कुल 40 लोगों ने रक्त दान के लिए रजिस्ट्रेशन कराया, जिनमें से कुल 25 लोगों ने रक्त दान किया, वहीं 15 लोगों के रक्त में हिमोग्लोबिन की मात्रा कम होने के कारण रक्त दान नहीं लिया जा सका। उपायुक्त गुमला के निर्देश पर प्रखंड स्तर पर लगे रक्त दान शिविर में प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों के अलावा तेलंगा खड़िया पुस्तकालय के युवा छात्र व आम नागरिकों ने भी अपना रक्त दान किया। रक्त दान करने वालों में राकेश कुमार सुमन, गुलाम सादिक, विष्णु उरांव,बजरंग उरांव, अरविन्द कुमार, जॉनसन केरकेट्टा, शंकर केरकेट्टा, आयता मिंज, अभिषेक कुमार, ओम प्रकाश साहु, आलोक खेस, दीपक कुमार बड़ाईक, योगेन्द्र कुमार, आकाश राज, जितेन्द्र उरांव, आशीष कुमार तिर्की, मो तसनीम कौसर अंसारी, जय किशन उरांव, सोनु कच्छप, शंभू नाथ चौहान, करमचंद उरांव, नवीन कुमार मुंडा, प्रीतम कुमार सोनी, उदय नाथ तुरी शामिल थे।

## बीजेपी कार्यकर्ता कार्तिक उरांव का निधन



सिसई (आजाद सिपाही)। ओलमुंडा पंचायत के पूर्व मुखिया सह भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता कार्तिक उरांव का गुरुवार अहले सुबह चार बजे के करीब सेवा सदन रांची में इलाज के क्रम में देहांत हो गया। वो काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। राजनीति व समाजसेवा में हमेशा सक्रिय मृदुभाषी, सरल स्वभाव के कार्तिक उरांव की अचानक हुई मृत्यु की खबर से पंचायत सहित पूरे प्रखंड में शोक की लहर है। उनके मृत्यु पर भाजपा के पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, डॉ अरुण उरांव, जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव, लालमोहन साहु, निरंजन सिंह, भैरो सिंह खेरवार, अरकितानंद देवघरिया, अमन यादव, चरवा उरांव, बालेश्वर उरांव, संजय महतो, वसंत साहु, नन्द किशोर सिंह, ईश्वर महतो, सुखलाल राय, वसंत यादव, अनिल कुमार साहु, रविन्द्र साहु, मनोहर नायक, रामानंद सिंह, सोमेश्वर उरांव, इंद्रपाल उरांव, हेमा गुप्ता, रेखा देवी, पार्वती देवी, सुनीता देवी, छोटेलाल ताम्रकार, मुकेश ताम्रकार, जयराम उरांव, अनिल कुमार गोप, राजेश साहु, तारकेश्वर उरांव, प्रवीण ओहदार, नीलकंठ केशरी, ज्योतिष शाहदेव, नितिश कुमार बड़ाईक, सत्यनारायण भगत, ओज जायसवाल, मनोज उरांव, प्रवीण यादव, विक्रांत सिंह, कामदेव सिंह, कृष्णा गोप, सुरेश लोहरा, दिरपाल लोहरा, सहित प्रखंड और जिला के कई भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# सब्जी दुकानों को यथावत रखे जाने की मांग को लेकर महिलाओं ने किया पटेल चौक जाम

**सकारात्मक आश्वासन के बाद हटा जाम**

**एक घंटे जाम के कारण आवागमन रहा अस्त व्यस्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुमला के जशपुर रोड में बंगाली क्लब के सामने सड़क किनारे लगने वाले सब्जी दुकान को हटाने के लिए नगर परिषद द्वारा दिये गये अल्टीमेटम के विरोध में सब्जी विक्रेता महिलाओं ने गुरुवार दिन के 2 बजे को पटेल चौक को जाम कर दिया।

जाम का नेतृत्व झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह गुमला जिला अध्यक्ष देवकी देवी कर रही थी। सब्जी विक्रेता महिलाओं की ओर से देवकी देवी का कहना था कि राज्य और केंद्र की सरकार महिलाओं को रोजगार के लिए लोन दे रही है। महिलाएं लोन लेकर अपना कारोबार कर रही हैं। शहर का सौंदर्यीकरण के नाम पर सब्जी कारोबारियों को अन्यत्र हटाने का अल्टीमेटम दिया जा रहा है। कहा कि बंगाली क्लब के सामने महिलाएं वर्षों से सब्जी बेचने का काम कर रही है। दूसरे स्थान पर सब्जी की बिक्री नहीं होती है। उन लोगों को वहां से हटाये जाने पर सब्जी व्यापारी का व्यापार बंद हो जायेगा और वे कर्ज में डूब जायेंगे। सब्जी दुकान को यथावत रखने की मांग को लेकर महिलाओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार सड़क जाम कर दिया।

सड़क जाम के कारण पटेल चौक के समीप चारों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गयी। शहर में आवागमन और विधि व्यवस्था अस्त व्यस्त हो गया। नगर प्रशासन और एसडीपीओ के समझाने और फिलहाल दुकान यथावत लगाए जाने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों ने एक घंटे बाद सड़क जाम हटा दिया। जाम हटाने के बाद भी आवागमन को दुरुस्त करने में यातायात पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# दिव्यांगजन समानता, संरक्षण और सशक्तिकरण अभियान आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के माउंट आबू मुख्यालय एवं झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए चलाये जा रहे दिव्यांगजन समानता, संरक्षण एवं सशक्तिकरण अभियान का कार्यक्रम स्थानीय ब्रह्माकुमारीज शाखा, शिव दर्शन भवन, घाटो बगीचा के सहयोग से गुमला जिले के मुख बधिर, दृष्टिबाधित विद्यालय, सिलम में रखा गया। इस संदर्भ में महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के साथ पत्राचार करने पश्चात झारखंड में स्थित 27 दिव्यांग विद्यालय के रूट चार्ट एवं योजनाएं तैयार की गयी हैं।

कार्यक्रम में हेडक्वार्टर से आये मुख्य वक्ता बीके सूर्य प्रकाश राव, बीके कालीचरण, राज योगिनी शांति, बाल सुधार गृह के अधीक्षक अविनाश कुमार गिरी, काउंसलर तहसीन तरन्नुम, संगीता कुमारी, मुख बधिर विद्यालय से प्रीतम कुमार सोमनाथ चंद्रा, अभिनव कुमार, पार्वती कुमारी, अनिता कुमारी, इत्यादि समेत भारी संख्या में संस्थान के सदस्य सहभागी बने।

कार्यक्रम को रिटायर्ड एयर फोर्स ऑफिसर सूर्य प्रकाश राव, रिटायर्ड आरपीएफ सब इंस्पेक्टर कालीचरण द्वारा संचालित किया गया। मुख्य वक्तव्य एवं विभिन्न गतिविधियों के द्वारा सूर्य प्रकाश ने बच्चों को मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाने हेतु प्रयास किया। उन्होंने कहा कि अब तक भारत के 11 राज्यों में अभियान पूर्ण करने के पश्चात झारखंड 12वां राज्य है। राजधानी रांची एवं हजारीबाग में के पश्चात गुमला से होते हुए जमशेदपुर और बोकारो में 8 जनवरी तक पूर्ण किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य यह है कि जो मुख बधिर एवं दृष्टि बाधित बच्चे अथवा व्यस्क है वे मानसिक एवं आध्यात्मिक दृष्टिकोण से सशक्त बनें। इस अभियान के माध्यम से उन्हें समान अवसर, संरक्षण व समानता का भाव प्राप्त करने हेतु सजग किया जायेगा।

## डीसी को आवेदन देकर सरकारी स्कूल खोलने की मांग

गुमला (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड के कलिगा पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने डीसी को ज्ञापन देकर पंचायत सचिवालय के बगल स्थित खाली जमीन में सरकारी स्कूल खोलने की मांग की है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि राजस्व गांव कलिगा बहुत बड़ा गांव है और पंचायत मुख्यालय भी इसी गांव में है। इस पंचायत की बड़ी आबादी कलिगा, करंज टोली, बड़का टोली, बोको टोली तथा काना टोली में भी निवास करती है। कलिगा करंजटोली में 150 घरों की आबादी है तथा बड़का टोली में 150 घर है। परंतु खेद है कि इस पंचायत में एक भी सरकारी स्कूल नहीं है। 20 वर्ष पूर्व यहां एक आरसी प्राथमिक विद्यालय था। जो बंद हो चुका है। इस तरह देखा जाय तो आजादी के बाद से यह पंचायत स्कूल की बाट जोह रहा। इसलिए, कलिगा करंज टोली में प्रथम से उच्च विद्यालय स्तर तक सरकारी विद्यालय का स्थापना किया जाये।

# पंचायत समिति की बैठक हुई



आजाद सिपाही संवाददाता

भरनो। प्रखंड सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख पारसनाथ उरांव की अध्यक्षता में की गयी। बैठक में पंचायत समिति सचिव सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह द्वारा विभागवार चर्चा की गयी। प्रखंड कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि लैंपस के माध्यम से सरकारी दर 24 रुपये प्रति किलो के हिसाब से रजिस्टर्ड किसानों का धान खरीदा जा रहा है । किसी तरह का कोई दिक्कत हो तो प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास अभिलंब सूचना करें। किसान क्रेडिट कार्ड बैंकों द्वारा किया जा रहा है जिसमें अब तक 211 आवेदन भेजे गये है जिसमें 53 आवेदन की स्वीकृति प्राप्त है। बैठक में कहा गया कि अभिलंब किसानों को केसीसी ऋण उपलब्ध कराया जाये। प्रभारी कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना चल रहा है जिसमें 3000 से 25000 तक लाभ ले सकते हैं। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना भी चल रहा है जिसमें 50000 से 15 लाख तक ऋण दिया जा रहा है जिसमें 40% छूट है। पशुपालन पदाधिकारी ने बतलाया कि वर्तमान में सभी गांव में पशुओं का टीकाकरण किया जा रहा है। पशु विकास योजना के तहत पशुओं का वितरण किया जा रहा है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत 34 लक्ष्य के विरुद्ध 34 प्राप्त कर लिया गया है। 26 दिसंबर 2024 को ब्लड डोनेशन कैंप प्रखंड मुख्यालय में रखा गया है जिसमें सभी विभाग के अधिकारी एवं कर्मी उक्त तिथि में आकर रक्तदान देने को कहा गया है। लोगों से अनुरोध किया गया है कि उक्त तिथि को आकर रक्तदान करें।

## तेलंगा खड़िया की प्रतिमा स्थापित करने के लिए किया भूमिपूजन



बसिया (आजाद सिपाही)। प्रखंड के थाना चौक स्थित जिला परिषद मार्केट काम्प्लेक्स में गुरुवार को बसिया प्रखंड खड़िया समाज के द्वारा स्वतंत्रता सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया की प्रतिमा स्थापित करने के लिए भूमिपूजन किया गया जिसमे बतौर मुख्य अतिथि अंचल अधिकारी नरेश कुमार मुंडा उपस्थित थे।पाहन मंगरा पाहन बिरसा पाहन खेदरु पाहन एवम तेलंगा खड़िया के वंसज करमु खड़िया ने विधि पूर्वक भूमि पूजन किया। साथ ही पत्थलगड़ी कर समाज का ध्वजारोहण किया गया।मौके पर रितवा कुल्लू, गोकुल चंद्र होता, केदारनाथ दास, दुर्गा पाहन, बुद्धदेव पाहन, संजू इंदवार, सुरवा होरो, एलिजाबेथ इंदवार, यूजीन कुल्लू, सुकरा भगत, एतवा भगत, थोमस खड़िया, दशमी कुल्लू, प्रतिमा टेटे, राजेश कुल्लू , एमलेन कुल्लू सहित सैकड़ों खड़िया समाज के लोग उपस्थित थे।

# दिल्ली के लिए रवाना हुई जिला स्तरीय टीम, मांदर को जीआइ टैग दिलाने की पहल

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने सर्किट हाउस परिसर से 6 सदस्यीय जिला स्तरीय टीम को हरि झंडी दिखाकर दिल्ली के लिए रवाना किया। यह टीम जिले के प्रसिद्ध कारीगरों और विशेषज्ञों की है, जो 20 दिसंबर को दिल्ली में आयोजित जीआइ टैग के लिए अंतिम सुनवाई में भाग लेगी।


इस अवसर पर उपायुक्त ने सभी कारीगरों से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा, मांदर, गुमला जिले की सांस्कृतिक धरोहर और कारीगरी का प्रतीक है। यदि इसे जीआइ टैग प्राप्त होता है, तो यह न केवल गुमला बल्कि पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय होगा। यह हमारे कारीगरों के परिश्रम और कौशल को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान जिले से पहली बार दिल्ली जा रहे मांदर कारीगरों ने भी बेहद ही उत्साह प्रकट की, उन्होंने कहा कि हमारे पारंपरिक कारीगरी मांदर के वजह से आज हम पहली बार गुमला से बाहर दिल्ली जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि मांदर को जीआइ टैग मिलने से हमारे यह पारंपरिक उत्पादों को एक नया आयाम मिलेगा एवं हमारी कारीगरी को देश भर में एक पहचान मिलेगी।

मौके पर उद्यमी समन्वयक सूरज कुमार ने कहा कि, जिला प्रशासन एवं मुख्यमंत्री लघु कुटीर उद्यमी के टीम द्वारा कारीगरों को चिन्हित किया गया था, एवं उनके उत्पादों को एक नये स्तर पर ले जाने हेतु लगातार टीम द्वारा प्रयास करते हुए जीआइ टैग के लिए हमने आवेदन किया था जिसकी आज फाइनल हियरिंग है, हम सभी को यह आशा है कि जिले के मांदर कारीगरी को विश्व स्तर पर पहचान अवश्य मिलेगी।

## एसडीओ ने विद्यार्थियों को परीक्षा की तैयारी के टिप्स दिये

बसिया (आजाद सिपाही)। अनुमंडल पदाधिकारी जयवंती देवगम ने गुरुवार को बसिया इंटर महाविद्यालय बसिया में शिक्षा कर भेंट कार्यक्रम के तहत 11 वी एवम 12वी क्लास में छात्र छात्राओं को परीक्षा की तैयारी को लेकर कई टिप्स दिये। साथ ही कहा कि आगामी फरवरी में इंटर की परीक्षा होनी है इसके पूर्व विद्यार्थियों को बचे हुए समय में अच्छा से तैयारी करने तथा समय का पाबंद को ख्याल में रखते हुए अच्छा से अच्छा रिजल्ट करने को कहा। साथ ही उन्होंने सभी छात्र छात्राओं को प्रतिदिन महाविद्यालय आने को कहा। साथ ही शिक्षकों से समन्वय स्थापित करते हुए क्लास लेने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की महाविद्यालय के सभी शिक्षक काफी मेहनती हैं और नियमित क्लास लेते हैं। मौके पर प्रभारी प्राचार्य प्रो एलएन गोराइ, प्रो संदीप उरांव, प्रो बसंती साहु, प्रो सीमा कुमारी, प्रो शिवानी कुमारी, प्रो एनए होरो आदि उपस्थित थे।

## एमवाइएम प्रेरणा ने किया डी क्लब कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

गुमला। रक्तचाप जांच, मधुमेह और हीमोग्लोबिन जांच कराने के लिए गुरुवार को मारवाड़ी युवा मंच की प्रेरणा शाखा ने डी क्लब कार्यक्रम का आयोजन किया। डी क्लब के इस आयोजन में 44 लोगों ने अपने जांच करवायें। इसके लिए स्थानीय पटेल चौक में पटेल पार्क के समीप एक स्टॉल लगाया गया था। इस कार्यक्रम में अध्यक्ष अंचल अग्रवाल, सचिव ज्योति फोगला, कन्वीनर बीना अग्रवाल, शकुंतला मंत्री ने अपना सहयोग दिया। इस कार्यक्रम में विनीता टोप्पो (स्टाफ नर्स), जगरानी टोप्पो (एएनएम), भरत राम (प्रयोगशाला प्रावैधिक) और रोहित कुमार (प्रयोगशाला प्रावैधिक) का सहयोग रहा।

# लालमाटी के ग्रामीणों को डीसी ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

आजाद सिपाही संवाददाता



गुमला। गुमला जिले के रायडीह प्रखंड के लालमाटी गांव में गुरुवार को उपायुक्त ने लंबी दूरी पैदल चलकर ग्रामीणों से मुलाकात की। लगभग 150 की आबादी वाले इस गांव में पीवीटीजी समुदाय के 16 परिवारों के अलावा मुंडा समुदाय के लोग भी निवास करते हैं।

उपायुक्त ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उन्हें शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने खराब सड़कों, आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी, दो जल मीनारों के खराब होने, और राशन डीलर से जुड़ी समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक 15 दिनों में मोबाइल मेडिकल वैन भेजी जायेगी ताकि स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं का निराकरण हो सके।

**योजनाओं की जानकारी और लाभ वितरण**

उपायुक्त ने ग्रामीणों को विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे मैया सम्मान योजना, पेंशन योजना, उज्ज्वला योजना, मातृ वंदना योजना, सिकल सेल एनीमिया टेस्ट, वन पट्टा और फसल राहत योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस सप्ताह गांव में विशेष कैंप का आयोजन कर सभी पात्र नागरिकों को योजनाओं से लाभान्वित किया जाये।

**शराब सेवन पर उपायुक्त की अपील**

उपायुक्त ने ग्रामीणों से शराब का सेवन न करने की अपील की और कहा कि शराब से क्षेत्र का विकास बाधित होता है। उन्होंने ग्रामीणों को स्वयं के विकास के लिए प्रेरित करते हुए सरकार द्वारा हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

**बेहरा पाठ गांव का दौरा**

इसके पश्चात उपायुक्त ने समीपस्थ बेहरा पाठ गांव का दौरा किया, जहां ग्रामीणों ने पानी की समस्या बताई। उपायुक्त ने इस समस्या के जल्द समाधान का आश्वासन दिया।

## गुमला चैंबर की आम सभा आज

गुमला (आजाद सिपाही)। चैंबर ऑफ कॉमर्स के वार्षिक चुनाव हेतु 20 दिसंबर यानी शुक्रवार को गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स की आम सभा का आयोजन किया जायेगा। यह आयोजन चैंबर के कार्यालय बस स्टैंड स्थित होटल सिद्धिविनायक में संध्या 7:00 बजे से होगा। जिसमें गुमला के तमाम व्यापारियों से आग्रह किया गया है कि समय से 5 मिनट पूर्व आकर आमसभा को सफल बनाने में अपनी सहभागिता निभाएं। स्वच्छ और व्यवस्थित चुनाव प्रक्रिया में गुमला चैंबर का चुनाव हो इसमें अपना योगदान दें। चैंबर के पदाधिकारी गुमला के व्यापारियों से अपील करते हैं की अपना बहुमूल्य समय में से कुछ समय निकाल कर ज्यादा से ज्यादा संख्या में व्यापारी जरूर आये।

## बस सेवा का जिप सदस्य ने किया उद्घाटन

जारी (आजाद सिपाही)। जारी प्रखंड में बुधवार दिन के 11 बजे जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने जारी से गुमला के लिए नई बस का फीता काटकर उद्घाटन किया। वहीं हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया गया। बस गुरुवार से प्रतिदिन सुबह 6:50 बजे कमलपुर से गुमला के लिए प्रस्थान करेगी। वहीं जारी, चैनपुर, कुरूम गढ़, कोटाम होते हुए गुमला पहुंचेगी। वहीं सुदूरवर्ती क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए बस का किराया काफी कम रखा गया है। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य दिलीप बड़ाइक ने कहा जारी प्रखंड का एक गरीब किसान अरविंद बरवा खरीदी है धान बेचकर बस खरीदी। जो काबिले तारीफ है। बस के चालू होने से यहां के लोगों को काफी सुविधा मिलेगी।

## कार्रवाई : मेदिननगर शहर के बाजार क्षेत्र में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने का अधिकार किसी को नहीं: नगर आयुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की इंफोर्समेंट टीम ने पुलिस की मदद से गुरुवार को शहर के बाजार व आसपास के क्षेत्र में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस कार्रवाई में सड़क के दोनों ओर कई अस्थाई दुकानों को हटा दिया गया। वहीं फुटपाथ पर बांस-बल्ली और प्लास्टिक का छप्पर लगाकर चलाए जा रहे कई काउंटरों को भी जेसीबी और निगमकर्मियों की मदद से तोड़ा गया। यह अभियान छह मुहान से साहित्य समाज चौक तक चलाया गया। विदित हो कि शहर को जाम मुक्त करने के उद्देश्य से यह अतिक्रमण चलाया जा रहा है। इसके पूर्व निगम की टीम के तरफ से सभी से खुद से अतिक्रमण हटाने की अपील की थी। इसके बाद इस दिन सहायक नगर आयुक्त विश्वजीत महतो के नेतृत्व में यह अभियान चलाया गया। वहीं, पूरे अतिक्रमण अभियान को सफल बनाने में सिटी मैनेजर कुमार अनुराग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। अतिक्रमण हटाए जाने को लेकर मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने कहा कि अतिक्रमण करने का अधिकार किसी को भी नहीं है। सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अवैध कब्जा करना कानूनन अपराध है। ऐसा कर रहे लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से शहर को अतिक्रमण मुक्त करने में सहयोग करने की अपील की है।



अवैद कब्ता करने वाले दुकानदारों के खिलाफ अभियान चलाते निगम कर्मी।

## हुसैनाबाद शहर में चला अतिक्रमण हटाओ अभियान, लगाया गया जुर्माना



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ गुरुवार को अभियान चलाया गया। एसडीओ कृष्णकांत कनवाड़िया और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस के नेतृत्व में जेपी चौक, थाना रोड, अंबेडकर चौक तक सड़क किनारे अवैध तरीके से दुकान लगाकर रास्ता अवरूद्ध करने वालों के खिलाफ अभियान चलाकर जुर्माना भी वसूला गया। इस दौरान सड़क किनारे कई दुकानों और ठेला के सामनों को नगर पंचायत ने जब्त भी कर लिया। दूसरी ओर, नगर पंचायत की इस कार्रवाई को देखते हुए लोगों ने खुद ही अपने-अपने दुकान और ठेला के सामनों को हटाना शुरू कर दिया। इस अवसर पर अधिकारियों ने लोगों से शहर को स्वच्छ व सुदंर रखने में सहयोग करने की अपील की। नप के कार्यपालक पदाधिकारी टीके हंस ने बताया कि अतिक्रमण के खिलाफ आगे भी अभियान जारी रहेगा। इस मौके पर नगर पंचायत के सीटी मैनेजर व पुलिस बल के कई जवान मौजूद थे।

## पलामू सांसद वीडी राम ने केंद्रीय कोयला मंत्री से की मुलाकात, रजहरा कोलियरी खोलने को लेकर चर्चा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली स्थित शास्त्री भवन में केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी से मुलाकात कर रजहरा कोलियरी में उत्खन्न शुरू करने एवं विस्थापितों को नौकरी देने से संबंधित विषयों पर विस्तृत चर्चा की। सांसद ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के रजहरा कोलियरी को खोलने के लिए सारी प्रक्रियाएं पूरी की जा चुकी है। हर तरह की व्यवस्था भी की जा चुकी है। केवल 20 विस्थापितों को नौकरी दी जानी है जिसपर एटर्नी जनरल की सहमति भी मिल चुकी है। पर अनावश्यक रूप से विलंब किया जा रहा है। उपरोक्त मामले में मंत्री ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पलामू के रजहरा कोलियरी में विस्थापितों के नौकरी देने से संबंधित मामले को बहुत जल्द दूर कर कोयले का उत्खनन शुरू किया जाएगा।

## हाजरी बनाकर इधर-उधर घुमने वाले शिक्षकों पर जांच कर कार्रवाई की जाए : प्रखंड प्रमुख

- हुसैनाबाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बीडीसी की हुई बैठक
- प्रखंड प्रमुख ने बीइइओ को लगाई फटकार, शिक्षण व्यवस्था में सुधार का निर्देश



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को बीडीसी की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी और संचालन बीडीओ सुनील कुमार वर्मा ने किया। बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में चल रही शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजलापूर्ति और मनरेगा सहित अन्य विभागों द्वारा किये जा रहे विकास कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान प्रखंड प्रमुख ने बीइइओ से साईकल वितरण व विद्यालय विकास निधि से किए जा रहे कार्यो की जानकारी ली। इसमें लापरवाही पाये जाने पर प्रखंड प्रमुख ने बीइइओ को कड़े शब्दों में फटकार लगाते हुए विभाग द्वारा किए जा रहे विकास कार्यो व शिक्षण व्यवस्था मे सुधार लाने का निर्देश दिया। कहा कि कई विद्यालय के शिक्षक हाजरी बनाकर बाजार में घूमते रहते है। इस पर जांच कर कार्रवाई की जाए। कहा कि पदाधिकारियों व कर्मचारियों को योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए सक्रियता से कार्य करने की जरूरत है। बैठक में सीओ पंकज कुमार, उप प्रमुख इंदु देवी, पूर्व जिप सदस्य मदन पासवान, पूर्व मुखिया सुदेश्वर राम, एमओ मनोज कुमार, देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, मुखिया श्रवण राम, अशोक चौधरी, सरिता कुमारी, बीपीएम राजू रंजन, विभूति कुमार गुप्ता, पंसस अजित सिंह, राजवंश यादव, बद्री नारायण सिंह, अरबिंद कुमार मेहता, धनंजय कुमार और प्रखंड सहायक मो शमीम आदि मौजूद थे।

## कार्यकर्ता ही संगठन के असली ताकत होते हैं : डॉ ईश्वर सागर

**संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा के मंडलस्तरीय कार्यशाला का आयोजन**



**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** संगठन महापर्व सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा ने गुरुवार को विश्रामपुर में मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें विश्रामपुर नगर व ग्रामीण मंडल के कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यशाला की शुरूआत डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने संयुक्त रूप से किया। जबकि संचालन नगर महामंत्री संतोष राम ने किया। इसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी भी शामिल हुए। उन्होंने संगठन महापर्व सदस्यता अभियान के बारे में कार्यकर्ताओं को विस्तृत जानकारी दी। कहा कि कार्यकर्ता ही संगठन की असली ताकत होते हैं। हर कार्यकर्ता 50 नए लोगों को संगठन से जोड़ने का प्रयास करें और खुद सक्रिय कार्यकर्ता बनें। उन्होंने बताया कि आगामी 22 व 23 दिसंबर को सभी शक्ति केंद्र पर संगठन महापर्व सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। इसके बाद बूथ स्तर पर भी सदस्यता अभियान कार्यशाला आयोजित की जायेगी। बैठक में वरीय भाजपा नेता सतीश्वर प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, उपप्रमुख सत्येंद्र नारायण सिंह, शिवबंश मिश्रा, राधा साव, विकास चौबे, संजय तिवारी, धीरन तिवारी, संजय चंद्रवंशी, दयाल विश्वकर्मा, नंदकिशोर चंद्रवंशी, सत्येंद्र पाल, विजय मिश्रा, प्रदीप चौधरी, केश्वर चौधरी, निखिल मिश्रा, उदय पांडेय, विवेकानंद सिंह, उपेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र राम, शंकर चंद्रवंशी, रीता सिंह, सोनी उरांव, किरण देवी और अर्चना देवी आदि मौजूद थे।

## मुसीबत पर समाज में व्यवसाई ही खड़े होते हैं : अरुणा शंकर



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बुधवार को बाजार में अतिक्रमण हटाने के नाम पर निगम पदाधिकारियों द्वारा व्यवसायियों के साथ किये गये दुर्व्यवहार की कड़ी निंदा की है। कहा कि जब तक मैं महापौर थी। कभी भी निगम की ओर से तांडव नहीं किया गया। जिस दिन व्यवसायी एक सप्ताह के लिए भी बाजार बंद कर देंगे इन पदाधिकारियों को व्यवसायियों के मूल्य का पता चल जाएगा। कईयों की रसोई में खाना पकना बंद हो जाएगा। मैं पदाधिकारियों का सम्मान करती हूं पर वे भी हम व्यवसायियों का सम्मान करें। हम कोई अपराधी नहीं है। रही बात अतिक्रमण की तो निगम पहले व्यवसायिक संगठन के साथ बैठक करें। एक मापदंड तय करें, फिर कार्यवाही करें। हम सभी सहयोग करेंगे। प्रथम महापौर ने कहा कि एक तरफ निगम टेंडर कर नाली के ऊपर बैठकर अपने पेट पालने वाले गरीब गुरबा तक से प्रतिदिन अनाप-शनाप पैसा बाजार के ठेकेदारों से वसूलवाती है। फिर बाद में अतिक्रमण का नाम लेकर बार-बार हटाती है। उन्होंने कहा कि निगम उन व्यवसाईयों से पैसा लेना बंद करें या फिर अतिक्रमण के नाम पर उनको उजाड़ना बंद करें। मैं निगम से अनुरोध करती हूं कि पहले फुटपाथ व्यवसायियों का स्थाई निदान निकाले फिर अतिक्रमण मुक्त कराए। प्रथम महापौर ने कहा कि प्रशासन को वह दिन भी याद करना चाहिए जब कोरोना में सारे लोग घर में बंद थे तब हम व्यवसायी अपनी जान की बाजी लगाकर समाज का चूल्हा जला रहे थे। भविष्य में भी व्यवसायी ही समाज हित में खड़े रहेंगे।

## अजाप्टा प्रतिनिधियों ने जिला शिक्षा अधीक्षक से मिलकर ग्रेड फोर में प्रोन्नति की जानकारी ली



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** अजाप्टा कार्यकारिणी सदस्यों के प्रतिनिधिनदल ने गुरुवार को जिला शिक्षा अधीक्षक से मुलाकात कर ग्रेड फोर में प्रोन्नति की अद्यतन जानकारी ली। शिष्टमंडल में जिला अध्यक्ष सुधीर दूबे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह, संगठन सचिव राजीव रंजन पांडेय, वरीय उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद, मनोज द्विवेदी, नंद किशोर, कोषाध्यक्ष आनंद मोहन सिंह, संयुक्त सचिव चक्रवर्ती सिंह, हुसैनाबाद सचिव निर्मल कुमार, पाटन प्रखंड अध्यक्ष प्रियेश कुमार प्रियेश, सचिव नागेश कुमार आदि शामिल थे। जिला शिक्षा अधीक्षक ने कहा कि प्रोन्नति संबंधित प्रक्रियाएं कार्यालय स्तर से अंतिम चरण में है और जिला स्थापना समिति से एक निश्चित तिथि तय कर मूर्त रुप प्रदान किया जायेगा। विभाग की पैनी नजर पर है। वरीयता सूची में त्रुटियां नहीं रहे इसलिए सूक्ष्म अवलोकन किया जा रहा है, ताकि अग्रेतर कार्रवाई में बाधा उत्पन्न ना हो। वहीं, जिला अध्यक्ष सुधीर दूबे और महासचिव अमरेश ने कहा कि प्रोन्नति नहीं होने से गुणात्मक शिक्षा पर प्रतिकूल असर कर रहा है। प्रतिवर्ष शिक्षक रिटायर कर रहें और वित्तीय लाभ से वंचित हो रहें हैं। उन्होंने कहा कि प्रोन्नति संबंधित पहल एक सप्ताह के अंदर संतोषजनक नहीं रहा तो अजाप्टा लोकतांत्रिक तरीकों से धरना, प्रर्दशन करने को बाध्य होगा।

## दोहरा खिताब जीतने वाले यश किंगर बने प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट



**रांची (आजाद सिपाही)।** सात दिवसीय 17वां जेड स्नूकर एवं पुल चैंपियनशिप का बरियातू स्थित गेमर्स गैराज क्लब में गुरुवार को समापन हुआ। यह टूर्नामेंट प्रति वर्ष डॉ मोहम्मद जाकिर के जन्मदिन पर आयोजित किया जाता है। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग प्रतियोगिताएं आयोजित हुई थी। इस दौरान मास्टर स्नूकर यश किंगर ने अरमान को हराया, मास्टर सिक्स रेड्स में यश किंगर ने दिव्या ज्योति (टीपू) को पराजित किया। वहीं, नील सिन्हा ने मिनी सिक्स रेड्स में अनुज को हराया। जबकि अनुज ने मिनी स्नूकर में आदर्श को हराया। वहीं, 9 बॉल्स में चाहत ने रोहित चौधरी को हराया। इस दौरान इमर्जिंग प्लेयर का ट्रॉफी यश दास को मिला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार शंभू नाथ चौधरी ने विजेताओं और उपविजेताओं को ट्रॉफी, गिफ्ट और ईनाम राशि देकर उनका उत्साह बढ़ाया। कहा कि स्नूकर-पूल एकाग्रता, अनुशासन और कौशल का खेल है। उसे अपनी ज़िंदगी के लक्ष्य प्राप्ति पर भी अमल में लाएं। क्लब की ओर से विजेताओं और उपविजेताओं को सदस्यता भी दिया गया। इस मौके पर डॉ मोहम्मद जाकिर, यश किंगर, इंद्रजीत, नील, सुमित, अरमान, यश दास, समीर, अंकित, तनवीर और रुस्तम आदि मौजूद थे।

## सेमरवार पैक्स में धान खरीदारी की हुई शुरुआत



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पैक्स भवन में गुरुवार से धान की खरीदारी शुरूआत हो गई है। इससे पहले प्रखंड प्रमुख कमला देवी, सीओ मनीष कुमार सिन्हा और बीडीओ पारीतोष प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से पैक्स भवन का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर क्रय पदाधिकारी ने बताया कि पैक्स में 134 निबंधित किसानों को धान बिक्री के लिए एसएमएस भेजने का कार्य जारी है। इस बार 4500 क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य है। इस दौरान पैक्स अध्यक्ष अर्जुन प्रसाद गुप्ता ने सभी निबंधित किसानों से मैसेज मिलने के बाद अपने धान बिक्री कर सरकार की ओर से निर्धारित मूल्य का लाभ उठाने की अपील की है। मौके पर बीएओ ब्रजेश कुमार, आकांक्षी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, सीआई संजीव कुमार, अनिल पासवान, किसान सतेंद्र मेहता, पूर्व मुखिया सुनील भुईयां, राजमोहन यादव, रामवृक्ष मस्ताना और अनिल यादव आदि मौजूद थे।

## पांकी विधायक ने बाबा बैद्यनाथ धाम में की पूजा, क्षेत्र की खुशहाली के लिए की प्रार्थना



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने गुरुवार को देवघर स्थित बाबा बैधनाथ धाम मंदिर में वैदिक मन्त्रोंच्चार के साथ भगवान भोले नाथ की पूजा करते हुए जलाभिषेक किया। पुरोहितों ने पूरे विधि विधान से बाबा बैधनाथ धाम मंदिर गर्भ गृह में शिवलिंग की पूजा कराई। इस दौरान विधायक ने अपने क्षेत्र की जनता की सुख-समृद्धि एवं स्वार्गीण विकास के लिए प्रार्थना किया।

## हरीहरगंज में स्ट्रोबेरी के नाम पर अफीम की हो रही खेती, तीन एकड़ में लगे पौधे को पुलिस ने किया नष्ट



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में भी ढक्का पंचायत अंतर्गत बीचली टांड़ गांव में अफीम की खेती किए जाने का मामला उजागर हुआ है। बताया जा रहा कि स्ट्रोबेरी खेती के नाम पर नीरज सिंह नामक व्यक्ति के तीन एकड़ भूमि पर बिहार के एक किसान द्वारा अफीम के पौधे लगाए गए थे। जिसकी गुप्त सूचना मिलने के बाद बुधवार को सीओ मनीष कुमार सिन्हा और पत्थरा पुलिस पिकेट के ओपी प्रभारी मंटू कुमार के दलबल के साथ छापामारी कर अफीम के पौधे की पहचान कर उसे विनष्ट कर गया। हालाकि खबर लिखे जाने तक अफीम की खेती करने वाले किसान की गिरफ्तारी की बात तो दूर पुलिस पहचान भी नहीं कर पाई है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया की नीरज सिंह के तीन एकड़ भूमि पर बिहार के एक किसान बटाईदार के रूप में स्टोबरी की जगह अफीम की पौधे लगाए थे। किसान पर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## केंद्रीय मंत्री के संभावित दौरे को लेकर डीडीसी व नगर आयुक्त ने की बैठक



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू में नीति आयोग के तहत आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत हुए कार्यों का जायजा लेने को लेकर केंद्रीय मंत्री डॉ एल मुरुगन का दौरा 23-24 और 25 दिसंबर को संभावित है। इसेलेकर गुरुवार को डीडीसी शब्बीर अहमद व मेदिनीनगर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी पांच क्षेत्रों के विभिन्न सुचकांको की जानकारी ली। समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में इस आकांक्षी जिला कार्यक्रम से जुड़े पदाधिकारियों को उनके विभाग से जुड़े कार्यों का अद्यतन रिपोर्ट तैयार करने को कहा गया। बैठक में मंत्री को कहां-कहां विजिट करवाया जायेगा इसपर भी चर्चा की गयी। इसके अलावे हरिहरगंज ब्लॉक का अलग से प्रतिवेदन तैयार करने पर बल दिया गया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण, कृषि और जल संसाधन, वित्तिय समावेशन और कौशल विकास एवं बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर के सभी बिंदुओ पर पीपीटी पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर डीआरडीए निदेशक, जिला योजना पदाधिकारी, पेयजल एवं बिजली विभाग के कार्यपालक अभियंता, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी और जेएसएलपीएस के डीपीएम आदि मौजूद रहे।

कार्यालय, उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा।
(कल्याण शाखा)
नव निर्मित अनुमण्डल कार्यालय परिसर, चतरा–825401 (झारखण्ड)
Email id-dwo.chatra66@gmail.com

**वित्तीय वर्ष 2023–24 में प्रवेशिकोत्तर पाठयक्रमों में अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ी जाति के छात्र–छात्राओं के लिए छात्रवृति योजना हेतु आवेदन से संबंधित आवश्यक सूचना**

**आम सूचना**

पोस्ट मैट्रिक छात्रवृति योजनान्तर्गत शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए चतरा जिला एवं जिला के बाहर नामांकन लेने वाले छात्र–छात्राओं हेतु शैक्षणिक संस्थानों द्वारा ई–कल्याण पोर्टल पर पंजीकरण हेतु अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/पिछड़ी जाति के लिए निम्न प्रकार से तिथि निर्धारित की जाती है :–

| क्र0 | प्रक्रियात्मक कार्रवाई | ई–कल्याण पोर्टल पर कार्रवाही के लिए विस्तारित अंतिम तिथि |
|---|---|---|
| 1 | जिला स्तर पर शैक्षणिक सत्र–2023–24 के लम्बित आवेदनों की त्रुटियों के सुधार हेतु छात्र/छात्राओं के लिए अंतिम तिथि। | 30.12.2024 |
| 2 | जिले के DNO द्वारा शैक्षणिक सत्र–2023–24 के लम्बित आवेदनों को निष्पादित करने की अंतिम तिथि। | 31.12.2024 |
| 3 | शैक्षणिक सत्र–2024–25 हेतु छात्र/छात्राओं के आवेदन प्रक्रिया की अंतिम तिथि। | 20.03.2025 |

अन्य दिशा–निर्देश पूर्व में प्रकाशित विज्ञापन के अनुसार Website-ekalyan.cgg.gov.in पर उपलब्ध है।

ई–कल्याण पोर्टल पर लम्बित सभी संबंधित छात्र/छात्राओं को अंतिम रूप से सूचित की जा रही है कि शैक्षणिक सत्र 2023–24 के लिए पोर्टल 30.12.2024 के बाद नहीं खोला जाएगा। जिन छात्र/छात्राओं के आवेदन पत्र को पोर्टल पर लम्बित रखा गया है, उसे निर्धारित तिथि तक अंतिम रूप से आवश्यक सुधार कर लिया जाय। निर्धारित तिथि के उपरान्त सुधार हेतु पोर्टल नहीं खोला जाएगा।


जिला कल्याण पदाधिकारी,
चतरा ।

PR 342341 Welfare(24-25)D

# कोयला व्यवसायी मीनू अग्रवाल के घर और दफ्तर में सीजीएसटी टीम का छापा

## करीब 7.30 घंटे चली छापामारी, डेढ़ करोड़ के जीएसटी गबन का है मामला

आजाद सिपाही संवाददाता




कोयला व्यावसायी के घर और दफ्तर में छापामारी अभियान चलाती जमशेदपुर सीजीएसटी की टीम।

**फुसरो/बेरमो।** बेरमो के चर्चित कोयला व्यवसायी मनोज उर्फ मीनू अग्रवाल के फुसरो नया रोड स्थित आवास और ऑफिस कार्यालय में जमशेदपुर सीजीएसटी की छह सदस्यीय टीम ने छापामारी की है। जिसकी अगुवाई सीजीएसटी के संयुक्त निदेशक सार्थक सक्सेना कर रहे हैं। छापामारी दल ने आवास व कार्यालय में रखे कई दस्तावेजों की जांच की। टीम बुधवार की दोपहर दो बजे पहुंची थी और रात 9.30 बजे तक जांच करती रही। इस साढ़े सात घंटे की अवधि में सीजीएसटी की टीम ने फाइलों को खंगाला। कार्यालय में मौजूद सभी फाइलों की जांच के दौरान वहां मौजूद कर्मियों से भी पूछताछ की गयी। छापा मारने पहुंची टीम के अधिकारी तीन अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर आए थे। जांच के बाद अधिकारी कई दस्तावेजों को भी जब्त कर अपने साथ ले गए। इसके बाद छापामारी दल के अधिकारियों ने बताया कि लगभग डेढ़ करोड़ रुपये के जीएसटी गबन के मामले को लेकर सेंट्रल जीएसटी की टीम कार्रवाई करने पहुंची थी। इस दौरान कई दस्तावेजों को भी जब्त किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि कुछ राशि जमा करायी गयी है। जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी। इधर, सीजीएसटी टीम के छापामारी से फुसरो बाजार के अन्य व्यवसायियों में हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान मीनू अग्रवाल के आवास के समक्ष उनके शुभचिंतको का जमावड़ा लगा रहा। कोल व्यवसायी मीनू अग्रवाल ने गुरुवार को फोन पर जीएसटी की टीम द्वारा छापामारी किए जाने की पुष्टि भी की है। हालांकि बताया कि वे किसी कारण से रांची में हैं। वहां से लौटने के बाद अधिक जानकारी देंगें।

## मां मथुराशिनी की कृपा से शिक्षित एवं सबल है माहुरी वैश्य समाज: विधायक



**चास (आजाद सिपाही)।** शिव शक्ति नगर स्थित अटल क्लिनिक में गुरुवार को माहुरी वैश्य समाज की महिला मोर्चा की बैठक हुई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो विधायक श्वेता सिंह भी शामिल हुईं। जिनका महिला सदस्यों ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। इस असर पर विधायक ने सबसे पहले मां मथुरासिनी को नमन किया। इसके बाद कहा कि यह समाज मां मथुराशिनी की कृपा से शिक्षित और सबल है। वर्तमान समय में इस समाज के लोग अच्छे स्थानों पर झारखंड का नाम रौशन कर रहे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज की अगर कोई भी समस्या है तो उन्हें अवगत करवाया जाए, ताकि जल्द से जल्द उसका निष्पादन किया जा सके। इस अवसर पर अध्यक्ष सुदामा प्रसाद, पूर्व अध्यक्ष अवधेश प्रसाद, सचिव शशिभूषण महिला मोर्चा अध्यक्ष सोनी सेठ, डॉ केपल्लव, रचना, अनामिका, अल्का, पुरषोत्तम, पिंटू, प्रीति, बबिता, सरिता, नीलम और रेनू आदि उपस्थित थीं।

## केंद्रीय गृह मंत्री के बयान के खिलाफ हाड़ी समाज का प्रदर्शन, पुतला फूंका

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बाबा साहेब डॉ भीम राव अंबेडकर पर कथित रूप से गृह मंत्री अमित शाह द्वारा किये गये विवादित टिप्पणी के खिलाफ गुरुवार को हाड़ी समाज ने संयुक्त रूप से रणधीर वर्मा चौक पर प्रदर्शन करते हुए पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बाबा साहेब पर टिप्पणी कर गृहमंत्री ने ओछी मानसिकता का परिचय दिया हैं। भारतीय संविधान के रचयिता पर ऐसा बयान अशोभनीय हैं। पार्टी इसकी निंदा करती हैं। वक्ताओं ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अविलंब पद से हटाया जाये। इस मौके पर राजू प्रसाद हाड़ी, अजय हाड़ी, कार्तिक प्रसाद हाड़ी, मनोज हाड़ी, कार्तिक हाड़ी, मनु हाड़ी, भोला हाड़ी, संजय हाड़ी, प्रकाश हाड़ी, दिनेश हाड़ी, मनोज हाड़ी, राम प्रसाद, पाजी हाड़ी, विकाश हाड़ी और सिद्धार्थ उपस्थित थे।

## विश्व ध्यान दिवस पर श्रीश्री रवि शंकर करेंगे संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** संयुक्त राष्ट्र महासभा की ओर से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया गया है। इसे लेकर भारत के स्थायी मिशन की ओर से शुक्रवार को न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में विश्व ध्यान दिवस का आयोजन किया जाएगा, जिसमें गुरुदेव श्रीश्री रवि शंकर मुख्य वक्ता होंगें। गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संस्था के झारखंड मीडिया प्रभारी अजय मुखर्जी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक अवसर वैश्विक शांति और सामंजस्य के लिए ध्यान विषय पर आयोजित किया जाएगा जो पहले विश्व ध्यान दिवस के रूप में मान्यता प्राप्त करेगा। इस विषय पर गुरुदेव ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र द्वारा ध्यान की स्वीकृति एक महत्त्वपूर्ण कदम है। ध्यान आत्मा को पोषित करता है, मन को शांत और आधुनिक चुनौतियों का समाधान प्रदान करता है।

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे : बुद्ध नारायण यादव



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर कथित रूप से बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान करने के प्रतिवाद में गुरुवार को सेक्टर-4 स्थित सिटी सेंटर में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के जिला अध्यक्ष बुद्ध नारायण यादव की अगुवाई में विरोध प्रदर्शन किया गया। बुद्ध नारायण यादव ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री ने ना केवल संविधान का अपमान है, बल्कि करोड़ों दलितों-पिछड़ों अल्पसंख्यकों और समाज के सभी वर्गों की महिलाओं का अपमान किया है। जिन्हें बाबा साहब ने संविधान के माध्यम से समानता और सम्मानपूर्वक जीने और समाज में बराबरी का न्याय दिलाया है। प्रदेश महासचिव घनश्याम चौधरी ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर गरीबों-दलितों-पिछड़ों के भगवान हैं। अगर बाबा साहब नहीं होते तो यह आरएसएस और भाजपा वाले संविधान की जगह मनुस्मृति को ही संविधान बनाकर देश में दमनकारी शासन कर रहे होते। युवा राजद प्रदेश महासचिव जितेंद्र नारायण यादव ने कहा कि अगर मोदी जी में नैतिकता बची है तो अमित शाह को बर्खास्त करें और देश की जनता से माफी मांगे। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री का पुतला भी दहन किया है। मौके पर पार्टी के वरीय जिला उपाध्यक्ष सीताराम यादव, रमाकांत शाह, मनोज यादव, प्रदीप यादव, कृष्ण यादव और भारती आदि मौजूद थे।

# अवैध हथियार रखने के दोषी को 7 साल सश्रम कारावास की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता

**तेनुघाट।** तेनुघाट व्यवहार न्यायालय के जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी ने अवैध हथियार रखने के मामले में दोष सिद्ध होने पर मनसा मांझी और लालधन मांझी को सात साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। बतातें चलें कि तत्कालीन पेटरवार थाना प्रभारी पंकज कुमार ने बयान दर्ज कराया था कि 28 नवंबर 2016 को बोकारो अपर पुलिस अधीक्षक अभियान संजय कुमार के नेतृत्व में माओवादियों के विरुद्ध विशेष अभियान टीम का गठन किया गया था। अभियान के दौरान चरगी के समीप पहुंचने पर दो संदिग्ध लोगों को वहां से तेजी से भागते देखा। उन्हें आवाज देकर रुकने को कहने पर वे दौड़कर भागने लगे। संदेह होने पर सशस्त्र बलों की मदद से पीछा कर दोनों को पकड़ लिया गया। पूछने पर उन लोगों ने अपना नाम मनसा मांझी और लालधन मांझी बताया जो महुवाटांड़ थाना क्षेत्र के पुतकाडीह के रहने वाले हैं. दोनों ने बताया कि सोहराय के दिन दिलीप बिल्डकॉन कंपनी के लेबर को लेवी के लिए चिट्ठी दिए थे। पर ठेकेदार ने लेवी की रकम देने के लिए कोई पहल नहीं की। जिसके बाद वे लोग गोलीबारी करने के उद्देश्य से वहां पहुंचे थे। तलाशी के क्रम में मनसा मांझी के कमर से एक रिवाल्वर और दो चिंदा कारतूस भी मिला था। जिसके कागजात मांगने पर वे दिखा नहीं सका। वहीं, लालधन मांझी की तलाशी लेने पर उसके पास से भी कारतूस पाया गया था। आरोप पत्र समर्पित होने के बाद मामला स्थानांतरण होकर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी के न्यायालय में आया। जहां न्यायालय में उपलब्ध गवाह एवं दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद न्यायाधीश ने मनसा मांझी और लालधन मांझी को सिद्ध दोषी पाये जाने पर सात वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई। वहीं, अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक विजय कुमार साहू ने बहस की।

## खनन टास्क फोर्स पर जानलेवा हमला, चार के खिलाफ एफआइआर दर्ज

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले में खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई जारी रखते हुए जिला खनन पदाधिकारी रितेश राज तिग्गा के निर्देश पर गुरुवार की सुबह 10 बजे लगभग खान निरीक्षक विजय करमाली, सुमित प्रसाद एवं आवंटित पुलिस बल ने छापामारी की। इस क्रम में टीम ने बालाजी पेट्रोल पंप के पास बलियापुर रोड पर बिना परिवहन चालान के बालू लदे दो ट्रैक्टर को पकड़ा गया। जब तक आगे की कार्रवाई होती, उससे पहले ही अचानक 8-10 लोग धारदार हथियार, लाठी, डंडा, बेलचा, पत्थर आदि लेकर खनन टास्क फोर्स की टीम पर जानलेवा हमला कर दिया और जबरन बिना परिवहन चालान के बालू लदे दोनों वाहनों को वहां से ले भागे। इसके बाद सरायढेला थाना में कोल कुसमा निवासी राजेंद्र सिंह, ग्राम मोराईडीह, थाना निरसा के रहने वाले असीम मंडल उर्फ चीकू मंडल, राकेश मंडल उर्फ प्रकाश मंडल और गोविंदपुर के रहने वाले राहुल सिंह सहित अन्य अज्ञात लोगों के विरुद्ध खनन टास्क फोर्स की टीम पर जानलेवा हमला करने को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है। इससे पहले टीम ने सुबह डीजीएमएस के सामने हटिया मोड़ के पास चार वाहनों को बिना चालान के बालू का परिवहन करते पकड़ा और धनबाद थाने को सौंप दिया है।

# बीपीएल कोटे में हुई धांधली एवं भ्रष्टाचार में जांच से डर रहे डीएसइः तारकेश्वर तिवारी

## डीसी से मिला आश्वासन : जल्द ही कमेटी बनाकर की जायेगी जांच



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** बीपीएल कोटे में हुई धांधली और भ्रष्टाचार की जांच से डीएसई डर रहे हैं। वे निष्पक्ष जांच नहीं करना चाह रहे हैं। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री तारकेश्वर तिवारी ने कही। उन्होंने बताया कि बीपीएल कोटे में हुई धांधली एवं भ्रष्टाचार की जांच की मांग को लेकर विगत दिनों उन्होंने भूख हड़ताल किया था। तब डिप्टी कमिश्नर रविंद्र ठाकुर ने आश्वासन दिया था कि एक सप्ताह के भीतर जांच शुरू की जाएगी, जिसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल समाप्त कर दिया था। लेकिन उक्त अवधि बीत जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो वे डीसी माधवी मिश्रा से मिले और पूरी बातों से अवगत कराया। तब डीसी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही एक कमेटी बनाकर इसकी निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। तब लेकर अब तक बीपीएल परिवार निष्पक्ष जांच की आस लगाये बैठे हैं। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि डीएसई साहब निष्पक्ष जांच नहीं करना चाहते हैं। क्योंकि अगर जांच हुई तो सभी भेद खुल जायेंगें। वहीं, डीएसई आयुष कुमार ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया में जो भी खामियां पाई गई हैं, वह दूरी को लेकर है। इसमें अंचल की ओर से जो प्रमाण पत्र बनाया गया है, वहीं गलतियां हुई है। अभी भी कई आवेदन आ रहे हैं। फिर एक बार नामांकन का समय समाप्त हो गया है। अब अगले सत्र में देखा जाएगा। दूसरी ओर, सूरज कुमार गोप एवं अनिल कुमार सिन्हा ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल में चयन हो जाने के बावजूद नामांकन नहीं लिया जा रहा है। वहीं, अमित मंडल ने आरोप लगाया कि सर्वमंगला स्कूल में सीट खाली होने के बावजूद नामांकन नहीं लिया जा रहा है, जबकि 12 किलोमीटर दूर रहने वालों का सिलेक्शन कर दिया गया है। अमित कुमार ने कहा कि वे अमाघाटा मोनफोर्ट स्कूल से 150 मीटर की दूरी पर रहते हैं। उनके पास सभी सही कागजात है। बावजूद इसके नामांकन नहीं लिया गया, जबकि तीन से चार किलोमीटर दूर रहने वाले का नामांकन हो गया। तपन कुमार बाउरी ने कहा कि वो एससी कोटे से आते हैं। विद्यालय से घर की दूरी दूरी 1.7 किलोमीटर है, जबकि तीन किलोमीटर से अधिक दूरी वाले का नामांकन दिल्ली पब्लिक स्कूल में कर दिया गया है। निर्मला पब्लिक स्कूल में कई बच्चे ऐसे हैं जिनका नामांकन पहले रद्द कर दिया गया था। फिर बाद में उन्हें बिना कोई नोटिस निकले नामांकन प्रक्रिया में शामिल कर लिया गया। निर्मल नंदी डीएवी मॉडल स्कूल सीएफआरआइ एक किलोमीटर के अंदर दूरी रहने के बावजूद भी नामांकन नहीं हुआ। जबकि तीन किलोमीटर से अधिक दूरी वाले का नामांकन हो गया।


**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**O/o General Manager -cum -Chief Engineer, Ranchi Electric Supply Area**
**Kusai Colony, Doranda, Ranchi- 834002**
Phone No. 0651-2490550 Fax No. 0651-2490670 E mail ID :- gm_rncjseb@yahoo.in

## e-Tender Notice

Online tenders are invited from manufacturers/ authorized dealers/ supplier firms authorized by principal manufacturer for supply of under mentioned O&M Head materials

| Sl No | NIT | Name of material | Unit | Quantity | Estimated Cost (in Rs.) | EMD Amount (in Rs.) | Cost of BOQ including GST (Non-refundable) (in Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 240/PR/JBV NL/24-25 | Rubber mat along length of pannel | Nos. | 87 | 1,449,972.00 | 29,000.00 | 2,950.00 |
| 2 | | 30 V 80 AH Battery Charging unit complete with battery and stand | Set | 15 | | | |
| 1 | 241/PR/JBV NL/24-25 | Polycarbonate seal bit | Nos. | 43080 | 256598.00 | 5,200.00 | 885.00 |
| 2 | | Sticker seal with Hologram | Nos. | 2,800 | | | |
| 1 | 242/PR/JBV NL/24-25 | Male female contact of 33 KV AB Switch 600-630 Amp | Set | 272 | 1079842.00 | 21,600.00 | 2950.00 |
| 2 | | Male female contact of 11 KV AB Switch 600 Amp | Set | 306 | | | |
| 3 | | Male female contact of 11 KV AB Switch 400 Amp | Set | 360 | | | |
| 1 | 243/PR/JBV NL/24-25 | 2.5 mm2 copper 2 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 600 | 615865.00 | 12,400.00 | 1475.00 |
| 2 | | 2.5 mm2 copper 4 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 530 | | | |
| 3 | | 2.5 mm2 copper 6 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 532 | | | |
| 4 | | 2.5 mm2 copper 10 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 500 | | | |
| 5 | | 2.5 mm2 copper 12 core control cable (Armoured) | Mtrs. | 445 | | | |
| 1 | 244/PR/JBV NL/24-25 | 33 KV Post Insulator 10 KN (Polymer) | Set | 152 | 2086629.00 | 41800.00 | 5900.00 |
| 2 | | 33 KV H.G. fuse set | set | 25 | | | |
| 3 | | 11 KV H.G. fuse set | Set | 318 | | | |
| 4 | | 33 kV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 90 KN with H/W fitting | set | 100 | | | |
| 5 | | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 70 KN with H/W fitting | Set | 370 | | | |
| 6 | | 11 KV B&S type Disc Insulator (Polymer Type) 45 KN with H/W fitting | set | 70 | | | |
| 7 | | 33 KV Polymer Pin Insulators 10 KN with GI PIN and nut & washer | Nos. | 40 | | | |
| 8 | | 11 KV Pin Insulator 5 KN with GI Pin (Polymer Type) and nut & washer | Nos. | 2,300 | | | |
| 9 | | LT Pin insulator with Pin (Porcelain type) | Set | 1,520 | | | |
| 10 | | LT shackle insulator with strap (Porcelain type) | Set | 680 | | | |
| 1 | 245/PR/JBV NL/24-25 | Aluminium pipe 40 mm dia | Mtrs. | 182 | 1,328,293.00 | 26600.00 | 2950.00 |
| 2 | | Connector Pipe to Panther | Nos. | 348 | | | |
| 3 | | Connector Panther to Panther | Nos. | 410 | | | |
| 4 | | Connector Panther to AB Switch | Nos. | 444 | | | |
| 5 | | Connector Pipe to AB Switch | Nos. | 610 | | | |
| 6 | | Connector Dog to AB Switch | Nos. | 754 | | | |
| 7 | | Aluminium binding wire | KG | 626 | | | |
| 8 | | Jointing sleeves (Alumnium) suitable for 150-232 sq.mm | Nos. | 126 | | | |
| 9 | | P G clamp for 232/150 sq mm conductor | Nos. | 300 | | | |
| 10 | | P G clamp for 80/100mm2 | Nos. | 852 | | | |
| 1 | 246/PR/JBV NL/24-25 | 33 KV Straight through Jointing kit 400 mm2 | Set | 66 | 5,857,874.00 | 1,17,200.00 | 11800.00 |
| 2 | | 33 KV Straight through Jointing kit 300 mm2 | Set | 8 | | | |
| 3 | | 11 KV Straight through Jointing kit 240 mm2 | Set | 108 | | | |
| 4 | | Termination Kit for 400 mm2 (33 kV) | Set | 200 | | | |
| 5 | | 33 KV 3-core heat shrinkable Out door type Cable termination kit for 300 mm2 | Set | 33 | | | |
| 6 | | 11 KV 3-core heat shrinkable Indoor Cable Jointing/termination kit 300 mm2 | Set | 276 | | | |
| 7 | | 11 KV AB cable 240 mm2 straight jointing kit | set | 138 | | | |
| 8 | | 11 KV AB cable 240 mm2 End jointing kit/Termination kit | Set | 109 | | | |
| 9 | | Jointing kit straight through HT AB cable 95 mm2 | set | 37 | | | |
| 10 | | 11 kv 3 core XLPE heat shrinkable straight through jointing kit for 400 sqmm | Nos. | 12 | | | |
| 11 | | HT AB cable 95 mm2 End jointing kit | set | 38 | | | |
| 1 | 247/PR/JBV NL/24-25 | Earthing complete Conventional type having intermittent layer of charcoal and salt | Set. | 68 | 6,805,576.00 | 136200.00 | 11800.00 |
| 2 | | Earthing (Chemical) with GI earthing pipe 40 mm 3.1 mtrs. Long (Bentonite as intermittent layers) | Set | 608 | | | |
| 3 | | GI Base Plate for 33KV | Nos. | 84 | | | |
| 4 | | Stone Base plate for 11 KV, DSS, LT | Nos. | 612 | | | |
| 5 | | GI stay set complete for D/s/s (1900x 20mm) with staywire 7/10 SWG and Guy insulator | Set | 212 | | | |
| 6 | | Anticlimbing Device(Barbed wire) 2x12 SWG | KG | 700 | | | |
| 7 | | Danger Board 33 kV/ 11 kV/ LT | Nos. | 920 | | | |
| 8 | | Earth clamp for earthwire (50 x 6 mm)[GALVANIZED] (1.8 Kgs.) | Pair | 520 | | | |
| 9 | | GI Wire No. 6/8/10 | Kg. | 726 | | | |
| 10 | | 11 KV Stay Set Complete (1800x16 mm) with stay wire 7/10 SWG and guy insulator | Set | 400 | | | |
| 11 | | Earthing (Chemical) with GI earthing pipe 20 mm 2.5 mtrs. Long | Set | 60 | | | |
| 12 | | GI stay set complete for D/s/s (1900x 16mm) with staywire 7/12 SWG and Guy insulator | Set | 720 | | | |
| 13 | | GI service pipe 40 mm diameter 3 mtr length | Set | 1,050 | | | |
| 14 | | Galvanised Nuts & Bolts(Assorted size) | Kg | 1,336 | | | |
| 15 | | LT Stay set complete (1700x16 mm) with stay wire 7/12 SWG | Set | 362 | | | |
| 16 | | Angle/side Stay Clamp ( 50x6 mm) for 8 mtr 200kg PSC Pole[GALVANIZED] | Pair | 226 | | | |
| 17 | | GI Stay Wire 7/16 | Kg | 1020 | | | |
| 1 | 248/PR/JBV NL/24-25 | Suitable Lugs | Nos. | 1,092 | 1,946,832.00 | 39000.00 | 5900.00 |
| 2 | | Suspension Clamp Assembly Suitable Upto 70-95 Sqmm bare messenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket, 2 Mtr Stainless Steel Strap & 2 Nos. SS buckles) | set | 680 | | | |
| 3 | | Dead End Clamp Suitable above 70 Sqmm bare messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 2 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) [Minimum breaking load-15 KN] | Set | 450 | | | |
| 4 | | LT AB Cable accessory, 1.1Mtr. Stainless steel strap IF207(20x0.7) | Mtrs. | 338 | | | |
| 5 | | Buckle for strap | Nos. | 1,128 | | | |
| 6 | | Pre insulated mid span joint suitable 95 mm2 Phases | Nos. | 139 | | | |
| 7 | | Insulation Piercing Connector for DB charging | Nos. | 1,956 | | | |
| 8 | | Insulation piercing connector branching suitable for T Joints | Nos. | 1,051 | | | |
| 9 | | Spring loaded distribution Bus Bar insulated Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable and three phase connection 1 incoming and out going 3 phase connection as per field requirement | set | 312 | | | |
| 10 | | LT phase seperator | Nos. | 1,820 | | | |
| 11 | | T/C Fuse wire 12/ 14/ 16/ 18/ 22/ 28/ 32 SWG | Kg | 256 | | | |
| 12 | | Service main anchor clamp for proper support of service cable(4mm2 and 10 mm2) | Nos. | 137 | | | |
| 13 | | LT pre insulated mid span joint suitable 50 sqmm | Nos. | 100 | | | |
| 14 | | LT pre insulated mid span joint suitable 95 sqmm | Nos. | 92 | | | |
| 15 | | Suspension Clamp Suitable for 95 -150 Sq. mm. BareMessenger (Including 1 No. Suspension Clamp with Bracket + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Set | 240 | | | |
| 16 | | Dead End Clamp Suitable for 95 -150 Sq. mm. Bare Messenger (Including 1 No. Dead End Bracket + 1 No. Dead End + 1.5 Mtr SS Strap + 2 Nos. SS buckle) | Set | 132 | | | |

All online tenders should be submitted online on www.jharkhandtenders.gov.in

**IMPORTANT SCHEDULE OF DATES**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | Availability of tender document on website | :- | **From:- 21.12.2024 to 10.01.2025 up to 14.00 Hrs.** |
| 2 | Last date and time for submitting e-tender | :- | **From:- 21.12.2024 to10.01.2025 up to 14.00 Hrs.** |
| 3 | Last date and time of receipt of bid documents (Online) | :- | **10.01.2025 up to 14:00 Hrs.** |
| 4 | Date and time of opening of tender (Techno-Commercial Cover) i.e Cover-I | :- | **11.01.2025 at 15.00 Hrs.** |

1. Guidelines for online submission of bids can be downloaded from the website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Interested bidders can download the bid from the website http://jharkhandtenders.gov.in.
3. Bidder have to submitted their bids online in electronic format with digital Signature. Bids without digital signature will not be accepted. No proposal (bid) will be accepted in physical form.
   1. Tender Notice is also available on our website : www.juvnl.in
   2. For any clarification please contact :**0651-2490550 /9431135609 .**

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
**General Manager cum Chief Engineer**
**Electric Supply Area, Ranchi**

PR 342366 (Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd) 24-25 (D)

# 'उत्कर्ष ओड़िशा 2025' के लिए तैयारी कार्यक्रम का आयोजन, भारी संख्या में छात्र हुए शामिल





आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्टार्टअप ओडिशा द्वारा आयोजित उत्कर्ष ओडिशा 2025 के लिए तैयारी कार्यक्रम शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के अटल इनक्यूबेशन सेंटर (एआईसी-एसओए फाउंडेशन) में आयोजित किया गया। उद्योग जगत के नेता, नीति निमार्ता, शिक्षाविद और एसओए के विभिन्न संस्थानों के छात्र इस कार्यक्रम में शामिल हुए, जो उत्कर्ष ओडिशा 2025 जागरूकता कार्यक्रम का हिस्सा था, जिसका उद्देश्य ओडिशा में स्टार्टअप के लिए नवाचार, उद्यमशीलता की भावना और जमीनी स्तर पर पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देना था। एसओए के कुलपति प्रो. प्रदीप्त कुमार नंदा ने प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए युवा नवप्रवर्तकों को सशक्त बनाने और क्षेत्र के स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने के लिए विश्वविद्यालय की पहलों का व्यापक अवलोकन प्रदान किया। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग में संयुक्त सचिव और स्टार्टअप ओडिशा के सीएओ श्री कमलजीत दास ने राज्य भर में समावेशी और मजबूत उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के लिए दृष्टिकोण को रेखांकित किया। स्टार्टअप ओडिशा के नॉलेज पार्टनर सौम्या रंजन पांडा ने स्टार्टअप का समर्थन करने वाले संगठन के कार्यक्रमों और पहलों पर विस्तार से बताया। इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंस की मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ निबेदिता जेना ने ओडिशा के उद्योगों को आकार देने में शैक्षणिक संस्थानों की भूमिका पर जोर दिया, जिसमें शुरूआती चरण के स्टार्टअप के लिए उत्पाद डिजाइन पर ध्यान केंद्रित किया गया। दूरसंचार विभाग के निदेशक (प्रौद्योगिकी) सुब्रत प्रुस्ती ने चर्चा की कि कैसे ओडिशा के सांस्कृतिक संदर्भ ने युवा नवप्रवर्तकों का पोषण किया। सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) द्वारा एक प्रस्तुति भी दी गयी, जिसमें 'विकसित भारत मिशन' के तहत संगठन की भूमिका पर प्रकाश डाला गया, जिसने छात्रों को उभरते अवसरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। एक साथ आयोजित दो गतिविधियों ने युवा दिमागों को आकर्षित किया। 'इनोवेशन चैलेंज' ने महत्वाकांक्षी इनोवेटर्स को सफल विचारों को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान किया, जबकि एक आकर्षक क्विज प्रतियोगिता ने स्टार्टअप इकोसिस्टम के बारे में प्रतिभागियों के ज्ञान का परीक्षण किया। रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और उद्यमशीलता कौशल को पहचानते हुए प्रत्येक ट्रैक में शीर्ष तीन प्रतिभागियों को पुरस्कार दिये गये। एआईसी-एसओए फाउंडेशन के निदेशक प्रो मानस कुमार मलिक ने पुरस्कार प्रदान किये।

# छात्रों को शिक्षा के साथ नैतिकता भी बनाये रखना चाहिए : एडुआर्ड हेगर

## केआइआइटी में नॉलेज ट्री लेक्चर

आजाद सिपाही संवाददता






**भुवनेश्वर।** स्लोवाकिया के पूर्व प्रधानमंत्री एडुआर्ड हेग ने आज केआईआईटी नॉलेज ट्री लेक्चर में भाषण दिया, जिसमें उन्होंने केआईआईटी के छात्रों को शिक्षा, नैतिकता और समाज के प्रति प्रतिबद्ध रहने की सलाह दी। उन्होंने कहा, 'शिक्षा आज बहुत महत्वपूर्ण है।' शिक्षा शांति ला सकती है, शिक्षा देश को बदल सकती है और शिक्षा जीवन में समृद्धि लाती है। छात्रों को न केवल यह सोचना चाहिए कि शिक्षा प्राप्त करके खुद को कैसे स्थापित किया जाए, बल्कि अपने ज्ञान और कौशल का निवेश अपने पर्यावरण, समाज, राज्य और देश में शांति, सद्भाव और भाईचारा बनाए रखने में भी करना चाहिए। जीवन में शांति केवल प्रसिद्धि और धन से प्राप्त नहीं की जा सकती। सच्ची शांति समाज को वापस देने में मिलती है। उन्होंने कहा कि केआईआईटी और किस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत प्रतिबद्धता और समाज को वापस देने का एक बेहतरीन उदाहरण हैं।

उन्होंने कहा कि अच्छे चरित्र वाला व्यक्ति एक अच्छा नेता हो सकता है। उन्होंने कहा कि नैतिकता और मूल्यों वाले नेता दूसरों के लिए आदर्श बन सकते हैं। छात्रों को सलाह देते हुए उन्होंने कहा, 'आपको हमेशा दूसरों के प्रति विनम्र और दयालु होना चाहिए।'

डॉ. सामंत का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि जिनके पास साहस और समर्पण है, वे समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। डॉ. अच्युत सामंत ने स्वागत भाषण दिया, जबकि KIIT डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर शरणजीत सिंह ने धन्यवाद प्रस्ताव रखा। गुरुवार की सुबह, एडुआर्ड ने KIIT और KISS का दौरा किया और KISS के छात्रों के साथ लंबा समय बिताया। उन्होंने KISS का दौरा करते हुए डॉ. सामंत के काम की बहुत सराहना की।

# इस्पात उद्योग के लिए ईसीओआर ने कार्यशाला का आयोजन किया

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** इस्पात उद्योग की दक्षता और संचालन में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) ने इस्पात क्षेत्र की उभरती आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए गुरुवार को एक व्यापक कार्यशाला का आयोजन किया। ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक की अध्यक्षता में, इस कार्यक्रम में प्रमुख इस्पात निमार्ताओं के प्रतिनिधियों, रसद विशेषज्ञों और रेलवे बोर्ड और अनुसंधान डिजाइन और मानक संगठन (आरडीएसओ) के प्रतिनिधियों सहित प्रमुख हितधारकों को एक साथ लाया गया। कार्यशाला का उद्देश्य परिवहन रसद से संबंधित चुनौतियों का समाधान करने, परिचालन दक्षता में सुधार करने और इस्पात खेपों की आवाजाही में समग्र सुरक्षा बढ़ाने के लिए इस्पात उद्योग और रेलवे के बीच घनिष्ठ सहयोग को बढ़ावा देना था।

### कार्यशाला के मुख्य विषय

**नवीन वैगन डिजाइन:** चर्चा के प्राथमिक विषयों में से एक था थ्रूपुट में सुधार, लागत-दक्षता में वृद्धि, तथा विभिन्न प्रकार के स्टील उत्पादों को संभालने के लिए वैगनों को अधिक बहुमुखी बनाने के लिए नए वैगन डिजाइनों की खोज।

**पारगमन के दौरान स्टील की सुरक्षा:** स्टील के सुरक्षित और सुरक्षित परिवहन की बढ़ती मांग के साथ, कार्यशाला ने सुरक्षा उपायों को बढ़ाने और पारगमन के दौरान क्षति या हानि को कम करने की रणनीतियों पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेप अपने गंतव्य तक सुरक्षित रूप से पहुंचे।

**उद्योग प्रतिक्रिया और खुला मंच:** टाटा स्टील लिमिटेड, जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड, एनएमडीसी स्टील लिमिटेड, जिंदल स्टील एंड पावर लिमिटेड, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड, भूषण पावर एंड स्टील लिमिटेड और टीएम इंटरनेशनल लॉजिस्टिक्स सहित स्टील निमार्ताओं ने एक खुले मंच में सक्रिय रूप से भाग लिया, जहां उन्होंने परिचालन चुनौतियों को साझा किया और रेल संपर्क और सेवाओं में सुधार के लिए बहुमूल्य सुझाव दिए।

ईस्ट कोस्ट रेलवे के महाप्रबंधक ने स्टील की बढ़ती मांग को पूरा करने और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए रेलवे और स्टील क्षेत्र के बीच मजबूत साझेदारी के महत्व पर जोर दिया। बैठक में ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा ईकोआर क्षेत्राधिकार के भीतर लोडिंग, अनलोडिंग और वैगन टर्नअराउंड समय जैसी प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, सुचारू संचालन सुनिश्चित करने और देरी को कम करने की प्रतिबद्धता पर भी प्रकाश डाला गया।

कार्यशाला ने ईस्ट कोस्ट रेलवे द्वारा रेलवे और इस्पात दोनों क्षेत्रों को लाभान्वित करने वाले सहयोगी और पारदर्शी वातावरण बनाने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण कदम को चिह्नित किया। अभिनव समाधानों और निरंतर संवाद के माध्यम से इस्पात उद्योग की आवश्यकताओं को संबोधित कर-के, ईस्ट कोस्ट रेलवे क्षेत्र में भविष्य के विकास और सफलता के लिए मंच तैयार कर रहा है।

ईस्ट कोस्ट रेलवे भारत के 17 रेलवे जोन में से एक है, जो पूर्वी क्षेत्र में ट्रेनों के संचालन और माल परिवहन के लिए जिम्मेदार है। ECoR परिवहन सेवाओं में सुधार, सुरक्षा बढ़ाने और माल की कुशल और समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर स्टील जैसे क्षेत्रों के लिए, जो क्षेत्र की अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## विजिलेंस ट्रैप मामले में कोडिंगा के तहसीलदार सुब्रत बेहरा दोषी करार

**नवरंगपुर (आजाद सिपाही)।** सुबरनपुर जिले के तरवा के पूर्व तहसीलदार-सह-सब-रजिस्ट्रार तथा वर्तमान में नवरंगपुर जिले के कोडिंगा के तहसीलदार सुब्रत कुमार बेहरा को दोषी करार देते हुए 30,000 रुपये का जुर्माना और तीन वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनायी गयी है।












# इस्ट कोस्ट रेलवे ने विशेष परियोजना के रूप में 170 रोड ओवर ब्रिज निर्माण को मंजूरी दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सुरक्षा में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) के महाप्रबंधक ने रेलवे (संशोधन) अधिनियम, 2008 के प्रावधानों के तहत 170 रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) निर्माण परियोजनाओं को विशेष रेलवे परियोजनाओं के रूप में घोषित करने को मंजूरी दे दी है।

यह ऐतिहासिक निर्णय इन महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के निष्पादन में तेजी लाने के लिए निर्धारित है, जो भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने और तेजी से अनुमोदन को सक्षम करने में मदद करेगा। इन परियोजनाओं को विशेष रेलवे परियोजनाओं के रूप में नामित करके, ईसीओआर का उद्देश्य राज्य प्राधिकरणों के साथ सुचारू समन्वय की सुविधा प्रदान करना, समय पर पूरा होना सुनिश्चित करना और समग्र परिचालन दक्षता को बढ़ाना है।

170 परियोजनाओं में से 110 ओड़िशा में स्थित होंगी, जबकि 60 आंध्र प्रदेश में होंगी। ये आरओबी न केवल रेल बुनियादी ढांचे में सुधार करेंगे, बल्कि सड़क और रेल उपयोगकर्ताओं दोनों की सुरक्षा और सुविधा को भी महत्वपूर्ण रूप से बढ़ायेंगे। मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग को समाप्त करने से दुर्घटनाओं का जोखिम कम होगा, यातायात प्रवाह को सुचारू बनाने में मदद मिलेगी और ट्रेन संचालन की बेहतर गतिशीलता संभव होगी।

इन परियोजनाओं से लेवल क्रॉसिंग गेटों पर यातायात की भीड़भाड़ को कम करने और पूरे क्षेत्र में निर्बाध कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने की भी उम्मीद है। सार्वजनिक सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के विकास पर ध्यान केंद्रित करके, 170 आरओबी परियोजनाएं सार्वजनिक कल्याण को बढ़ाते हुए परिवहन प्रणालियों के विस्तार और आधुनिकीकरण के राष्ट्रीय लक्ष्यों के साथ संरेखित हैं। ईस्ट कोस्ट रेलवे क्षेत्रीय विकास में योगदान देने वाली पहलों को पूरा करने के लिए समर्पित है और सड़क और रेल उपयोगकर्ताओं दोनों की बढ़ती बुनियादी ढांचे की जरूरतों को पूरा करती है। ईस्ट कोस्ट रेलवे (ईसीओआर) हमेशा परिवहन बुनियादी ढांचे को बढ़ाने, सुरक्षित और कुशल रेल सेवाएं सुनिश्चित करने और पूर्वी क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध है।









# सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**संबलपुर।** खोरधा रोड मंडल ने कल्याण मंडप, ट्रैफिक कॉलोनी में नृत्य के लिए अंतर मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में तीनों रेलवे मंडलों यानी विशाखापत्तनम, संबलपुर, खोरधा रोड तथा जोनल मुख्यालय की सांस्कृतिक नृत्य टीमों ने भाग लिया। इस अवसर पर खोरधा रोड रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा और पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड रोड की अध्यक्षा श्रीमती गुरसिमरन कौर ने भाग लिया। इस अवसर पर पीके बेहेरा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन), शुभ्र ज्योति मंडल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) और अन्य शाखा अधिकारी उपस्थित थे। रेलवे कर्मचारियों तथा उनके आश्रितों से बनी चार सांस्कृतिक टीमों के बीच शास्त्रीय एकल नृत्य और समूह नृत्य की प्रतियोगिताएं आयोजित की गयी। खोरधा रोड के मंडल रेल प्रबंधक एचएस बाजवा ने विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार वितरित किए और सभी प्रतिभागियों को सांस्कृतिक गतिविधियां जारी रखने की सलाह दी। अंतर-मंडल सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के विजेता निकट भविष्य में आयोजित होने वाली अंतर-रेलवे सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में पूर्व तट रेलवे का प्रतिनिधित्व करेंगे।

खोरधा रोड मंडल के वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी आरएनए परिडा ने कार्यक्रम का संचालन किया।






आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**